फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 72 संख्या: 333 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 8 जुलाई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



Conspiracies A galore At Mughal Court

Akbar called Man Singh, Abul Rahim and Aziz Koka, and ordered them to allow Salim officialy into the Agra Fort.

Tylenol In Wastewater

A Prophet That Wasn't

At that moment, God was relaxing blissfully on Cloud Nine.



दक्षिण पश्चिम चीन में पुरातत्वविदों को 3000 साल पुरानी 13000 वस्तुएं मिली हैं, जिनमें कछुए के आवरण के आकार का बक्सा और एक बलिवेदी भी है। अधिकांश वस्तुएं स्वर्ण, कांस्य ओर जेड से बनी हैं। सभी वस्तुएं सैनसिनहुई पुरास्थल के पास बलि देने वाले गड्ढों से मिली हैं। इतिहासकार सैनसिनहुई संस्कृति के बारे में तुलनात्मक रूप से बहुत कम जानते हैं क्योंकि इसके ना तो कोई लिखित रिकॉर्ड हैं ना ही वंशज, हालांकि अधिकांश का मत है कि यह संस्कृति प्राचीन शू साम्राज्य का हिस्सा थी। उम्मीद की जा रही है कि नई खोज से इस साम्राज्य के बारे में कुछ जानकारी मिलेगी, जिसने पश्चिमी सिचुआन बेसिन पर राज किया था। यह क्षेत्र यांक्ट्सी नदी की ऊपरी धारा के समीप है। सन् 316 ईसा पूर्व में स्टेट ऑफ चिन ने इस पर कब्जा कर लिया था। सिचुआन प्रॉविंशिअल कल्चरल रैलिक्स और आर्किओलॉजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, पीकिंग युनिवर्सिटी, शिचुआन युनिवर्सिटी और अन्य रिसर्च संस्थानों के पुरातत्वविदों की एक संयुक्त टीम 2020 से ही यहाँ पर 6 गड्ढों की जांच कर रही है। नवीनतम उत्खनन में पुरातत्व विशेषज्ञों को 3,155 ऐसी वस्तुएं मिली हैं जो किसी हद तक मूल स्वरुप में हैं। इनमें 2000 कांसे के बर्तन और मूर्तियां हैं। एक गड्ढे में 3 फीट ऊंची वेदी भी मिली है। माना जाता है कि शू सभ्यता के लोग वेदी पर स्वर्ग, पृथ्वी तथा अपने पूर्वजों को भोग प्रसाद अर्पित करते थे। गड्ढों के पास से बांस, सोयाबीन, सरकंडे, मवेशी, जंगली सुअर आदि के अवशेष मिले हैं, संभवतया यह समस्त सामग्री पूजा में अर्पित की जाती थी। सैनसिनहुई कल्चरल रैलिक्स एवं आर्किऑलजी रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक रान होंगलिन ने बताया कि इस स्थान पर मिली विविध प्रकार की सामग्री चीन की प्राचीन सभ्यताओं में सांस्कृतिक आदान- प्रदान दर्शाती हैं। उन्होंने कहा, इंसान के सिर और सांप के शरीर वाली मूर्तियां प्राचीन शू सभ्यता की विशेषता हैं। यहां पर मिले पूजा के काम आने वाले बर्तन, जिन्हें ''ज़ुन'' कहा जाता है, चुंगयुऐन क्षेत्र की सांस्कृतिक विशेषता हैं। सबसे पहले 1920 में अनायास ही एक किसान को 4.6 वर्ग मील के इस क्षेत्र में एक वस्तु मिली थी तब से लेकर अब तक यहां हजारों वस्तुएं मिल चुकी हैं। गत वर्ष भी कुछ कलाकृतियां मिली थीं, जिसमें 100 ग्राम वजन का गोल्डन मास्क, हाथी दांत के स्मृति चिन्ह व जेड से बना चाकू शामिल हैं।

# बोरिस जॉनसन ने इस्तीफा देने का निर्णय लिया

## भारतीय मूल के ऋषि सुनक प्र.मंत्री की दौड़ में

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जुलाई। भारतीय मूल के व्यक्ति ऋषि सुनक इंग्लैंड के अगले प्रधानमंत्री बनने के शीर्ष दावेदारों में शामिल है। ज्ञातव्य है कि पिछले दो दिनों उनकी सरकार से दिये जाने वाले इस्तीफों की बाढ़ के फलस्वरूप, वर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने अपने पद से इस्तीफा देने का निर्णय ले लिया है।

सुनक, जिनक राजकोष के चांसलर पद से इस्तीफा देने से प्रेरित होकर, बोरिस जॉनसन के खिलाफ इस्तीफों की बौछार होने लगी थीं, इंग्लैंड के अगले प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल माने जा रहे हैं। अगर वे प्रधानमंत्री बन जाते हैं, तो वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति होंगे।

- सुनक के दादा पंजाब से आकर ब्रिटेन में बसे थे। चालीस वर्षीय सुनक इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के दामाद हैं। कैलिफोर्निया में अध्ययन करते समय, वे नारायण मूर्ति की पुत्री अक्षता, जो भी कैलिफोर्निया में पढ़ रही थी, से मिले थे तथा अब दो पुत्रियों के पिता हैं।
- सुनक को बोरिस जॉनसन ने, फरवरी 2020 में अपनी कैबिनेट में वित्तमंत्री बनाया था।
- पर अब सुनक के कैबिनेट से इस्तीफे के बाद, बोरिस के मंत्रिमण्डल में भगदड़ सी मच गई तथा अन्ततोगत्वा दबाव इतना बना कि, बोरिस जॉनसन ने त्याग पत्र देने का निर्णय लिया।
- बोरिस जॉनसन ने 2019 के आम चुनाव में अपनी पार्टी, कंज़र्वेटिव पार्टी को, भारी बहुमत से विजयी बनाया था, पर, अब उनका इस्तीफा देना काफी निराशाजनक बात है, उनके लिये।
- कल तक बोरिस जॉनसन अडिग थे कि, वे अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे, उनका विश्वास था कि, वे किसी से दबने वाले नहीं, मजबूत नेता हैं। यूक्रेन के आक्रमण के बाद उन्होंने काफी सशक्त व निर्णायक भूमिका निभाई थी, यूरोप व अन्य पश्चिमी देशों को रूस के खिलाफ बांधकर रखने में।

उनके प्रशासन पर घोटालों के अनेकानेक आरोपों के बावजूद, जॉनसन अपने पद से नहीं हटने पर अड़े रहे थे, लेकिन वे उस समय विधि-विधान के आगे झुक गये, जब उनकी सरकार से परेशान दर्जनों मंत्रियों, उपमंत्रियों तथा उनके कैबिनेट के सदस्यों, जिनमें नवनियुक्त चांसलर ऑफ एक्सचैकर नदीम ज़हावी भी शामिल थे, ने उनके मुँह पर उनसे कहा कि उन्हें पद छोड़ देना चाहिये।

कल तक, ब्रिटिश प्रधानमंत्री अपनी टीम सहित अपने हठ पर अड़े हुये थे तथा कह रहे थे कि उनका इरादा रिक्त हुये पदों को भरना हैं लेकिन इस्तीफों के सिलसिले में आज सुबह दो कैबिनेट मंत्रियों के इस्तीफे और शामिल हो गये तथा इनके साथ ही कुछ उपमंत्रियों के इस्तीफे भी आ गये। जहावी ने ट्वीट किया कि यह स्थिति ''चलती रहने वाली नहीं'' है तथा इस सबसे बाध्य होकर, जॉनसन अपने बचाव की कोशिशें बंद कर दीं।

एक ऐसे प्रधानमंत्री, जिसने 2019

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाई कोर्ट ने रीट भर्ती-2021 पेपर लीक की जांच सी.बी.आई. को सौंपने से इंकार किया

## अदालत का मत था कि, स्पैशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) सुचारू रूप से जांच कर रहा है और जांच के खिलाफ शिकायत साबित नहीं हुई है

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 7 जुलाई। रीट भर्ती 2021 लैवल 2 परीक्षा मामले में अदालत ने एस.ओ.जी. के ए.डी.जी. अशोक राठौड़ से सुनवाई के दौरान पूछा कि क्या अभी तक की जांच से वह संतुष्ट हैं, तो उन्होंने कहा कि एस.ओ.जी. ने अभी तक इस मामले में पेपर लीक करने वाले मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने अदालत को कहा कि, एस.ओ.जी. ने 71 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और पेपर लीक में लाभान्वित हुए अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करती रहेगी। बहस के दौरान अदालत ने इस मामले की जांच सी.बी.आई. को सौंपने से इन्कार कर दिया।

बहस के दौरान ए.बी.वी.पी. की ओर से दायर जनहित याचिका में पैरवी कर रहे वकील आयुष मल ने कहा कि एस.ओ.जी. तो स्वयं ही राज्य सरकार के गृह विभाग के मातहत कार्य करती है, तो कैसे माना जा सकता कि वह

- याचिकाकर्ता का तर्क है कि, एस.ओ.जी. राज्य सरकार द्वारा गठित है, इसलिए उसकी निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। अदालत ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया।
- अतः न्यायालय ने यह भी कहा कि, वह एस.ओ.जी. की जांच की डे-टुडे मॉनिटरिंग नहीं करेगी, परन्तु अगर कोई नया तथ्य उजागर होता है, तो वह पुनः इस मामले को सुनेगी।
- इस मामले में रीट भर्ती-2021, लैवल-1 परीक्षा को खारिज करने से संबंधित याचिका पर अदालत 25 जुलाई को सुनवाई करेगी।

सरकार द्वारा नियुक्त अफसरों के खिलाफ निष्पक्ष जांच करेगी। उल्लेखनीय है कि ए.बी.वी.पी. की ओर से दायर याचिका में यह आरोप लगाया गया है कि इस पेपर लीक की साजिश में कई वरिष्ट अफसरों और नेताओं का हाथ है। बहस के दौरान अधिवक्ता आयुष मल ने अदालत को बताया कि डी.पी. जारोली ने मीडिया में बयान दिया है कि उसे राजनैतिक संरक्षण मिला हुआ है। उन्होंने अदालत को कहा है कि इस मामले में डी.पी. जारोली के बयान को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष रिकॉर्ड नहीं किया गया था, जबकि वह एक मुख्य आरोपी है। उन्होंने कहा कि अदालत केवल डी.पी. जारोली द्वारा पुलिस के सामने दिये गये बयानों को ही रिकॉर्ड पर ले रही है। आयुष मल ने कहा कि एस.ओ.जी. ने इस जांच का मज़ाक बना कर रख दिया है और संतोषजनक जांच पड़ताल नहीं की है। उन्होंने कहा कि एस.ओ.जी. ने तो डी.पी. जारोली को क्लीन चिट दे दी है।

सुनवाई के दौरान एस.ओ.जी. के ए.डी.जी. अशोक राठौड़ ने अदालत को बताया कि इस मामले में 71 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और 65 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र भी पेश कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि 11 लोगों ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका भी दायर की है और कई अन्य लोगों ने नियमित जमानत के लिए भी याचिका दायर की है।

उन्होंने अदालत को बताया कि, डी.पी. जारोली से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि प्रदीप पाराशर को परीक्षा के दौरान जिला समन्वयक इसलिए नियुक्त किया गया था क्योंकि वर्ष 2011, 2012, 2015, 2019 में भी प्राइवेट पार्टी को ''डिस्ट्रिक्ट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# द्रौपदी मुर्मू

जयपुर, 7 जुलाई (का.सं.)। राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए की तरफ से उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू 12 जुलाई को जयपुर दौरे पर रहेंगी। वे यहां क्लार्क्स आमेर होटल में भाजपा सांसदों और विधायकों से मुलाक़ात करेंगी और समर्थन की अपील करेंगी।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने मुर्मू के आने की जानकारी एक परिपत्र के माध्यम

- एन.डी.ए. की राष्ट्रपति उम्मीदवार, द्रौपदी मुर्मू 12 जुलाई को क्लार्क्स आमेर होटल में भाजपा विधायकों, सांसदों से मिलेंगी।

से दी है। भाजपा के सभी सांसदों और विधायकों के लिए जारी इस परिपत्र में कटारिया ने जानकारी दी है, कि राष्ट्रपति पद की एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू 12 जुलाई को जयपुर आएँगी। उनका सभी सांसद और विधायकों से व्यक्तिगत मिलने का कार्यक्रम है। इसी दिन सांसदों-विधायकों की संयुक्त बैठक भी रखी गई है।

# नैशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक बर्खास्त!

## साल भर पहले ही केन्द्रीय सरकार ने कई अधिकारियों की वरिष्ठता लांघकर सतीश अग्निहोत्री को प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जुलाई। शर्मसार करने वाले एक घटनाक्रम के तहत केन्द्र सरकार ने नैशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एन.एच.एस.आर.सी.एल.) के प्रबंध निदेशक सतीश अग्निहोत्रि को आज बर्खास्त कर दिया। अग्निहोत्रि को एक वर्ष पूर्व ही आउट ऑफ टर्न बेसिस पर एक स्पेशल केस के रूप में नियुक्त किया गया था।

- हालांकि रेलवे बोर्ड ने स्पष्ट नहीं किया कि, अग्निहोत्री को क्यों पद मुक्त किया गया है, पर, अपुष्ट समाचारों के अनुसार, गत 2 जून को लोकपाल ने ऑर्डर पारित कर, सी.बी.आई. को अधिकृत किया था कि, अग्निहोत्री के खिलाफ जांच करें। आरोप है कि, रेलवे विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के रूप में, अग्निहोत्री ने एक प्राइवेट कंपनी कृष्णा पटनम रेल कंपनी लिमिटेड को 11 सौ करोड़ रूपये की राशि गैर कानूनी तरीके से ''डाइवर्ट'' करी थी।

एन.एच.एस.आर.सी.एल. के कम्पनी सचिव के नाम लिखे रेल्वे बोर्ड के 7 जुलाई के पत्र में कहा गया है कि ''सक्षम प्राधिकरण ने सतीश अग्निहोत्रि की सेवा समाप्ति को मंजूरी दे दी है। उन्हें तुरन्त प्रभाव से पद छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि ''एन.एच.एस.आर.सी.एल. में वर्तमान में निदेश्क (परियोजना) का प्रभार संभाल रहे राजेन्द्र प्रसाद को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन माह तक के लिए या आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार संभालने को कहा गया है।''

गत वर्ष 10 जून को लिखे गए एक पत्र में उक्त पोस्ट के लिए निकाले गए विज्ञापन में वर्णित आयु और पात्रता शर्तों में छूट देते हुए रेलवे बोर्ड ने अग्निहोत्रि की नियुक्ति को आरंभ में तीन वर्ष के लिए मंजूर किया था।

हालांकि, रेलवे बोर्ड के पत्र में बर्खास्तगी आदेश के किसी कारण को स्पष्ट नहीं किया गया है, फिर भी अग्निहोत्रि की सेवा समाप्ति का कारण लोकपाल कोर्ट का 2 जून 2022 का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजनाथ सिंह

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जुलाई। संसद के मानसून के एक सप्ताह पहले, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ''पार्लियामेन्ट्री कन्सल्टेव कमेटी ऑन डिफेंस'' के सदस्यों को हाल ही में लॉन्च की गई ''अग्निपथ''

- रक्षा मंत्री, तीनों सेनाध्यक्ष व रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा मंत्रालय की संसदीय समिति को अग्निपथ स्कीम के विभिन्न पहलुओं पर ''ब्रीफ'' करेंगे।

योजना के विभिन्न पहलुओं के बारे में आवश्यक जानकारी देंगे। ज्ञातव्य अब आगे तीनों रक्षा सेवाओं में नई भर्ती अग्निपथ योजना के जरिये ही होगी।

रक्षामन्त्रालय की एक प्रेस-विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस ब्रीकिंग में रक्षा सचिव, तीनों सैन्य प्रमुख तथा रक्षा मन्त्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका का वोटर, राजनीतिक नेतृत्व में परिवर्तन चाहता है

## 71 प्रतिशत वोटर चाहते हैं, राष्ट्रपति बाइडन अगला चुनाव न लड़ें, पर इसका मतलब यह भी नहीं की ट्रम्प चुनाव लड़े

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जुलाई। एक नये सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिकावासियों की बहुत बड़ी संख्या 2024 में नया राजनैतिक नेतृत्व चाहती है।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी-हैरिस पोल बताता है कि 71 प्रतिशत अमेरिकन नहीं चाहते कि दो साल बाद होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति बाइडन खड़े हों। केवल 29 प्रतिशत लोगों का कहना है कि वर्तमान राष्ट्रपति को अगला चुनाव लड़ना चाहिये।

मतदाताओं से पूछा गया था कि वे क्यों चाहते हैं कि बाइडन 2024 का चुनाव न लड़ें। ऐसा कहने वाले लोगों, जिनका कहना है कि उन्हें अगला राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ना चाहिये, में से 45 प्रतिशत लोगों का कहना है कि वे एक खराब राष्ट्रपति हैं, 30 प्रतिशत लोगों का कहना है कि उनकी उम्र बहुत हो गई है, तथा 25 प्रतिशत लोगों का विचार था कि परिवर्तन होना चाहिए।

सर्वे के आयोजक मार्क जेन ने कहा, ''डेमोक्रेटिक'' प्रेसीडेंशियल प्राइमरी में उन्हें केवल 30 प्रतिशत डेमोक्रेट्स के वोट ही मिल पायेंगे।

यह पोल बताता है कि बाइडन की अप्रूवल रेटिंग 40 प्रतिशत से भी नीचे पहुँच गई है क्योंकि मँहगाई तथा गैस की बढ़ती हुई कीमतें मेहनतकश अमेरिकनों को बहुत परेशान कर रही हैं।

28 तथा 29 जून को हुये इस पोल में, पूरे देश के 1,308 पंजीकृत मतदाता शामिल किये गये। किन्तु उल्लेखनीय बात यह है कि जनता की ओर से बाइडन के मामूली समर्थन का मतलब यह कदपि नहीं है कि 2024 में रिपब्लिकनों की जीत स्वत: ही हो जायेगी।

हार्वर्ड-हैरिस सर्वेक्षण में पाया गया कि जहाँ अमेरिकनों की बहुत बड़ी संख्या नहीं चाहती कि बाइडन अगला चुनाव लड़ें, वहीं बहुत से लोगों ने यही बात उस समय कहीं, जब पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बारे में पूछा गया।

- बाइडन को दोबारा राष्ट्रपति के रूप में नहीं देखना चाहने के, इन लोगों ने कई कारण बताये, उनमें प्रमुख है कि, बाइडन वृद्ध है; अच्छे राष्ट्रपति साबित नहीं हुए, तथा कुछ यह मानते हैं कि, अब बदलाव का समय आ गया है।
- बाइडन की भांति, ट्रम्प को भी दोबारा राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नहीं देखना चाहते हैं, अधिकांश वोटर।
- पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी का मुख्य कारण है, 6 जनवरी 2021 को, राष्ट्रपति का चुनाव हारने के बाद, ट्रम्प के उनके समर्थकों द्वारा कैपिटल हिल पर आक्रमण कर, कब्जा करने का प्रयास।
- हारवर्ड युनिवर्सिटी व हैरिस पोल द्वारा गत 28 व 29 जून को किये गये सर्वे में मतदाताओं का यह मूड उजागर हुआ था।

60 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने कहा कि ट्रम्प को 2024 में चुनाव नहीं लड़ना चाहिये तथा सिर्फ 39 प्रतिशत लोग चाहते थे कि वे फिर से चुनाव लड़ें। सर्वे में शामिल लोगों में से 36 प्रतिशत लोगों का कहना था कि ट्रम्प को नाइट हाउस पहुँचने के एक और प्रयास से परहेज़ करना चाहिये क्योंकि सनकी आदमी हैं, जबकि 33 लोगों ने कहा कि उनके राष्ट्रपति बनने से देश के टुकड़े हो जायेंगे।

30 प्रतिशत अन्य लोगों ने कहा कि वे अमेरिका की राजधानी में 6 जनवरी 2021 को हुये दंगे के कारण ट्रम्प की वापसी का विरोध कर रहे हैं।

यह पूछे जाने पर कि अगर 2024 के चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प तथा जो बाइडन ही खड़े होते हैं तो क्या आप किसी मध्यमार्गी या नरमपंथी उम्मीदवार पर विचार करेंगे अथवा नहीं, तो 60 प्रतिशत लोगों ने ''हाँ'' में उत्तर दिया। पोल में मतदाताओं से पूछा गया कि अगर राष्ट्रपति का 2024 में होने वाला चुनाव आज हो जाये तथा चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प एवं जो बाइडन के बीच हो, तो आप किसे वोट देंगे। इस तुलना में, ट्रम्प को मामूली सी बढ़त मिली। 43 प्रतिशत लोग ट्रम्प के पक्ष में थे, जबकि बाइडन के पक्ष में 40 प्रतिशत लोग थे। 17 प्रतिशत लोग अनिश्चित रहे।

अगर 2024 के चुनाव आज हो जायें तथा मुकाबला डोनाल्ड ट्रम्प एवं कमला हैरिस के बीच हो तो पोल में सामने आया कि 45 प्रतिशत लोग ट्रम्प को पसंद करेंगे तथा 39 प्रतिशत लोग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# संयुक्त किसान मोर्चा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जुलाई। कांग्रेस सांसद तथा प्रवक्ता दीपेन्द्र सिंह हूडा ने गुरूवार को मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार पिछले रास्ते से किसान-विरोधी कृषि कानूनों को फिर से लाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की वाजिब माँगों को पूरा करने से भाजपा सरकार द्वारा

- मोर्चा अगस्त माह में पुनः प्रदर्शन व धरना आरम्भ करेगा, क्योंकि ''सरकार ने जो वादे किये थे, पूरे नहीं किये हैं।

इनकार किये जाने के विरोध में, संयुक्त किसान मोर्चा (एस.के.एम.) ने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला शुरू करने का निर्णय लिया है।

हूडा ने कहा कि एस.के.एम. युवा-विरोधी तथा किसान-विरोधी अग्निपथ स्कीम तथा लखीमपुर खादी हत्याकांड

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

अपराधी मन संदेह का अड्डा है। -शेक्सपीयर

# क्या अमरीका की सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कि गर्भपात कराना संवैधानिक अधिकार नहीं है, उचित व वैध है?

अमरीका की सुप्रीम कोर्ट ने दिनांक 26.06.2022 के निर्णय से जो Thomas E Dobbs Vs Jackson Women's Health Organisation के केस में दिया है कि गर्भपात संवैधानिक अधिकार नहीं है। न्यायालय ने यह निर्णय 6 : 3 के बहुमत से दिया है और इस प्रकार Roe vs. Wade (रो बनाम वेड) के निर्णय को जो लगभग 50 वर्षों पूर्व दिया गया था उसे पलट दिया। रो बनाम वेड के केस को पलटने के कारण गर्भवती महिलाओं के संवैधानिक अधिकार समाप्त कर दिये गये हैं दिनांक 26.06.2022 के अनुसार अब राज्य गर्भपात पर अपने-अपने कानून बना सकेंगे। उन राज्यों में गर्भपात हो सकेगा। दिनांक 26 जून 2022 के निर्णय की भर्तसना सभी Right Activists], सामाजिक व यशस्वी लोगों ने की है। इनमें मुख्य हैं यू.ए. के वर्तमान राष्ट्रपति श्रवम Joe Biden डिप्टी प्रेसीडेन्ट कमला हेरीस, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, मिशल ओबामा, बर्नी सनडर्स, लीडर जस्टीन, Justin Trudeau आदि हैं। अमरीकी उपराष्ट्रपति कमला हेरिस ने प्रजनन अधिकारों की जोरदार वकालत की और सुप्रीम कोर्ट के फैसले की निंदा की।

दिनांक 26.06.2022 का निर्णय मिसिसिपी कानून के तहत् था, जिसने 15 सप्ताह से ऊपर के भ्रूण को गिराने से प्रतिबंधित किया था अपवाद Medical Emergency का था। बहुमत के उक्त निर्णय में कहा गया है कि संविधान गर्भपात को संवैधानिक नहीं मानता है। Justice Samuel Alito ने बहुमत का निर्णय लिखा है, इसके द्वारा फेडरल स्टेट्स के विवेक पर छोड दिया है कि चाहे तो गर्भपात की अनुमति दें अथवा उसे रेगूलेट करें। तीन न्यायाधीशों ने जिन्होंने अल्पमत का निर्णय लिखा है तथा जो Liberal विचार धारा के है उन्होंने कहा कि महिलाओं को गर्भपात करने के अधिकार से वंचित करना उनके समानता के अधिकारों को प्रभावित करता है। इस निर्णय के कारण अमरीका में ही नहीं आस्ट्रेलिया में भी बहुत विरोध हो रहा है।

भ्रूण को जान बूझकर नुकसान पहुंचाना भारत के कानून में धारा 312 आईपीसी में अपराध है, किन्तु यदि गर्भपात सदभाविक हो और मां की जिन्दगी को बचाने के हेतु आवश्यक हो तो ऐसा संभव है। गर्भपात के विषय में Medical Termination of Pregancy Act, 1971 है इसके तहत् यदि कोई डॉक्टर गर्भपात निर्धारित परिस्थितियों में कराने में सहयोग देता है तो उसे अनुमति है। यह धारा 312 आईपीसी के तहत् डॉक्टर को Immunity देता है और धारा 312 आईपीसी के तहत् अपराधी नहीं माना जा सकता है। गर्भपात कराने का अधिकार महिला को है, किन्तु यह अधिकार मेडिकल सलाह पर निर्भर और सीमित परिस्थितियों में तथा निर्धारित लिमिट तक है।

सन् 1971 के कानून के अनुसार गर्भपात की अनुमति 20 सप्ताह तक के भ्रूण के लिये है किन्तु 2021 के संशोधन अधिनियम के तहत् यह सीमा बढ़ाकर 24 सप्ताह कर दी है। इसके अतिरिक्त इस सीमा बंधन भी समाप्त कर दिया गया है यदि भ्रूण मेडिकल बोर्ड की राय में Abnormalities से असाधारण रूप से घिरा हुआ हो। एकल डॉक्टर के मेडिकल बोर्ड की राय को पूर्व में 12 सप्ताह थी अब 2021 के संशोधन के बाद दो डॉक्टरों की राय आवश्यक है और लिमिट 20 से 24 सप्ताह के भ्रूण की है। Substantial Foetal Abnormality होने पर 4 डॉक्टर्स के बोर्ड की आवश्यकता जिसका अर्थ है बच्चा पैदा हो और वह असाधारण रूप से शारीरिक अथवा मानसिक रूप से विकृत हो। यदि रेप के कारण गर्भ धारण हुआ है महिला को उसके फलस्वरूप यह कहा जा सकता है कि गर्भवती को गम्भीर मानसिक व शारीरिक चोट लगी हैं। यदि हम मेडिकल टरमीनेशन ऑफ प्रेगनेन्सी (एमेण्डमेन्ट) रूल्स 2021 को पढ़े तो जानकारी होगी कि उसके द्वारा 24 सप्ताह तक के भ्रूण को गिराया जा सकता है तथा यह दर्शाया गया है कि वे Specified कारण क्या क्या हैं जैसे रेप से चोटिल पर बची हुये महिला तथा रेप जिसका हुआ है उसका अल्पवयस्क होना आदि।

**भ्रूण में तीन माह बाद जीवन प्राप्त हो जाता है, यह 1973 में माना जाता था, किन्तु इस सदी के प्रारम्भ ही में विद्वानों (डॉक्टरों) ने यह मानना स्वीकार कर लिया है 3 माह से पूर्व भी भ्रूण में जीवन होता है और यह समय सीमा भी धीरे-धीरे घटती जा रही है फलस्वरूप यह कहा जा सकता है गर्भपात (भ्रूण हत्या) मानव हत्या है।**

वस्तुतः 1973 में यू.एस. की सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि गर्भवती महिलाओं को गर्भपात से जुडे निर्णय लेने का अधिकार है। 1781 का संविधान गर्भपात के विषय में मौन है, किन्तु 1868 का संविधान संशोधन गर्भपात की अनुमति देता है, इसके व न्यायपालिका के निर्णयों के अनुसार सरकार को गर्भावस्था के तीन माह में हस्तक्षेप का अधिकर नहीं है, किन्तु तीन माह बाद उसे गर्भपात पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार दिया है। 1973 में सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया कि गर्भवती महिलाओं को गर्भपात से जुडा फैसला लेने का अधिकार है, फलस्वरूप हास्पिटल को गर्भपात की सुविधा प्रदान करना बाध्यकारी हो गया। इसका कारण था कि 3 माह बाद प्रतिबंध लगाने का अधिकार दे दिया, क्योंकि उस समय तक भ्रूण में जीवन माना गया है।

विज्ञान के कारण सोच में परिवर्तन होते रहते हैं। भ्रूण में तीन माह बाद जीवन प्राप्त हो जाता है, यह 1973 में माना जाता था, किन्तु इस सदी के प्रारम्भ ही में विद्वानों (डॉक्टरों) ने यह मानना स्वीकार कर लिया है 3 माह से पूर्व भी भ्रूण में जीवन होता है और यह समय सीमा भी धीरे-धीरे घटती जा रही है फलस्वरूप यह कहा जा सकता है गर्भपात (भ्रूण हत्या) मानव हत्या है। भ्रूण एक प्राणी है उसे जीने का अधिकार है।


अमरीका में महिलाओं को प्रजनन का अधिकार संविधान ने दिया था, किन्तु डॉब्स बनाम जैक्शन बीमेन्स हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के केस ने यह अधिकार छीन लिया गया है। हमारे देश में संविधान के अनुच्छेद 21 की व्याख्या करते हुये स्पमि शब्द के अर्थ में जीने का अधिकार माना है और वह भी गरिमामय जीने का अधिकार। इस प्रकार हम कह सकते हैं भ्रूण को गरिमा के साथ विकसित होने तथा जीने का अधिकार प्राप्त है अतः भ्रूण वध (गर्भपात), प्राणी (मानव) का वध है, हत्या है। गर्भपात भारतीय दण्ड संहिता की धारा 312 के तहत् अपराध है ओर एम.टी.पी. एक्ट 2021 एक स्पेशियल एक्ट है और इनमें सजा का प्रावधान है। यदि हम भ्रूण के गरिमामय जीने के अधिकार के साथ इस समस्या को समझने का प्रयत्न करें तो भ्रूण हत्या, मानव वध (हत्या) का अपराध है जो आईपीसी की धारा 302 के तहत् अपराध है। एमटीपी एक्ट में जो अपवाद दिये हैं, उनके साथ धारा 302 को जोड सकते हैं। कहते हैं 'मार से भूत भागते हैं'। इससे डॉक्टर, नर्सेज, परिवार वाले सभी डरेंगे और भ्रूण हत्या के केस नहीं होंगे।

अमरीका और भारत की स्थिति भिन्न-भिन्न है। वहां जजेज चुने जाते हैं वे पार्टी स्तर पर होते हैं। हमारे यहां की जूडिशरी पूर्ण स्वतंत्र है, और सेवा की शर्तो के साथ जो संविदा में दी है, उनकी नियुक्ति होती है। थोमस ई डोब्स के केस में स्पष्ट किया है वे तीन अल्पमत के न्यायाधीश (MkWDVjksa) के थे और महिलाओं को प्रजनन का अधिकार प्राप्त है, उससे उन्हें वंचित करने से उनके समानता के स्तर को खण्डित करता है और राष्ट्र के राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक जीवन के अधिकार को कम आंकना होगा। यह धारणा भारत के न्यायालयों की है, अतः भारत थोमस ई डोब्स के केस के बहुमत के 6 जजों के निर्णय से सहमत नहीं है। भारत के संविधान ने अनुच्छेद 21 में घोषणा की है कि मानव को गरिमामय जीवन का अधिकार है अर्थात् कन्सेपशन के कुछ समय बाद भ्रूण में जीवन प्रारम्भ हो जाता है और उसे भी जीने का अधिकार है। उसके इस अधिकार को छीना नहीं जा सकता हाँ अपवाद है उसके जीवन को बचाने अथवा भ्रूण में गम्भीर विकृति होने पर माँ की सुरक्षा के हेतु गर्भपात कराना आवश्यक हो।

**-अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# अब और नहीं

स्त्री रोग विभाग का आउटडोर। बाहर एक मेज पर हाउस सर्जन बैठी हैं, अंदर चैम्बर में चीफ सर्जन। एक महिला आती है - बॉब कट बाल, टॉप और जींस पहने, ठसके से चलते हुए। हाउस सर्जन की मेज पर फाइल रख बिना किसी भूमिका के कहती है - अबोर्सन करवाना है। हाउस सर्जन फाइल देख पूछती है - आपने पति का नाम नहीं लिखा? अबोर्सन मुझे करवाना है, पति को नहीं - पलट कर जवाब। हाउस सर्जन पीरियडस के बारे में पूछ कर लिखती है, फिर - अबोर्सन क्यों करवाना चाहती हैं? का जवाब - बच्चा नहीं चाहती इसलिए और क्यों। नहीं चाहती तो गर्भ धारण ही क्यों किया था? कौनसा चाह कर किया था, यह तो हो गया। फिर थोड़ा झुंझलाते हुए बोली- आप मुझे चीफ सर्जन के पास ले चलेंगी, मैं उन्हीं के लिए आई हूं।



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

**■ 20 सप्ताह तक गर्भपात महिला का अधिकार है**

महिला, चीफ को बताती है कि वह एक काल सेंटर में एक्जीक्यूटिव है, विवाह नहीं किया है, अपनी पसंद के लड़के के साथ रह रही हैं। चूक से गर्भ ठहर गया है, अबोर्सन करवाना है। फाइल देख चीफ पूछती हैं - चूक हो गई तो अभी तक क्या कर रही थी? बीस सप्ताह हो गए। जी, काम ही ऐसा है, समय ही नहीं मिला।

अभी भी दिक्कत है, अगर शनिवार को अबोर्सन कर दें तो सोमवार को आफिस चली जाय। उसे मालूम है 20 सप्ताह तक गर्भपात महिला का अधिकार है। वह पहले भी करवा चुकी है, सब जानती है।

चीफ उसे कानून विशेषज्ञ के पास भेज देती हैं। वे देख कर कहते हैं कि निरोध की असफलता से ठहरा गर्भ गिराना केवल विवाहित महिला में ही मान्य है। वह बहस करती है तो कानून पढ़ा देते हैं। वह जाती है, पति का नाम लिख दूसरी फाइल बनवाती है और कानून विशेषज्ञ को आ कर बताती है कि चीफ सर्जन मान गई हैं।

अस्पताल ने नई सोनोग्राफी मशीन ली है जिससे थ्री डाइमेंशनल वीडियोग्राफी हो सकती है। महिला उसकी लिखित में अनुमति देती है। अबोर्सन होता है, उसकी वीडियो ग्राफी होती है। ऑपरेशन के बाद चीफ सर्जन और सभी उसे देखने बैठते हैं। स्क्रीन पर नन्हें गर्भस्थ शिशु का चित्र उभरता है। हरकत करते नन्हें हाथ पांव, बंद पलकें, होंठ, नाकनक्स। नीचे से औजार आता है, बच्चा बचने की कोशिश करता है और उसके बाद आता जाता औजार और छटपटाहट। चीफ कॉफी का प्याला रख वीडियो बंद करने को कहती है। कहती है उसने सैंकड़ों अबोर्सन किये हैं, लेकिन इसमें क्या होता है वह देखा पहली बार है। जी खराब हो गया। वह तो अब गर्भपात कर ही नहीं पायेंगी। कुछ सोच कर कहती हैं यह वीडियो उस महिला को भी दिखाना, कह रही थी यह उसका पहला अबोर्सन नहीं है, वह सब जानती है।

**-डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# राज्यपाल मिश्र ने पन्नालाल मेघवाल की पुस्तकों "लोकाभिव्यक्ति के आयाम एवं फोक डांसेज ऑफ राजस्थान" का विमोचन किया

**उदयपुर,** (कासं)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में गुरुवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक पन्नालाल मेघवाल द्वारा लिखित राजस्थान लोकाभिव्यक्ति के आयाम (हिंदी) एवं दी फोक डांसेज ऑफ राजस्थान (अंग्रेजी) पुस्तकों का विमोचन किया।



पुस्तकों का विमोचन करते राज्यपाल कलराज मिश्र।

पन्नालाल मेघवाल की राजस्थान लोकाभिव्यक्ति के आयाम पुस्तक में राजस्थान के लोकनृत्यों, लोकगायन एवं लोकवादन को आकर्षक छायाचित्रों के माध्यम से प्रकाशित किया गया है। इसी पुस्तक का अंग्रेजी रूपांतरण दी फोक डांसेज ऑफ़ राजस्थान पुस्तक प्रकाशित की गई है। पन्नालाल मेघवाल की हिंदी एवं अंग्रेजी की इन पुस्तकों में तेरहताली, घूमर, चरी, कालबेलिया, चकरी, भवाई, जसनाथी, धाकड़, गींदड, वीर तेजाजी, कच्छी घोड़ी, कथौड़ी, भील, गरासिया, गैर, चंग, बम, ढ ोल एवं शूकर लोकनृत्य सम्मिलित हैं। इन पुस्तकों में मांड, मांगणियार एवं लांगुरिया गायन, तुर्रा कलंगी,

**■ पुस्तकों में लोक नृत्य, गायन, वादन, व वाध यंत्रो को चित्रों के माध्यम से संकलित किया गया हैं**

कुचामणि ख्याल एवं गवरी लोकनाट्यय, सहरिया एवं टूंटिया स्वांग, बीकानेर की रम्मतें, राजस्थान की नट परंपरा, कठपुतली नृत्य कला एवं राजस्थान के लोक वाद्य यंत्रों का विषद उल्लेख है। पुस्तक के लेखक पन्नालाल मेघवाल ने सेवानिवृत्ति के बाद राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सम्मानित लोक कलाकारों, लोक गायकों, से उनके घर, आंगन, चौपाल एवं गांव में उनके साथ बैठकर उनसे साक्षात्कार कर इन पुस्तकों का लेखन किया है। इन पुस्तकों में लोक नृत्य, लोक गायन, लोक वादन एवं लोक वाद्य यंत्रों के मनमोहक चित्रों के माध्यम से संकलित किया है। राजस्थान की कला एवं संस्कृति का दिग्दर्शन कराती ये दोनों पुस्तकें राजस्थान की कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में मील का पत्थर साबित होंगी। इस अवसर पर वित्त विभाग के संयुक्त शासन सचिव (व्यय) वी.सी. बुनकर, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक अरुण जोशी, संयुक्त निदेशक राजेश व्यास, सहायक निदेशक विवेक जादोन एवं डीआईपीआर के निजी सचिव रवि पारीक उपस्थित थे।

# बेटी कृतिका बनीं फ्लाईंग ऑफिसर, पापा-मम्मी बोले "छू लिया आसमान!"

**पिलानी,** (निसं)। वायुसेना में फ्लाईंग आफिसर के पद पर ज्वाइन करके झुंझुनूं के कुलहरियों का बास की बेटी कृतिका कुलहरि ने साबित किया है कि बेटियां किसी मायने में कम नहीं है। कुलहरि परिवार के दो बेटे जहां नेवी से रिटायर होकर देश सेवा करके आ गए है। तो वहीं दो बेटियां थल सेना और वायु सेना में अपनी सेवाएं देकर पूरे गांव को ही नहीं, बल्कि क्षेत्र को गौरवान्वित कर रही हैं।

फ्लाईंग आफिसर बनने के बाद पहली बार गांव आई कृतिका का डीजे बजाकर खुली जीप में घर तक ले जाकर किया गया। कृतिका ने एनसीसी के तहत भारतीय थल सेना में भी एंट्री की। उन्होंने एनसीसी के तहत हुई चयन प्रक्रिया में पूरे इंडिया में पहला स्थान प्राप्त किया और सेना में शामिल होकर ट्रेनिंग करने चैन्नई चली गई। दो महीने बाद ही जब उसका चयन वायु सेना में हुआ तो उसने थल सेना से वायु सेना की ओर मूव कर दिया। इससे पहले कृतिका ने क्राइस्ट यूनिवर्सिटी बेंगलूरू से क्लिनिकल साइकोलॉजी से पीजी करने के बाद उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज (एनआईएमएचएएनएस) में 6 महीने की सर्विस भी की। कृतिका इस उपलब्धि पर सबसे ज्यादा खुशी उनके पिता रामावतार कुलहरि तथा उनकी मां डॉ. विजय लक्ष्मी कुलहरि को हुई।

कृतिका के गांव पहुंचने पर महिलाओं न डीजे के सामने ठुमके लगाए तो गांव के मंदिरों में सबसे पहले कृतिका ने ढोक लगाकर भगवान को शुक्रिया अदा किया। हैदराबाद स्थित भारतीय वायु सेना अकादमी डूंडीगल में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) के अंतर्गत ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच में प्रथम पुरस्कार रूप में प्रेसिडेंट्स प्लैक अवार्ड से भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया के हाथों सम्मानित होकर कृतिका को खुशी मिली थी। कृतिका ने ट्रेनिंग में भी अपना बेस्ट देकर अवार्ड प्राप्त किया है। रामावतार कुलहरि के मुताबिक कृतिका अपने गांव व पास पड़ोस के इलाके की वह प्रथम महिला हैं जिन्होंने वायु सेना में अधिकारी पद प्राप्त किया है। कृतिका का भाई सौम्य कुलहरि फिलहाल देहरादून में पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी से बीटेक कंप्यूटर की पढ़ाई कर रहा है।

# तिजारा का किला राजपूत एवं अफगान मिश्रित वास्तुशिल्प की नायाब विरासत

तिजारा का किला अलवर से 60 कि.मी. एवं तिजारा से 5 कि.मी. की दूरी पर एक ऊंची पहाडी के हरे भरे भूभाग पर स्थित है। 1826 ईस्वी में महाराजा बलवंतसिंह तिजारा के शासक बने। उन्होंने 1836 ईस्वी में तिजारा किले का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया और 1849 ईस्वी में किले का निर्माण पूरा हुआ। किले के निर्माण के लिए दिल्ली एवं काबुल के वास्तुकार बुलाए गए थे। किले के नीचे सरदारों के लिए अच्छे भवन और उद्यान लगवाया और अलाउद्दीन लोदी द्वारा बनाए गए कच्चे बांध को



पन्नालाल मेघवाल


**■ राज्य सरकार ने इस किले को हेरिटेज होटल में तब्दील किया है**

पक्का करवाया। यह किला अठारहवीं शताब्दी की राजपूत एवं अफगान मिश्रित वास्तु शिल्प की नायाब विरासत है।

यह बांध दो पहाड़ियों को जोड़कर बनाया गया है। पूर्व दिशा वाली पहाडी की तलहटी में एक प्राकृतिक झरना है जो सूरजमुखी के नाम से विख्यात है। तीर्थ के रूप में प्रसिद्ध इस स्थान पर एक गौमुख से अहर्निश पानी की धारा गिरती रहती है और धार्मिक पर्वों पर 20-25 कि.मी. से चलकर आए लोग बड़ी श्रद्धा के साथ यहां स्नान करते हैं। इसी पहाड़ी के ऊपर भृतहरि की गुफा है। पूर्व की पहाडी पर तीन भव्य इमारतें, हवा महल, जनाना महल और किला बने हुए हैं।

हवा महल की एक मंजिल तहखाने की तरह बनी है जो एक बड़ा चबूतरा सी दिखाई देती है। इसमें कुछ दरवाजे बने हुए हैं। इस चबूतरेनुमा पहली मंजिल की अठारह सीढ़ियां चढ़ने पर दूसरी मंजिल शुरू होती है। एक लंबे टेरेस के बाद मुख्य चौरस हाल है और उसके चारों तरफ करीब आठ फीट चौड़ा गलियारा बना हुआ है। चारों कोनों पर अठपहलू मीनारें हैं जिसमें दो मीनारों में ऊपरी मंजिल में जाने के लिए सीढ़ियां बनी हुई है और दो मीनारों में कमरे बने हुए हैं। चारों तरफ पांच-पांच दरवाजे और दरवाजों के ऊपर नक्काशीदार झरोखे बने हुए हैं।


हवा महल के ठीक सामने जनाना महल है। लाल पत्थर के मुख्य दरवाजे पर करीब पांच फीट चौड़ी और बारह फीट ऊंची पत्थर की पट्टियां दीवार में चिपकाकर मजबूती प्रदान की गई है। दरवाजे पर सुंदर बेलबूटे उत्कीर्ण है।दरवाजा पार करने पर एक बड़ा चौक आता है जिसके चारों तरफ दोहरे बरामदे बने हुए हैं। इनमें लाल पत्थर के नक्काशीदार सोलह-सोलह खंभे लगे हुए हैं। इस तीन मंजिले महल के दो कोनों में तहखाने और पश्चिम दिशा में बैठने का ऐसा सुरक्षित स्थान बना हुआ है जहां से तिजारा शहर का विहंगम दृश्य दिखाई देता है। जनाना महल से थोड़ा दूर किले के मजबूत दरवाजे पर लाल पत्थर की बड़ी-बड़ी पट्टियां दीवार के साथ चुन दी गई है। मुख्य दरवाजे पर गणेशजी की प्रतिमा और चौखट पर आकर्षक बेलबूटे उत्कीर्ण है। इस दरवाजे के एक तरफ तीन और दूसरी तरफ चार सुंदर गवाक्ष है तथा दोनों तरफ घुड़साल बनी हुई है। दरवाजे के पास एक छोटा चौक है जिसके दोनों तरफ बरामदे हैं जिसमें कटावदार तीन- तीन दरवाजे और



अंदर कमरे बने हुए हैं। इसे पार करने पर एक बड़ा चौक आता है। इस चौक में भी दोनों तरफ बरामदे और सामने बड़ा हाल है जिसमें खंभों पर नक्काशी का कार्य देखने योग्य है। तिजारा किले की स्थापत्य कला, शिल्पसौंदर्य और व्यूह रचना को देखकर इसकी मजबूती और विशालता का अनुमान हो जाता है। ऊपर जाने के लिए सीढ़ियां बनी हुई हैं। राज्य सरकार की पुराने ऐतिहासिक किलों को हेरिटेज होटल में परिवर्तित करने की योजना के तहत इस किले को हेरिटेज होटल में तब्दील किया गया है। हवा महल और जनाना महल के लगभग सभी कक्षों को सुसज्जित कर हेरिटेज लुक दिया गया है। जनाना महल से कुछ ही दूरी पर हवा महल है, जिसमें मुख्य डाइनिंग हॉल, स्वागत कक्ष आदि हैं। किले के बायीं ओर किले की सीमा के साथ-साथ प्रस्तर से उत्तकीर्ण लंबा बरामदा है, जो हवा महल तक जाता है। अलग-अलग बने सुंदर सीढ़ीदार लॉन्स इन सब भागों को जोड़ते हैं। हवा महल में एक विशाल प्रांगण है, जहां विवाहादि कार्यक्रम होते है। यहां का आम खास एवं बगीचा आकर्षण के केंद्र हैं। जनाना महल और हवा महल के बीच एक और डाइनिंग हॉल है, जिसकी छत से तिजारा कस्बा, बांध के आसपास की हरियाली एवं चारों तरफ खेतों में लहलहाती फसलों का दृश्य सुहावना एवं मनोहारी होता है।

**-पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 8 जुलाई, 2022**

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, नममी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, चित्रा नक्षत्र दिन 12:13 तक, शिव योग प्रातः 9:00 तक, बालव करण प्रातः 6:57 तक, चन्द्रमा तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

रवियोग दिन 12:13 से आरम्भ होगा। आज भडल्या नममी है और गुप्त नवरात्रा व्रत पारणा और नवरात्रोत्थापन, मन्वादि है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:25 तक। लाभ-अमृत 7:25 से 10:50 तक, शुभ 12:32 से 2:14 तक, चर 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:43, सूर्यास्त 7:20

### मेष

परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-ांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृष


स्वास्थ्य में चल रही परेशानी दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होद्रा।


### कर्क


परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-ांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।


### सिंह

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-ांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।


### कन्या


आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।


### तुला

मनःस्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। परिवार में शुभ-ांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

### वृश्चिक

धार्मिक-मांगलिक कार्यों के कारण बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। शुभ कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### धनु

धार्मिक-मांगलिक कार्यों के कारण बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। शुभ कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होद्रा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### कुंभ

धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### मीन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। महत्वपूर्ण और कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

# सरकारी स्कूल में अध्यापक ने छात्रा से की छेड़छाड़, दुष्कर्म का मामला दर्ज

## पुलिस निरीक्षक के अनुसार सात साल की मासूम दूसरी कक्षा में पढ़ती है

■ भोजनावकाश होने पर शिक्षक ने की छेड़छाड़ की वारदात

■ पुलिस ने पीड़िता का मैडिकल कराया और बयान दर्ज किए

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में एनजीओ के मार्फत सरकारी विद्यालय में पढ़ाने पहुंचे एक शिक्षक ने सात साल की मासूम छात्रा से कक्षा में ही छेडछाड की। पुलिस ने बलात्कार का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। एक पुलिस निरीक्षक ने बताया कि सात साल की मासूम क्षेत्र की राजकीय प्राथमिक विद्यालय में दूसरी कक्षा में पढ़ती है। विद्यालय में एक एनजीओ के माध्यम से एक युवक पढाने के लिए आया था।

उसका स्कूल में पहला ही दिन था। भोजनावकाश होने पर सभी बच्चे खाना खाने कक्षा से बाहर गए। आरोपी शिक्षक कक्षा में ही बैठा था। खाना खाने के बाद मासूम छात्रा कक्षा में आई, जहां आरोपी शिक्षक ने उसे अपने पास बुलाया और छेडछाड करने लग गया। छात्रा ने हल्का विरोध किया, लेकिन शिक्षक मनमानी करता रहा । भोजनावकाश खत्म होने पर अन्य बच्चे वहां आए तो उसने छात्रा को छोड दिया।

स्कूल की छुट्टी होने पर डरी-सहमी छात्रा अपने घर पहुंची, जहां उसकी हालत देख परिजन चौंक गए। उन्होंने तसल्लीपूर्वक छात्रा से कारण पूछा तो उसने शिक्षक की हरकत के बारे में बताया। फिर परिजन स्कूल पहुंचे, जहां शिक्षक नहीं मिला। बाद में वे थाने पहुंचे, जहां शिक्षक के खिलाफ छेडछाड, बलात्कार व पोक्सो की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया और बयान दर्ज किए। तलाश के बाद रामड़ावास निवासी शिक्षक मुकेश बिश्नोई को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के बाद मुकेश को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक सरकारी शिक्षक नहीं है। वह एनजीओ के मार्फत पढ़ाने के लिए स्कूल गया था। उसका पहला ही दिन था।

# इंग्लिश मीडियम में मर्ज होने के बाद हिंदी मीडियम के बच्चों को पढ़ाने से मना किया

■ ऐसे 4 बच्चे हैं जो प्रथम कक्षा से इसी स्कूल में पढ़े हैं

**नारायणपुर,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा कस्बे में स्थित बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम में मर्ज किये जाने के बाद जो बच्चे हिंदी मीडियम के थे अब स्कूल प्रबंधन ने उनको स्कूल में पढ़ाने से मना कर दिया है।

ऐसे 4 बच्चे हैं जो प्रथम कक्षा से इसी स्कूल में पढ़े हैं। विद्यार्थियों के परिजनों ने बताया कि गुरुवार को कक्षा 6 की बालिका नचिता, अनामिका और कक्षा 5 की सीमा और कक्षा 4 का कार्तिक जो कि गुरुवार विद्यालय में पढ़ने के लिए गये थे। वे हिंदी मीडियम के विद्यार्थी होने पर उनको विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें पढ़ाने के लिए मना कर दिया है। जबकि परिजनों ने इन विद्यार्थियों को शुरू से पढ़ने के लिए इसी स्कूल में भेजा था।

बड़ा सवाल यह है कि अब गरीब परिजन इन बच्चों को कहा पढ़ायें। दरअसल उपखंड क्षेत्र में एक ही बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय था उसको भी सरकार ने इंग्लिश मीडियम में रूपांतरित कर दिया, उसमें 374 बालिकाओं का नामांकन था, अब क्षेत्र की बालिकाओं को पढाई की चिंता सताने लगी है । ग्रामीणों का कहना है कि अगर सरकार को इंग्लिश मीडियम स्कूल ही खोलना था तो शिक्षा विभाग की कस्बे में कई बिल्डिंग खाली पडी हुई है उनमें खोलना चाहिए था। ऐसे में सरकार द्वारा क्षेत्र की बालिका और हिंदी मीडियम के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा हैं । जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है ।

इस मामले में प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार की योजना के तहत हिंदी मीडियम स्कूल इंग्लिश मीडियम में रूपांतरण होने के बाद जो भी हिंदी मीडियम के छात्र हैं वे अन्य निकटतम स्कूल में प्रवेश लें।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के 5 आरोपियों को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**बौंली,** (निसं)। पोक्सो एवं परिवार न्यायालय सवाई माधोपुर ने नाबालिक का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के 5 आरोपियों को दोष सिद्ध हो जाने पर 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50-50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि जिले के एक थाने में नाबालिक दुष्कर्म पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 12 मार्च 2020 को सांयकाल 6:30 बजे वह पार्क में घूमने गई थी। पार्क का गेट बंद होने पर वह वापस लौट रही थी तभी रास्ते में रामजी लाल जाट व रिंकू कोली निवासी बहरावंडा खुर्द बाइक लेकर आए एवं जबरन बैठाकर खेत पर ले गए। थोडी देर बाद बुद्धि व गोविंद जाट, लालचंद कोली निवासी बहरावंडा खुर्द भी खेत पर आ गए। करीब रात 9 बजे में रोती चिल्लाती रही मेरे मुंह में कपडा बांध दिया और रामजीलाल, रिंकू, व लालचंद ने दुष्कर्म किया।

# पटवार परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 15 जुलाई तक

■ 18 से जॉइनिंग के साथ आरंभ होगा प्रशिक्षण

**अजमेर,** (कास)। सीधी भर्ती पटवार प्रतियोगी परीक्षा 2021 के तहत अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को जिल ा आवंटन के बाद दस्तावेज सत्यापन का कार्य संबंधित जिल ा मुख्याल यों पर 15 जुल ाई से पूर्व पूरा कर लि या जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी कार्मिकों के 18 जुल ाई से उन्हें आवंटित पटवार प्रशिक्षण केंद्रों पर कार्यग्रहण के साथ ही 6 माह का प्रशिक्षण आरंभ हो जाएगा।

राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि 8 जुल ाई को सभी जिल ा कले क्टर, आयुक्त भू प्रबंध एवं उपनिवेशन विभाग के स्तर से अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनल ाइन अपल ोड कर दिए जाएंगे, इससे दूरदराज स्थानों पर निवासरत अभ्यर्थी ऑनल ाइन ही अपना नियुक्ति पत्र प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार जिल ा मुख्याल यों से भी अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र दिए जाने की व्यवस्था की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के स्तर पर भी अभ्यर्थियों को त्वरित रूप से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं पुलि स विभाग के स्तर पर चरित्र प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था करने को कहा गया है ।

राजस्व मंडल की अतिरिक्त निबंधक दीप्ति शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण पश्चात आयोजित होने वाल ी परीक्षा में उत्तीर्ण होने व इसके बाद 2 वर्ष का परिवीक्षा काल संतोषप्रद होने पर ही पटवारी पद की सेवाएं नियमित की जा सकेगी।

राजस्व अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान अजमेर की ओर से प्रशिक्षु पटवारियों के प्रशिक्षण केंद्र आवंटन की व्यवस्था कर दी गई है। इनमें राज्य के 7 स्थाई एवं 28 अस्थाई केंद्रों सहित कुल 35 प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षु पटवारियों के 6 माह के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

# जमीन के झगड़े में युवक की मौत

■ बड़े भाई व उसके परिवार के लोगों ने छोटे भाई के बेटे को गोली मार दी

**अलवर,** (निसं)। अलवर में रैणी के जामडोली गांव में दो भाइयों के परिवार में जमीन विवाद हो गया। बड़े भाई व उसके परिवार के लोगों ने छोटे भाई के बेटे को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता का कहना है कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। मृतक के पिता ने 20 जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उनमें से कुछ को पुलिस ने राउंडअप किया है। जामडोली के भजनलाल ने बताया कि उसका बेटा सुखदेव खेत में बाजरे की निराई कर रहा था तब बड़े भाई इंद्र मीणा, उसके साले का लडका लखन मीणा सहित 20 जनों ने जानलेवा हमला कर दिया। सुखेदव पर फायर किए। मृतक काफी देर तक वहां पडा रहा। मृतक के पिता की सूचना पर पुलिस ने सुखदेव को अस्पताल में भर्ती कराया। रैणी से प्राथमिक उपचार के बाद अलवर रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# 20 हजार की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार



बूंदी एसीबी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

**बूंदी** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बूंदी की टीम ने गुरूवार को भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए हट्टीपुरा व दोलाड़ा हल्का पटवारी छोटूलाल प्रजापत निवासी काशीर देवली जिला टोंक हाल निवास देवपुरा बूंदी को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पुलिस उप अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ज्ञानचंद मीणा ने बताया कि परिवादी ने दो जुलाई को एसीबी चौकी में उपस्थित होकर शिकायत दी थी कि मेरी जमीन बीबनवा रोड पर है जिसका नामांतरण खोलने की एवज में पटवारी मुझसे 40 हजार की रिश्वत मांग रहा है। जिसका वेरिफिकेशन कराया गया तो शिकायत सही पाई गई। पटवारी परिवादी से 20,000 रुपए लेने को तैयार हो गया। इस पर गुरूवार को ट्रैप की कार्रवाई की गई। पटवारी अपने देवपुरा स्थित कार्यालय के बाहर परिवादी से रिश्वत की राशि लेकर फरार हो गया। जिसे बड़ी मशक्कत के बाद कोटा रोड से डिटेन किया गया है। आरोपी से रिश्वत की राशि बरामद करने के प्रयास जारी है। आरोपी पटवारी सेना का रिटायर फौजी है। आरोपी पटवारी बिना पैसे किसी का भी काम नहीं करता है।

# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास

**सूरजगढ़,** (निसं)। राजस्थान के उदयपुर में अभी हालात सामान्य हुए भी नहीं है कि सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाडने की कोशिश झुंझुनूं में हुई है। झुंझुनूं के बड़बर निवासी एक धर्म विशेष के युवक ने मोबाइल के व्हाट्स एप स्टेटस पर आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियां दूसरे धर्म के लिए की गई है। जिसके बाद माहौल गरमा गया है। इस युवक द्वारा की गई टिप्पणियों के खिलाफ हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधि प्रवीण स्वामी व विकास भालोठिया के नेतृत्व में सैकडों युवाओं ने रैली निकाली और टिप्पणी करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग बुहाना डीएसपी से की है। इन प्रतिनिधियों ने इस युवक द्वारा लगाए गए स्टेटस के स्क्रीनशॉट भी सौंपे है। जिसमें उसने एक स्टेटस पर नुपूर शर्मा की फोटो भी लगाई गई है। वहीं एक स्टेटस पर पाकिस्तान जिंदाबाद तक लिखा गया है। हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कार्रवाई ना करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर धर्मेंद्र हिंदू, भाजपा किसान मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष रतनसिंह, धर्मेंद्र तंवर, प्रवीण बड़गुर्जर, सोनू बुहाना, रमेश बुहाना उपस्थित रहे।

# किसानों के लिए बनने वाली नीतियों में उनके अनुभव का समावेश हो : सुचित्रा आर्य



हनुमानगढ़ के पल्लू में राजस्थान राज्य कृषि उद्योग विकास बोर्ड की उपाध्यक्ष सुचित्रा आर्य ने किसानों को सम्बोधित किया।


**पल्लू,** (निसं)। राजस्थान राज्य कृषि उद्योग विकास बोर्ड की उपाध्यक्ष सुचित्रा आर्य के पल्लू आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। आर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान सरकार में मुझे किसानों की सेवा करने का दायित्व सौंपा है जिसका मैं निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगी। राहुल गांधी की सोच है किसानों की आमदनी में अतिरिक्त इजाफा हो उनके दिशा निर्देशानुसार राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डवलपमेंट बोर्ड का गठन किया गया।

आर्य ने कहा कि केन्द्र में बैठी बीजेपी की सरकार ने कृषि कानून और अग्निपथ जैसी योजना लाकर जय जवान- जय किसान के नारे पर आक्रमण किया जो कि हिन्दुस्तान की अस्मिता पर हमला है। आज किसान दोहरे संघर्ष से गुजर रहा है। मौसम की मार, फसल पकाने निकालने के संघर्ष के अलावा खेती-खलिहानी की अव्यवहारिक एवं दोषपूर्ण नीतियों से भी उसे झूझना पड़ता है। जो सिद्ध करता है किसान से बेहतर खेत-खलिहानी की नीतियों की समझ न तो अधिकारियों को है और न ही राजनीतिज्ञ को है।

आर्य ने कहा कि तीन कृषि कानूनों पर केन्द्र सरकार को देशभर में जो फजीहत का सामना करना पड़ा था। उसके पीछे का कारण यही था कि किसानों से बिना पूछे कॉरपोरेट के प्रभाव में आकर केन्द्र ने कानून थोपने के कुत्सित प्रयास किये थे। इसी परिपेक्ष में मेरी सोच है कि किसानों के लिए बनने वाली नीतियों में उनके अनुभव का समावेश हो जिससे सरकार और किसान के बीच एक विश्वास का रिश्ता कायम होगा, जिसका लाभ किसानों और सरकार दोनों का होगा। हमारा बोर्ड किसानों के बीच जायेगा व किसानों को आमंत्रित करेगा। बेहतर सुझाव के लिए उनके अनुभव से जो हमें हासिल होगा। उसको सरकार से इम्प्लीमेंट करवाने का हमारा धेय रहेगा।

डिग्गी, पोंड निर्माण, शैड निर्माण, तारबंदी, सोलर जैसी कृषि योजनाओ का हनुमानगढ़ जिले के लक्ष्य बढ़ ाने का मेरा प्रयास रहेगा। इस दौरान सुई ब्रांच संघर्ष समिति अध्यक्ष चन्दूराम सिहाग ने कहा किसान वर्ग को आर्य की नियुक्ति से लाभ होगा। इस दौरान उपसिथत रहे निर्वतमान ब्लॉक अध्यक्ष केशुराम पूनिया, युवा कांग्रेस नेता राजेश बिजारणिया, भंवरलाल बुडानिया, हनुमान बिस्सू, राजपाल खोड, ओम झोरड, श्योचन्द कडवासरा, सिराज जोडा, यासीन खां, ओम कस्वां, महेन्द्र मटोरिया, सरपंच केसरा राम नायक, आत्माराम सिहाग, कृष्णलाल शर्मा, श्योनारायण नायक, हनीफ कलाल अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता इस दौरान उपस्थित थे।

# शक्ति के दर्शन और भोले के अभिषेक के बाद शुरू हुई आरएसएस की बैठक



झुंझुनूं में प्रांत प्रचारकों की बैठक में आरएसएस के अखिल भारतीय पदाधिकारी भी भाग लेंगे।

■ झुंझुनूं के खेमी शक्ति मंदिर में अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक हुई शुरू, आरएसएस प्रमुख ने की पूजा अर्चना

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं के खेमी शक्ति मंदिर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक गुरूवार को सुबह पौने आठ बजे से शुरू हो गई है। यह बैठक तीन दिन तक चलेगी। इस बैठक को आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ले रहे है। जिसमें सभी पांच सर कार्यवाह भी मौजूद है। हर साल होने वाली यह बैठक इस बार झुंझुनूं में हो रही है।

बैठक को लेकर झुंझुनूं के स्वयंसेवकों में उत्साह का माहौल है। उन्हें आरएसएस प्रमुख समेत अखिल भारतीय स्तरीय पदाधिकारियों का सानिध्य मिल रहा है। अलग-अलग प्रकोष्ठ बनाकर स्थानीय, प्रांत स्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सभी 45 प्रांतों के प्रांत प्रचारक और सह प्रांत प्रचारक भी झुंझुनूं पहुंच गए है। जो इस बैठक में शामिल है। बैठक आरंभ होने से पूर्व आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत शक्ति को प्रणाम करने पहुंचे। डॉ. मोहन भावन खेमी शक्ति दादी के दरबार पहुंचे और उनके दर्शन किए। इसके बाद मंदिर पुजारी ने डॉ. मोहन भागवत को माला पहनाकर उनको आशीर्वाद दिया। इसके बाद डॉ. मोहन भागवत ने भगवान शिव का ही मंदिर में दूध और जल से अभिषेक किया। इसके बाद मंदिर परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में जाकर भी पूजा अर्चना की। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट के सचिव श्यामसुंदर टीबड़ा, ट्रस्टी विश्वनाथ टीबड़ा, किशोरीलाल टीबड़ा, ओमप्रकाश केडिया इस्लामपुर, आनंद टीबड़ा और स्वयंसेवक सुभाष क्यामसरिया आदि मौजूद थे। आपको बता दें कि यह बैठक संगठन संबंधित विषयों पर केंद्रित विषयों पर केंद्रित होने के कारण इसमें प्रांत प्रचारक अपने-अपने कार्य क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति की जानकारियां एवं अनुभव साझा करेंगे। संघ के संपूर्ण भारतवर्ष में आयोजित प्रथम, द्वितीय व तृतीय संघ शिक्षा वर्ग के आंकडे संकलन, नवीन प्रयोग एवं उनका विश्लेषण किया जाएगा। आगामी वर्ष की कार्ययोजना, प्रवास योजना आदि पर भी बैठक में चर्चा होगी। साथ ही संघ की शताब्दी वर्ष तक के कार्य विस्तार, दृढीकरण व समाज सहभाग की त्रैवार्शिक योजना की समीक्षा होगी। इस बैठक में देशभर के सभी 45 प्रांतों के प्रांत प्रचारक तथा सह प्रांत प्रचारक आए है। संघ के सर संघ चालक डॉ. मोहन भागवत, सह कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित पांचों सह सर कार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, डॉ. मनमोहन वैद्य, सीआर मुकुंद, अरूण कुमार तथा रामदत्त एवं सभी छह कार्य विभागों के प्रमुख व अखिल भारतीय कार्यकारिणी के प्रचारक सदस्यों के सहित विविध संगठनों के अखिल भारतीय स्तर के संगठन मंत्रियों में बनवासी कल्याण आधम से अतुल जोग, भारतीय मजदूर संघ से सुरेंद्रन, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से आशीष, भारत किसान संघ से दिनेश कुलकर्णी, विद्या भारती से गोविंद मोहंती, विश्व हिंदू परिषद के मिलिंद परांडे एवं भाजपा से बीएल संतोष भी बैठक के लिए झुंझुनूं आए है।

# नुपूर शर्मा के पक्ष में पोस्ट डालने पर सर तन से जुदा की धमकी

**जोधपुर,** (कासं) । जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत मुंशी को नुपूर शर्मा के पक्ष में पोस्ट डालने पर व्हाट्सअप पर सर तन से जुदा की धमकी मिली। इस मामले में धमकी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल धमकी देना वाला भी कोर्ट में मुंशी के पद पर है। पहले तो उसने पोस्ट लगाने वाले को फोन कर धमकाया। उसने फोन उठाना बंद किया तो व्हाट्सअप पर मैसेज किए। और आज कोर्ट में एडवोकेट एसोसिएशन के समझाने पर भी सजा देने की बात पर अड़ा रहा। इस पर कुड़ी थाना पुलिस हाईकोर्ट पहुंची और धमकी देने वाले मुंशी को गिरफ्तार कर लिया।

# जोनल डवलपमेंट प्लान स्वीकृत नहीं होने से लोगों के घरों के पट्टे अटके

■ चूरू में कांग्रेस का बोर्ड और राजस्थान में सरकार होने के बाद भी स्वीकृत नहीं हुआ जोनल डवलपमेंट प्लान

**चूरू,** (कासं)। नगरपरिषद क्षेत्र में अभी तक जोनल डवलपमेंट प्लान स्वीकृत नहीं होने से लोगों के घरों के पट्टे अटके हुए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के सैंकडों लोगों ने अपने घरों के पट्टे बनवाने के लिए नगरपरिषद में आवेदन कर रखा है। जबकि यहां 69 ए के तहत आज तक एक भी पट्टा जारी नहीं हुआ है। यहां नगरपरिषद के सूत्रों के अनुसार जॉनल डवलपमेंट प्लान का प्रस्ताव जयपुर भेजा हुआ है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद 69 ए के पट्टे बनाए जाएंगे। नगरपरिषद द्वारा अभी तक कृषि भूमि से साढ़े तीन सौ पट्टे वितरित किए जा चुके हैं। सैंकड़ों लोगों के पट्टे अभी भी नहीं बने हैं। इसी प्रकार 53 पट्टे फ्री होल्ट वितरित किए जा चुके बताए। इसी कड़ी में 60 नाम परिवर्तन कर पट्टे जारी किए गए हैं।

सूत्रों ने बताया कि सभापति पायल सैनी जयपुर गई हुई हैं। यहां पट्टे नहीं मिलने से नाराज नागरिकों ने कहा कि चूरू में कांग्रेस का बोर्ड है, राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है। उसके बाद भी जॉनल डवलपमेंट प्लान स्वीकृत नहीं होना और उसके बहाने से लोगों के घरों के पट्टे अटका देना बड़े ही दुर्भाग्य की बात है। यहां कांग्रेस में एमएलए, एमपी आदि की टिकटों के तो दर्जनों दावेदार हैं लेकिन नगरिकों के हित की बात करने वाला एक भी नहीं है। सब अपनी-अपनी रोटियां सेकने में लगे रहते हैं। आमजन की याद तो चुनाव के समय आती है। उस समय तरह-तरह के बहाने बनाकर वादे करते हैं। यहां कांग्रेस के नेताओं को चाहिए कि वे एक-दूसरे की टांग-खींचाई करने की बजाए जनहित के कार्यों को करवाएं। यही हाल रहा तो इस बार यहां कांग्रेस उम्मीदवारों की जमानत जप्त ही समझो।

# अलवर में रोडी-बजरी बेचने वाले ने छह करोड़ के लोन उठाए




शातिर आरोपी इंद्रजीत गुर्जर को पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों सहित गिरफ्तार किया।

■ कई लोगों के प्लॉट, मकान व फ्लैट के फर्जी कागज तैयार कर फर्जी लोन उठाया

■ आर्मी के कर्नल से लेकर खुद के भाई तक को ठगा

**अलवर,** (निसं)। अलवर में रोडी-बजरी बेचने का काम करने वाले एक शातिर ने कई लोगों के प्लॉट, मकान व फ्लैट के फर्जी कागज तैयार कर करीब 6 करोड़ रुपए के फर्जी लोन उठा लिए। आर्मी के कर्नल से लेकर खुद के भाई तक को ठग लिया।

इस फर्जीवाडे में यूआईटी बैंक व रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मचारी भी शामिल हो सकते हैं। तभी आरोपी (नगर विकास प्राधिकरण) से असली डॉक्यूमेंट देखकर नकली तैयार करता था। फिर प्लॉटधारी के नाम से फर्जी राशन कार्ड व पैन कार्ड बनवाता। उस आधार पर बैंक में फर्जी खाता खुलवाता। प्रॉपर्टी के फर्जी कागजों को रजिस्टर्ड भी खुद कर लेता। फिर इन जाली दस्तावेजों से कभी लोन उठा लेता।

शातिर आरोपी इंद्रजीत अलवर के कोटकासिम के खेड़ा पालपुर का रहने वाला है। इंद्रजीत गुर्जर को पुलिस ने गिरफ्तार कर दिया है। कोतवाल महेश शर्मा द्वारा पड़ताल कराई तो फर्जीवाडे की कई परतें खुलीं। इंद्रजीत ने 200 रुपए में फर्जी राशन कार्ड व पैन कार्ड बनवाए थे। जांच की तो राशन कार्ड फर्जी मिला।

कर्नल पीएस राणा की पत्नी हेमा राणा के नाम से प्लॉट का फर्जी पट्टा बनाया गया। इस पर लगी मोहर 2006 में खरीदे गए प्लॉट के समय की है। जो यूआईटी से चुराई गई। बिना यूआईटी के कर्मचारियों की मिलीभगत के यह सब संभव नहीं है। साल 2006 में ईटाराणा आर्मी कैंट अलवर में कर्नल राणा की ड्यूटी थी। जिन्होंने यूआईटी से ऑक्शन में अम्बेडकर नगर स्कीम में पत्नी के नाम से के-30 प्लॉट खरीदा था। बाद में कर्नल राणा का ट्रांसफर हो गया। अब असम में ड्यूटी है। 2020 में कर्नल राणा ने प्लॉट बेच भी दिया। जिसने प्लॉट खरीदा उसने मकान भी बना लिया।

साल 2022 में इंडियन बैंक ने मकान पर नोटिस चिपका दिया। ये नोटिस लोन बकाया होने का था। पता लगा कि राणा ने किसी इंद्रजीत को प्लॉट बेचा ही नहीं तो लोन की रिकवरी कैसे होने लगी। फिर बैंक में कागज देखे तो पता लगा कि राणा की पत्नी के नाम पैन कार्ड, राशन कार्ड फर्जी बना रखे थे। उनके आधार पर बैंक में खाता खुलवाया गया। उन जाली दस्तावेजों से इंद्रजीत ने उस प्लॉट को खरीद लिया व बकायदा रजिस्टर्ड कराया। इन जाली दस्तावेजों से इंद्रजीत ने लोन उठा लिया। अब 17 जून 2022 को मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके बाद पुलिस इंद्रजीत के कई मामलों तक पहुंची। इंद्रजीत ने राहुल चौधरी के नाम से भी खुद के दस्तावेज बना रखे हैं। कर्नल पीएस राणा की पत्नी हेमा राणा का फर्जी मतदाता पहचान पत्र बना दिया गया। जिस पर कर्नल का पता अलवर ट्रांसपोर्ट नगर है। जबकि कर्नल नोएडा के रहने वाले हैं। इंद्रजीत का सगा भाई कृष्ण गुर्जर है। जिसके नाम भी अम्बेडकर नगर में प्लॉट था। इंद्रजीत ने अपने भाई के नाम से भी सब फर्जी कागज बना लिए। बैंक में खाता खुलवा लिया। फिर यूआईटी से सब कागज निकलवा लिए। उन कागजों के आधार पर खुद मालिक बन गया। फिर बैंक ऑफ महाराष्ट्र से 50 लाख रुपए का लोन ले लिया। भाई कृष्ण की पत्नी के नाम से 48 लाख रुपए का लोन उठाया। भाई की शिकायत पर बाद में बैंक ने मुकदमा दर्ज कराया।

असल में करीब 10 साल पहले इंद्रजीत गुर्जर बिल्डर अजय शर्मा के संपर्क में आया था तभी से वह इंद्रजीत ने फर्जीवाडा शुरू कर दिया।

# सूरतगढ़ थर्मल सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट में चोरी

■ लाखों रुपए का सामान हुआ पार

■ प्रशासन में मचा हड़कंप, सीआईएफएस करती है प्लांट की सुरक्षा

**सूरतगढ़,** (निसं)। सूरतगढ़ थर्मल सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट में लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। प्लांट में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सिक्योरिटी है।

जानकारी के अनुसार सूरतगढ़ थर्मल सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट कोल इकाई के सात नंबर बॉयलर में लगी कॉपर की ट्यूब और टयूब में लगे 9 सोलनॉइड वाल्व चोरी हो गए। चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। प्लांट में चोरी का पता चलने के बाद प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस को बुलाकर घटनास्थल का मौका मुआयना कराया। वहीं इतनी बड़ी चोरी में प्लांट प्रशासन को यह भी पता नहीं है कि चोरी कब हुई है।

गौरतलब है कि सूरतगढ़ थर्मल सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की 7 नंबर इकाई पावर ट्रांसफार्मर जनरेशन खराब होने के कारण बंद थी। जिससे प्लांट प्रशासन ने सात नंबर बॉयलर को काफी समय से नहीं संभाला है, हालांकि इस संबंध में प्लांट प्रशासन ने रूटीन चेक अप की बात कही है।

थर्मल अधिकारियों ने बताया कि स्विच के रूप में पानी या हवा के प्रवाह को नियंत्रित करता है। जो कि थर्मल यूनिटों को लाइट अप करने व बंद करने के दौरान हॉट व कोल्ड एयर गेट पर लगे रहते हैं। जो कि काफी महंगे होते है। थर्मल में इतनी बड़ी चोरी होने पर थर्मल प्रशासन पर व सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। थर्मल के अंदर आने-जाने वाले प्रत्येक वाहन और व्यक्ति को कड़ी पूछताछ व चेकिंग के बाद प्रवेश दिया जाता है। सुरक्षा के लिहाज से पूरे थर्मल औधोगिक क्षेत्र में चारदीवारी है। ऐसे में इस प्रकार की घटना का हो जाना थर्मल की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करता है।

# स्वयंसेवक की मां की कुशलक्षेम पूछने के लिए पहुंचे भागवत

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं दौरे पर आए आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत अचानक छावनी बाजार स्थित एक स्वयंसेवक के घर पहुंचे और उनकी मां के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए कुशलक्षेम पूछी। डॉ. मोहन भागवत यहां पर करीब 20 मिनट ठहरे। बताया जा रहा है मुंबई में स्वयंसेवक के रूप में संघ का काम करने वाले विष्णु महमिया की मां पिछले काफी समय से बीमार है। विष्णु महमिया की मां के बीमार होने की सूचना पर डॉ. मोहन भागवत उनके घर पहुंचे। इस दौरान छावनी बाजार में समय से पहले ही दुकानों को सुरक्षा की दृष्टि से बंद करवाया गया। क्योंकि छावनी बाजार में भीड़भाड़ रहती है। इसके अलावा सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध रहे। इसके अलावा खेमी शक्ति मंदिर से लेकर छावनी बाजार तक चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनामत किया गया।

# रिंग रोड पर लोगों को लूटने वाले चार बदमाश भांकरोटा पुलिस के हत्थे चढ़े

## इस गैंग ने 3 जुलाई को ट्रक चालक और खलासी पर पिस्तौल तानकर 33 हजार रु. छीने थे

**जयपुर** (कासं)। भांकरोटा थाना पुलिस ने रिंग रोड पर लोगों को लूटने वाले चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट का सामान बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने भांकरोटा, शिप्रापथ, प्रताप नगर, शिवदासपुरा, सांगानेर सदर थाना इलाकों में लूट की वारदात कबूली। पुलिस अब पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

डीसीपी पश्चिम वंदिता राणा ने बताया कि 3 जुलाई को परिवादी अमजद मय खलासी जुब्बैर के साथ ट्रक में फागी से चना भरकर हरियाणा से रवाना हुआ। भांकरोटा रिंग रोड के किनारे साइड में लगाकर थोड़ा आराम और टायर ठंडा करने के लिए रुका तो रात 11 बजे दो बाइकों पर पांच 5 लोग आए। आते ही उन्होंने अमजद और खलासी को पकड़कर पिस्तौल दिखाई और उसके बाद मारपीट कर 33 हजार रुपए छीन लिए और मौके से भाग गए।

पुलिस ने बताया कि अमजद द्वारा बताए गुए हुलिए के आधार पर पुलिस ने वारदात करने वाले बदमाशों को चिन्हित कर लिया। पुलिस ने मानसरोवर, सांगानेर, प्रताप नगर और मुहाना और निवाई टोंक की ओर रहने के बारे में पता चला। इस पर भांकरोटा थानाधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक टीम को प्रताप नगर, मुहाना और टोंक निवाई भेजा गया। टीम ने जयपुर शहर से सांगानेर, प्रताप नगर और मुहाना मंडी और रिंग रोड के आस-पास सुनसान इलाका और बस स्टैण्ड पर आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई। 6 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बताए हुए हुलिए के लड़के जयसिंहपुरा से संस्कृत यूनिवर्सिटी से आगे मुहाना रोड पर खड़े है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी सुनसान जगह पर बबूल के पेड़ों के छाया में दो बाइकों पर चार लड़के खड़े होकर सिगरेट पीते हुए मिले।


**भांकरोटा थाना पुलिस ने रिंग रोड पर लोगों को लूटने वाले चार शातिर बदमाशों को गुरूवार को गिरफ्तार किया।**

- **बदमाशों ने भांकरोटा, शिप्रापथ, प्रताप नगर, शिवदासपुरा और सांगानेर सदर इलाके में लूट की वारदातें कबूली**

इस पर पुलिस ने दबिश देकर चारों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुनेला सदर टोंक निवासी नैनू गुर्जर, बनेठा टोंक निवासी आत्माराम गुर्जर, फोजेन्द्र गुर्जर और दिलखुश गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में बमदाशों ने लूट की कई वारदातों को कबूल किया। पुलिस ने उनके कब्जे से दो बाइक, मोबाइल फोन बरामद कर लिए।

# सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में पंजाब पुलिस शूटर दानाराम से पूछताछ करेगी

- **पंजाब से जयपुर पहुंची पुलिस ने दानाराम जाट को प्रोडक्शन वारंट पर सेंट्रल जेल से गिरफ्तार किया**
- **दानाराम समेत 3 बदमाशों को भांकरोटा पुलिस ने 21 जून को महापुरा पुलिया के नीचे हथियारों के साथ दबोचा था**

**जयपुर** (कासं)। पंजाब में सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की पूछताछ के लिए पंजाब पुलिस गुरुवार को जयपुर पहुंची और शूटर दानाराम को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर पंजाब लेकर चली गई। दरअसल भांकरोटा थाना पुलिस ने 21 जून को रात करीब 10 बजे महापुरा अंडरपास रिंग रोड गश्त के दौरान बीकानेर के शूटर दानाराम समेत तीन बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ पकड़ा था।

पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक पिस्टल, एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया था। जयपुर पुलिस के सिपाही कृष्ण कुमार और करण ने शूटर दानाराम को पकड़ा था।

दरअसल जयपुर सेंट्रल जेल में बंद दानाराम को सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल होने के संदेह में पंजाब पुलिस पूछताछ के लिए लेकर गई है। बदमाश दानाराम बीकानेर के शातिर बदमाश रोहित गोदारा गैंग का सक्रिय सदस्य है। ऐसे में राजस्थान के कई और चेहरे इस हत्याकांड में बेनकाब हो सकते है। शूटर दानाराम के संबंध लॉरेंस गैंग से है। वहीं लॉरेंस का नेटवर्क राजस्थान में भी फैला हुआ है। हालांकि जब सिद्धू मूसेवाला की पंजाब में हत्या हुई थी। उसके बाद पंजाब पुलिस की जांच में राजस्थान की एक बोलेरो गाड़ी सामने आई थी। जिसे सिद्धू मूसेवाला की हत्या में काम लिया गया था। इसके बाद पंजाब पुलिस पहले भी राजस्थान में आई थी और सीकर, चूरू, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ सहित कई जिलों में पंजाब पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई जगह दबिश दी थी।

## प्रॉपर्टी डीलर से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल इलाके में एक हार्डकोर बदमाश द्वारा प्रॉपर्टी डीलर से 10 लाख रूपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। जांच-अधिकारी एसआई मदरूप सिंह ने बताया 8/202, मालवीय नगर निवासी जसविंदर सिंह (61) प्रॉपर्टी डीलर है। उसकी फैमिली विदेश में रहती है। जसविंदर ने अमरनाथ वाटिका, आदर्श नगर में 1680 वर्ज गज का भूखंड 1.60 करोड़ रूपए में खरीदा था। इस भूखंड से कब्जा हटाने के नाम पर हार्डकोर बदमाश मुस्तकीम उर्फ़ सिराजुद्दीन पीड़ित से 10 लाख रूपए की फिरौती मांग रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## चोरी के मामले में किन्नर गिरफ्तार

**जयपुर**। श्याम नगर थाना पुलिस ने चोरी के मामले में फरार एक किन्नर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपित शबाना किन्नर (25) फ़तेह नगर, हसनपुरा-सी, सदर का रहने वाला है, जोकि जुआ-सट्टा खेलने का शौकीन है। वह स्कूटी से दिन दहाडे सूने मकानों में चोरी की वारदात करता है। पूर्व में चित्रकूट थाने में गिरफ्तार हो चुका है। इसके कब्जे से सात तोला वजनी सोने के गहने और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी जब्त की गई है।

## हथियार डिलीवरी के लिए घूमते शिवराज गैंग का बदमाश पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। करधनी थाना पुलिस ने हथियार सप्लाई की फिराक में घूम रहे शिवराज गैंग के सक्रिय बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लोडेड देशी कट्टा बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी वन्दिता राणा ने बताया कि तरुण शर्मा (20) पुत्र महेश चन्द शर्मा निवासी निठारा शाहपुरा हाल नारायण नगर कॉलोनी भगवती नगर करधनी का रहने वाला है। उसके पास मिले लोडेड देशी कट्टा को जब्त किया गया है। थानाधिकारी बनवारी लाल को सूचना मिली कि नांगल जैसा बोहरा गांव में जगदंबा स्कूल के पास शिवराज गैंग का सक्रिय बदमाश हथियार की डिलीवरी देने आया है। पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाश तरुण शर्मा को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक देशी कट्टा और कारतूस मिला। पुलिस ने आरोपी तरुण को गिरफ्तार कर लोडेड देसी कट्टा जब्त किया। पूछताछ में उसने अपने साथी को हथियार देने के लिए आने की बात बताई। एसएचओ बनवारी लाल ने बताया कि तरुण से पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए है। पूछताछ में सामने आया है कि शिवराज सिंह की रिश्तेदारी उसके गांव निठारा में है। रिश्तेदार के यहां आने-जाने पर शिवराज सिंह से उसकी दोस्ती हो गई थी। करीब 3-4 साल पहले मर्डर के मामले में शिवराज सिंह जेल चला गया। जेल में रहने पर भी शिवराज सिंह से बात होती रहती थी। साल 2020 में शिवराज सिंह ने उसे कॉल किया। मुरलीपुरा में एक बुकी से पैसे लाने का काम दिया और कहा कि अगर पैसे नहीं दे तो गोली चला देना। जुलाई 2020 में शिवराज के इशारे पर मुरलीपुरा में वह अपने दोस्त के साथ बुकी के पास गया। बुकी ने पैसे देने से मना किया तो उस पर फायरिंग करके फरार हो गया था।

# शराब के पैसे न देने पर 3 नशेडियों ने युवक के सिर की हड्डी तोड़ी

## मानसरोवर में रिद्धि-सिद्धि चौराहे पर 22 जून को हुई थी वारदात, युवक की चेन और पर्स लूटने आये थे बदमाश

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । मानसरोवर इलाके में 3 शराबियों ने एक युवक के सिर में पत्थर मारकर उसके सिर की हड्डी तक तोड़ डाली। आरोपियों ने शराब के लिए पैसे मांगे थे, लेकिन युवक ने मना कर दिया था। आरोपी उसके गले की चेन और पर्स के रूपये छीनने आये थे। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन कर उसके सिर की टूटी हड्डी की जगह प्लेट लगाई है। अब 15 दिन के इलाज के बाद पीड़ित युवक ने अब मानसरोवर थाने में पहुंचकर मामला दर्ज कराया है।

- **15 दिन के इलाज के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया**

पुलिस ने बताया कि पीड़ित समीर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 जून को वह रिद्धी-सिद्धी चौराहे के पास कार में बैठा था। अचानक 3 युवक उसकी कार के पास आए कार का दरवाजा खोला। समीर कार से बाहर आया तो उनमें से एक ने समीर को पकड़ लिया और चेन तोड़ ली। दूसरे ने उसके दोनों हाथ पकड लिए और तीसरे ने पर्स निकाल लिया। समीर ने पुलिस को बताया कि उनमें से एक शराब के नशे में था और शराब के लिए तीनों रुपए मांग रहे थे। समीर मदद के लिए चिल्लाया तो वहां पर कुछ लोग आए। लेकिन, इससे पहले ही आरोपियों ने समीर के सिर में पत्थर से कई वार किए। समीर के सिर से खून रिसने लगा और वह अचेत होकर वहीं गिर गया। बाद में वहां से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहले जयपुरिया और फिर बाद में एसएमएस अस्पताल में भी इलाज नहीं मिला तो एक निजी अस्पताल में सिर की सर्जरी कराई गई। 22 जून से चार जुलाई तक अस्पताल में रहने के बाद और दो दिन घर में रेस्ट करने के बाद अब समीर ने केस दर्ज कराया है।

## सार-समाचार

### चेयरमैनों में सुलह कराने की कवायद

**जयपुर** (कासं)। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के समिति अध्यक्षों के बीच चल रहे मनमुटाव को दूर करने की कवायद बीजेपी ने शुरू कर दी है। उप महापौर पुनीत कर्णावट ने गुरुवार को सभी समिति अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में सभी अध्यक्षों ने खुलेमन से अपनी बात रखी। बैठक में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए और समिति अध्यक्षों को नहीं पूछने पर नाराजगी जताई। जल्द ही समिति अध्यक्षों के साथ महापौर की बैठक भी होगी। सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने समिति चेयरमैनों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में सभी ने महापौर सौम्या गुर्जर और नगर निगम ग्रेटर के अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई थी। इस पर राठौड़ ने सभी चेयरमैन को एक साथ बैठकर अपने मनमुटाव दूर करने की बात कही थी। इस पर गुरुवार को समिति अध्यक्षों ने बैठक की और अपनी बात को रखा। इस बैठक में महापौर सौम्या गुर्जर गुट के चेयरमैन भी शामिल हुए। बैठक में ग्रेटर नगर निगम क्षेत्राधिकार में बिगड़ी सफाई व्यवस्था को लेकर सभी ने अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की। समिति अध्यक्षों ने कहा कि बीवीजी कंपनी को बिना उनसे चर्चा किए ही बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। सफाई की बैठक में सफाई समिति के चेयरमैन ही शामिल नहीं हुए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब संसाधन ही नहीं थे तो काम अपने हाथ में क्यों लिया गया? बताया जा रहा है कि अब जल्द ही महापौर के साथ सभी समिति अध्यक्षों की बैठक होगी। यह बैठक इस हफ्ते के अंत तक होने की संभावना है।

### ट्रक की टक्कर से 2 युवकों की मौत

**जयपुर** । झोटवाड़ा में बुधवार रात रोड किनारे खड़ी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली के ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। एक्सीडेंट थाना (वेस्ट) पुलिस ने बताया कि हादसे में गोविन्दगढ़ निवासी रोहिताश (28) पुत्र भागीरथ और मुकेश (25) पुत्र गोपाल निवासी अमरसर जयपुर ग्रामीण की मौत हो गई। दोनों ट्रैक्टर-टॉली के ड्राइवर थे। बुधवार रात को दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर घर लौट रहे थे। दादी का फाटक के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर पंचर हो गया। रात होने के कारण पंचर की दुकान नहीं मिलने पर दोनों ने ही रात वहां बितानी तय की। रोड किनारे दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को खड़ा कर दिया और उसमें सो गए। रात करीब 1 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को अपनी चपेट में लिया। टक्कर मारकर ड्राइवर मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने एक्सीडेंट की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर को हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर ट्रक और ड्राइवर की तलाश कर रही है।

### एडिट फोटो से महिला से ब्लैकमेलिंग

**जयपुर** (कासं)। राजधानी में लोन मोबाइल ऐप से रुपए लेना एक महिला को उस वक्त भारी पड़ गया, जब मूल रकम से दोगुना राशि चुकाने के बाद भी उसे ब्लैकमेल किया गया। आरोपी ने एडिट न्यूड फोटोज के साथ कमेंट लिखकर उसके मोबाइल नंबर अश्लील साइट पर डाल दिया। लोगों के गंदे-गंदे कॉल आने से परेशान होकर महिला ने चित्रकूट थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-6 चित्रकूट नगर निवासी 26 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 4 जुलाई को वह गूगल प्ले स्टोर देख रही थी। प्ले स्टोर पर लोन देने वाले ऐप दिखे। ऐप डाउनलोड कर डिटेल शेयर की। ऐप्स के जरिए बैंक अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर दिए। जिसके बाद उसके पास कॉल कर धमकाने लगे। उसके मोबाइल में मौजूद कॉन्टैक्ट और फोटो-वीडियो ले लिए। अश्लील फोटो बनाकर परिचितों के कॉन्टैक्ट नंबर पर शेयर करने की धमकी दी गई। ब्लैकमेल कर मांगे गए रुपए दिए लिंक पर पीड़िता ने दे दिए। उसके बाद ओर रुपयों की डिमांड की गई। रुपए नहीं देने पर अश्लील कमेंट के साथ एडिट न्यूड फोटो को उसके मोबाइल नंबर के साथ अश्लील साइट पर डाल दिया। लोगों के अश्लील गंदे-गंदे कॉल आने से परेशान होकर पीडिता ने पुलिस की मदद ली। पुलिस साइबर ठगों की तलाश कर रही है।

### दामाद की मारपीट से ससुर की मौत

**जयपुर** । शास्त्रीनगर में एक दामाद ने ससुर से मारपीट कर उसे मौत की नींद सुला दिया। थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत ने बताया मृतक हरजीनाथ निवासी कलाकार कॉलोनी का रहने वाला था। इसी कॉलोनी में मृतक का दामाद मिट्ठू नाथ भी रहता है। घटनाक्रम के मुताबिक 5 जुलाई की रात करीब साढ़े 11 बजे घर में घरेलु विवाद के दौरान झगड़ा हुआ था। इस दौरान हरजी नाथ बीच बचाव के लिए आया तो दामाद मिट्ठू नाथ ने उसे घूंसा मार दिया, जिसे वह जमीन पर नीचे गिर कर बेहोश हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है मृतक हरजी नाथ का पूर्व में हार्ट का ऑपरेशन हो चुका है।

### 5 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

**जयपुर** । कमिश्नरेट के आमेर थाने में दर्ज नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप में फरार चल रहे टॉप टेन में वांछित 5000 रूपए इनामी आरोपी अकील निवासी नाई की थड़ी को सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने आगरा रोड से डिटेन कर आमेर थाना पुलिस को सौंप दिया गया। एडीजी (क्राइम) डॉ रवि प्रकाश ने बताया कि आरोपी युवक अकील के आगरा रोड पर देखे जाने की सूचना प्राप्त हुई। इस पर टीम मौके पर पहुंची और राजेश मोटर्स चौराहे के पास चाय की दुकान पर बैठे अकील को पकड़ लिया। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार फरारी काट रहा था।

### रोहित गोदारा के तीन साथी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद से फरार बीकानेर का हार्डकोर क्रिमिनल रोहित गोदारा इंटरनेट कॉलिंग से जयपुर के व्यापारियों को धमका रहा है। रोहित ने 6 मई को नेशनल हाईवे के एक बड़े ठेकेदार को फोन पर धमकी देते हुए 17 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। मामला दर्ज होने के बाद शिप्रापथ थाना पुलिस ने बुधवार को उसके तीन साथियों नवरतन शर्मा, संदीप स्वामी उर्फ सोनू, शिवसिंह भलूरी उर्फ शिवाजी को पकड़ लिया है, जिनको रिमांड पर लेकर पूछताछ हो रही है।

### महिला के गले से चेन-मंगलसूत्र तोड़ा

**जयपुर** । करधनी इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला की चेन और मंगलसूत्र तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया लक्ष्मण रेखा विस्तार, निवारू रोड निवासी रूचि पारीक 6 जुलाई की सुबह सेंट टेरेसा स्कूल के पास से जा रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन और मंगलसूत्र तोड़ ले गए। पुलिस जांच में जुटी है।

### नकबजन से जेवर-लैपटॉप बरामद

**जयपुर** । करधनी थाना पुलिस ने शातिर नकबजन संजय मीणा (22) निवासी भैरव नगर, मीणा की ढाणी, हरमाड़ा को गिरफ्तार कर चुराए गए जेवरात सहित लैपटॉप बरामद किया है। पुलिस आरोपी के दो साथी कैलाश प्रजापत और अशोक रैगर को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।

# बदत्तर सफाई सुधरती नहीं, फिर भी लापरवाह अफसरों को सख्ती की हिदायत देकर लौट आती है मेयर मुनेश

## गुरूवार को परकोटे के औचक निरीक्षण के दौरान जगह-जगह पर गंदगी मिली, महापौर ने अफसरों-कार्मिकों को फटकार लगाई

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । महापौर मुनेश गुर्जर गुरूवार को अफसरों की फौज साथ लेकर परकोटे में सफाई जांचने निकली, हर बार की तरह जगह-जगह गंदगी के ढेर, सीवरेज का बहता पानी और मिट्टी-मलबा मिला।

इसके बावजूद भी लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई करने के बजाय महापौर मुनेश हर बार की तरह सख्ती बरतने की कोरी हिदायत देकर लौट आई। हालांकि उन्होंने कहा कि यह आखिरी मौका है, अगर भविष्य में कहीं पर सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली तो जिम्मेदार अफसरों और कार्मिक के खिलाफ सख्त एक्शन लेंगे।

मुनेश गुर्जर ने कहा कि जो अधिकारी काम नहीं करेगा, उनका हैरिटेज नगर निगम में कोई काम नहीं है। ऐसे अफसरों को हटाने के लिए राज्य सरकार को लिखा जाएगा। इससे पहले महापौर ने वार्ड 97 का अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षक किया। आदर्श नगर जोन क्षेत्र में जगह-जगह कचरा गंदगी मिली। इस पर महापौर ने मौके पर ही अधिकारियों को फटकार लगाई और जोन उपायुक्त व स्वास्थ्य उपायुक्त को भी फील्ड में निकलकर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने को कहा। महापौर ने कहा कि अगली बार निरीक्षण में सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं मिली तो कार्रवाई की जाएगी। दौरे के दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य आशीष कुमार, जोन उपायुक्त मेघराज सिंह मीना, उपायुक्त गैराज अतुल शर्मा, अधीशाषी अभियंता किशन लाल मीना, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, सहायक अभियंता व अन्य अधिकारी साथ रहे।


**महापौर मुनेश गुर्जर को औचक निरीक्षण के दौरान आदर्श नगर इलाके में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे मिले।**

- **मुनेश गुर्जर ने कहा ''आखिर मौका है, जो अफसर काम नहीं करेगा, उसे निगम से हटा देंगे''**

## सवा 21 करोड़ के खर्च से होगा जयपुर चारदीवारी का कायाकल्प

**जयपुर** (कासं)। यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल हुए जयपुर परकोटे का अब संरक्षण होगा। हैरिटेज नगर निगम करीब 21.27 करोड़ रुपए खर्च कर चारदीवारी का संरक्षण करवाएगा। जलदाय मंत्री महेश जोशी, हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर और आयुक्त विश्राम मीना ने गुरुवार को गंगापोल गेट पर परकोटे के संरक्षण के काम का शिलान्यास किया।

प्रथम चरण में परकोटे की 6344.27 मीटर दीवार के संरक्षण का काम किया जाएगा। इस पर निगम करीब 21.27 करोड़ रुपए खर्च करेगा। 6344.27 मीटर दीवार के संरक्षण काम में चूना-सुरखी से दीवार का प्लास्टर किया जाएगा। कंगूरा मरम्मत और मेहराब आदि का काम होगा।

दरअसल यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में जयपुर के शामिल होने के पीछे परकोटे के हैरिटेज की अहम भूमिका है। हालांकि परकोटे की दीवार जगह-जगह से जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है। यूनेस्को की गाइडलाइन के बाद हैरिटेज निगम प्रशासन को परकोटे के संरक्षण की याद आई है। परकोटे की दीवार की मरम्मत के लिए टैंडर कर वर्कऑर्डर जारी कर दिए है। हालांकि निगम प्रशासन को इसके दो बार टैंडर करने पड़े। अफसरों की मानें तो परकोटे के संरक्षण को लेकर नवंबर 2021 में टैंडर किए थे, लेकिन इसमें एक ही फर्म शामिल हो पाई, ऐसे में निगम प्रशासन ने दूसरा फिर से टैंडर जारी करने पड़े। ये निविदा मार्च में थी, लेकिन कार्य अब शुरू करेगा। अब बारिश का दौर शुरू हो चुका है, ऐसे में काम लंबा खींच सकता है। शिलान्यास समारोह में जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि परकोटा का संरक्षण होने पर जयपुर संरक्षण होगा। महापौर मुनेश गुर्जर ने कहा कि परकोटा हमारी विश्व धरोहर है, इस का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। हैरिटेज क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। आयुक्त विश्राम मीना ने कहा कि जयपुर शहर को विश्व हैरिटेज का दर्जा मिलना गौरव की बात है, इसको संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है।

## एनएसयूआई ने विरोध जताया तो राजस्थान विवि. ने बढ़ाई यूजी एडमिशन प्रवेश तिथि

**जयपुर** (कासं)। यूजी में एडमिशन की तिथि आगे बढ़ाए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को एनएसयूआई ने राजस्थान विवि. परिसर में प्रदर्शन किया। इस हंगामे के करीब डेढ़ घंटे बाद ही राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 जुलाई कर दी है।

दरअसल 12वीं सीबीएसई कक्षा का परीक्षा परिणाम अभी तक नहीं आया है, इसी बीच राजस्थान विवि. प्रशासन ने यूजी की प्रवेश की अंतिम तिथि 7 जुलाई ही तय कर रखी थी। इस पर गुरूवार को एनएसयूआई के विवि. इकाई अध्यक्ष अमरदीप परिहार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता और विद्यार्थी कुलपति सचिवालय पर एकत्र हुए और पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। अमरदीप ने बताया कि सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम अब तक नहीं आया है, ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन को तिथि में इजाफा करना चाहिए। अपनी मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने विवि. परिसर में रैली निकाली और मुख्यद्वार से बाहर जाने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें सड़क तक नहीं जाने दिया। एनएसयूआई ने प्रेक्टिकल क्लासेज शुरू करने, विवि के सभी विभागों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, परिसर में हो रही चोरी की घटनाओं पर रोकथाम लगाने के साथ ही विवि कैम्पस की सडक़ और रोड लाइट्स सही करवाने की भी मांग की।


**एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अंडरग्रेजुएट प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर राजस्थान यूनिवर्सिटी के गेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस बल ने छात्रों को विवि. परिसर से बाहर निकलने से रोका।**

# सफाई में लापरवाही पर दो निगम कार्मिकों को नोटिस

## ग्रेटर निगम कमिश्नर महेन्द्र सोनी ने झोटवाड़ा, मुरलीपुरा और विद्याधर नगर क्षेत्र में जाकर सफाई व्यवस्था जांची

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर निगम कमिश्नर महेन्द्र सोनी ने गुरूवार को झोटवाड़ा, मुरलीपुरा और विद्याधर नगर इलाके का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सीकर रोड, कांटा चौराहा, खिरणी फाटक पुलिया अंडरपास, संजय नगर कच्ची बस्ती और कालवाड़ रोड पर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक घूमकर हालात देखे। झोटवाड़ा में डिवाईडर के बीच में गंदगी आर कचरे के ढेर मिलने पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक विरेन्द्र कुमार को और संजय नगर कच्ची बस्ती वार्ड 62 में कचरे के ढेर देखकर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रेमसिंह वैद्य को कारण बताओ नोटिस जारी कराया।

निरीक्षण के दौरान खिरणी फाटक पुलिया अंडरपास के नीचे पानी भरा हुआ पाये जाने पर नाराजगी दिखाई तथा भविष्य में पुलिया के नीचे पानी न भरे इसके लिये कार्य योजना बनाने के भी निर्देश दिये। कालवाड़ रोड पर पानी भरा हुआ देखकर मौके पर ही मड पम्प लगवाकर पानी की निकासी करवाई। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य मुकेश कुमार, उपायुक्त मुरलीपुरा संतोष गोयल, उपायुक्त विद्याधर नगर करणी सिंह समेत कइ मौजूद थे।


**ग्रेटर निगम कमिश्नर महेन्द्र सोनी ने विद्याधर नगर में सफाई जांची।**

## Math 2.0 Day

Imagine the way the world used to be viewed! Math, as known to be important but not thought to be something you could make a living at. Math 2.0 Day reminds us that technology is here to stay! For a lot of us, math wasn't a favourite subject, we'd spend the entire period staring at the equations and wondering what sort of livid madman designed these torture chambers on paper. Ultimately, we realized that math is utterly indispensable in our modern world.



#COVID-19

# Tylenol In Wastewater

One interesting discovery in the new study involves acetaminophen, a pain reliever and fever reducer that serves as an active ingredient in over-the-counter medicines.



In a pilot project exploring ways to monitor COVID-19, scientists hunted for pharmaceuticals, such as Tylenol, and viral RNA at the same time in wastewater in Western New York.

The results of their study, published in the journal Environmental Science & Technology Letters, suggest that measuring the concentrations of medicines in wastewater could add another layer to disease-monitoring efforts.

"Wastewater based disease surveillance is being done worldwide through monitoring of viral RNA," says lead scientist Diana Aga, professor of chemistry and director of the University at Buffalo's RENEW Institute. "The potential of complementing existing efforts with detection of pharmaceuticals is exciting. There are a lot of opportunities here, though more research is needed."

### Acetaminophen Spike

One interesting discovery in the new study involves acetaminophen, a pain reliever and fever reducer that serves as an active ingredient in over-the-counter medicines such as




Tylenol, Theraflu and other brands.

At all four wastewater treatment plants included in the project, the research found that acetaminophen concentrations in wastewater spiked before other measures of COVID-19 in the community in early 2021, including concentrations of COVID-19 viral RNA in wastewater, and the estimated number of confirmed COVID-19 cases.

For example, at the Bird Island Wastewater Treatment Plant, which serves Buffalo and some surrounding suburbs, acetaminophen levels in wastewater spiked about two weeks earlier than levels of SARS-CoV-2 RNA in wastewater. The spike in viral RNA, in turn, preceded the spike in the estimated number of confirmed cases of COVID-19 by about a week, scientists say.

"Our biggest finding is that there's a huge increase in the concentration of acetaminophen, which is used in over-the-counter drugs, that predates the peak of viral RNA in wastewater and the peak in clinical detections in our area during the study period," Aga says.

"This was very interesting, as it suggests that detection of pharmaceuticals could act as an early warning of a potential disease outbreak in a community," Aga says. "Our group is one of the first to complement detection of SARS-CoV-2 RNA in wastewater with the levels of pharmaceuticals."

### Wastewater Data

Wastewater data is becoming a crucial part of monitoring COVID-19 as home testing has become more popular, leading to many positive cases going unreported.

During the pandemic, engineering researchers Ian M. Bradley and Yinyin Ye have been working with partners including Erie County to monitor COVID-19 viral RNA in wastewater.

The new study is exciting because it suggests that detection of pharmaceuticals could add another layer to such efforts, Bradley and Ye say. Their labs contributed data to the research, and they are coauthors of the paper.

Acetaminophen is not a perfect proxy for COVID-19: People take the drug to treat many types of pain, aches and fevers, and some fluctuations of the medicine in wastewater over the study period did not correlate with viral RNA data.

However, the spike in acetaminophen that did seem to match up with the local COVID-19 wave was large and this finding points to use of over-the-counter medications as a potential early signal of a looming outbreak, the researchers say.

"What's really exciting is that there's so much information in wastewater. How can we use this to track diseases for public health? All of these data are complementary," says Bradley, assistant professor of civil, structural, and environmental engineering in the UB School of Engineering and Applied Sciences and a core faculty member in the UB RENEW Institute.


"We're focusing on wastewater public health studies, and we want to see if we can integrate more data to get an idea of what's going on in the community," says Ye, assistant professor of civil, structural, and environmental engineering, and RENEW faculty affiliate. "We can pull out information from wastewater but there are still a lot of unknown about how to interpret the data for public health. We want to test not just biological markers but also chemical markers and all sorts of different layers of information."

In addition to identifying the spikes in acetaminophen, the study found residues of prescription medications associated with the pandemic in wastewater, including drugs whose emergency use authorization for treating COVID-19 has been revoked by the US Food and Drug Administration.



# Conspiracies A galore At Mughal Court

Salim got the third message and was not sure how to comply and go and meet Akbar. Agra fort was filled with enemies lurking around every corner. His own son Khusrau, his cousin Man Singh, his uncle Aziz Koka were all baying for his blood. Salim's wives did not want him to go to meet Akbar as they were not sure if he would be safe. So Jodha Bai aka Jagat Gosain decided to go to meet Akbar. Jodha Bai was third wife of Salim and his senior most wife after Man Bai's death, and his second wife. Jodha Bai was also Khurram aka Shah Jahan's mother. Khurram was given to Ruqaiah Begam to be brought up by her, by Akbar when he was just a six day old baby.



Salim and Man Bai.



Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

#AKBARNAMA


The Year was 1604, Akbar was now old and had started falling frequently unwell. Salim was back at Agra fort for good after his revolt against Akbar since 1599. Man Bai's suicide on 16th May 1604 had shaken Salim to the core. Man Bai was his first wife and cousin. She played an important role in handling Salim's household in his absence during wars and revolt. She was of the same age as Salim and committed suicide by taking heavy dose of opium in 1604. She was given title 'Shah Begum' meaning 'Kings wife' by Salim after the birth of Khusrau.

### The Conspiracy

One day Akbar fell more than unusually unwell and wanted to speak to Salim urgently. He sent a message to Salim to meet him. Salim was in his palace with his wives and set out to meet Akbar in a boat on Yamuna. As he was approaching shore a rain of arrows descended on his boat. His boatman died and Salim had to row back his boat himself to his palace and thus could not meet Akbar. This was the second attack on his life after returning to Agra fort.

Next day Akbar again send him a message to come and meet him. This time Salim set out with body guards. Salim reached the shore and was about to walk towards Agra fort gate which was leading to Akbar's palace when an old courtier came running and told him to go back. He had an urgent message, that if he were to enter Agra fort he will not go back alive. A trap had been set to kill Salim as soon as he enters the fort. Salim again went back to his palace without meeting Akbar.

Salim was now worried; not only about his own safety but his children and mother's safety too. Some of his children like Khurram (Shah Jahan) and Bahar, who were still in Agra fort harem with their grandparents as Salim was always out heading his army at war or squashing one or the other revolt since a very young age. He hardly stayed a few years with his family. He was mostly out of station from the young age of 9 years. So his children were more close to grandparents than to their parents. Most of his children considered Akbar as their father rather than Salim as he was the non absentee father in their life. Same way Ruqaiya and Mariam uz Zamani were more like mothers to Salim's kids than his own wives Jodha or Kamrasi etc. Since children were brought up in Akbar's household, it was not quite surprising.



Akbar and Ruqaiya.

The mughal court was split into three camps, one was Salim's camp, second was Daniyal's camp and third camp was Khusrau's camp. Man Bai had committed suicide because Khusrau, who was being brought up by Akbar started calling Salim 'Shah Bhai' instead of respecting his father, and threw away his contention to the throne. When Man Bai told him to be loyal and respectful to Salim in a letter, he had refused to do so. Man Bai felt so dishonoured at his refusal that she drank wine mixed with opium and killed herself when Salim had gone hunting. Many powerful nobels sided with Khusrau be it Aziz Koka, Abdul Rahim Khan-i-Khanan, Man Singh, Ali Quli etc. The mughal court was split wide open with all courtiers siding with one or the other camp.

### Arbitrating

By now Akbar was getting impatient. He had called Salim to meet him on two consecutive days and seemingly Salim had ignored his summons. Akbar was anyway angry with Salim because of his revolt and killing of Abul Fazl etc. He had accepted Salim back at Agra fort only because of his mothers Salima and Ruqaiya etc had abjectly requested him. Further his own mother Hamida Bano had just died, her demise had left Akbar broken hearted. But the deep divide between father and son remained. Salim's enemies would loose no time to fuel hatred again in Akbar's heart saying that 'Salim had defied Akbar's orders on purpose and Salim thinks too much of himself' etc. By third day Akbar was furious with Salim for not visiting him although he had sent messages. By now entire Agra knew emperor was unwell, so Salim must have also known it, yet he did not go to meet Akbar. Akbar sent one last message to Salim to meet him in his palace.

Salim got the third message and was not sure how to comply and go and meet Akbar. Agra fort was filled with enemies lurking around every corner. His own son Khusrau, his cousin Man Singh, his uncle Aziz Koka were all baying for his blood. Salim's wives did not want him to go to meet Akbar as they were not sure if he would be safe. So Jodha Bai aka Jagat Gosain decided to go to meet Akbar. Jodha Bai was third wife of Salim and his senior most wife after Man Bai's death, and his second wife. Jodha Bai was also Khurram aka Shah Jahan's mother. Khurram was given to Ruqaiya Begam to be brought up by her, by Akbar when he was just a six day old baby.

Jodha Bai went to Agra fort to meet Akbar. Now Jodha Bai had a safe passage into Agra fort and Akbar's palace unlike Salim. Jodha Bai was related to Bhagwan Das; Man Singh and Khusrau treated her as their aunt (as father Udai Singh's sister was married to Bhagwan Das). Further by relation Akbar was her maternal uncle by marriage to her aunt Rukmavathi. So there was no threat to her life from anyone as all those opposing Salim were her close relatives and would never harm her. Jodha Bai went to Akbar's palace and met Akbar and told him of Salim's predicament about meeting his father.

> Salim was shocked that his father had come to his palace to meet him at night. Akbar and Salim had talked to each other after many years, and sorted out their differences and misunderstandings. Akbar left in the morning back to his palace. Akbar called Man Singh, Abul Rahim and Aziz Koka, and ordered them to allow Salim into Agra Fort.



Ruqaiya Sultan Begum.




Raja Man Singh.

### Elucidating

Salim also had enemies in his own house hold. His two servants had tried to assassinate him a few days back. Then they had tried running to south India to join Daniyal's camp but was caught. When Akbar heard from Jodha Bai the threat Salim faced, he understood the true reason for Salim's non compliance to his farmans. Jodha took a few of Salim's children with her and left for Salim's palace after visiting Akbar. But Khurram refused to leave Akbar and go with her to Salim's palace. Khusrau anyways opposed his own father and would not leave his grandfather to stay with his father. The remaining of Salim's children from various wives came back with Jodha Bai to Salim's palace.

A couple of days later, Akbar called his senior wives and told them to ensure that no one should know that he has left his palace. At midnight Akbar left in a boat to visit Salim in his palace. Salim was shocked that his father had come to his palace to meet him at night. Akbar and Salim had talked to each other after many years and sorted out their differences and misunderstandings. Akbar left in the morning back to his palace. Akbar called Man Singh, Abul Rahim and Aziz Koka, and ordered them to allow Salim into Agra Fort. Thus finally Salim got to visit his family at Agra fort officially and attend the mughal court.

writetoarbit@rashtradoot.com



Akbar and Jehangir with falcon.



Man Bai's tomb.

#MANKIND

# A Prophet That Wasn't


> At that moment, God was relaxing blissfully on Cloud Nine.





N.N. Sachitanand
*Senior journalist*

Once upon a time, not long ago, there lived a young man, who -- if he had followed a linear life process -- would have ultimately been-trading in commodities from a comfortable chamber next to that of his merchant father. But like many potential prophets, the young man chose to think out of the box. And what he perceived of the state of human existence around him -- the moralrot, the senseless violence, the pursuit of aggrandisement,the selfishness, the sorrows, the ghastly cruelty, the hypocrisy, the alienation, the fragmentation profoundly distressed him. He concluded that mankind was on the path of self-destruction. Was there a way to stop this suicidal rush, he wondered. Like other seekers of yore, this youngster opted out of conventional life and left hearth and home for the wilderness so as to meditate without being disturbed and focus on coming up with asolution for mankind 'sills. Typically, his concentration was sought to be diluted by the celestials, first by arguments and threats, and then by blandishments and enticements. But our hero remained steadfast and unmoved. Years passed and then one day the knowledge that he sought dawned on him. An effulgence glowed around his emaciated face and he opened his eyes and smiled. At that moment, God was relaxing blissfully on Cloud Nine. His personal secretary materialized near him and broke his reverie by coughing. "What is it, Angel One ?" asked the Lord. "It's another one of them, Lord," replied the Archangel. "Oh dear!" sighed the Supreme Being. "Have you tried the usual tricks with Mara and Maya?" "No dice, Lord. This one is for real. And he has come up with something." "Humm! It seems I will have to go down and have a chat with him," decided the Supreme One and reluctantly clambered out of the wispy couch. The enlightened young man perceived Him as a vaporous mass of incandescence. "Lord, is that you?" he queried with rapturous incredulity. "Yes, son," boomed a voice from the radiance, or so it seemed, for he also heard an echo within his own mind. "I have found it, Lord," babbled the young man excitedly. "I have found the path to mankind's-salvation. And it is so simple and straight forward that the most unlettered and poor person can easily follow it." "I know son, I have sensed it in your mind." "Please bless me then, O Glorious One, so that I can proceed to reveal the path to mankind and save it from perdition."




"Son, you have rightly concluded through your long period of cogitation that organized religion has alienated man from me and man from man, which in turn has led to the evils afflicting humankind. You are proposing a new system in which this distancing is abolished and each individual enshrines me with in himself or herself and is his or her own priest and temple. This democratisation and decentralization of worship sans middlemen or ecclesiastical structures or rigid ritualism or hierarchy will you feel neutralize much of the dissatisfaction that debilitates humans and lead to a leap in goodwill among fellowmen." "Exactly, O Lord!" "It is an estimable idea but before you sally forth on your mission, let me show you what will happen down the years and then you can-decide what you want to do. "With that a video presentation flashed on in the young man's mind. He saw himself returning to the town, gathering together some of his friends, family and acquaintances and telling them about the new Truth. At first only a handful were willing to accept this logic and these few became dedicated to his cause and teamed up with him as he went from village to village and town to town, propagating his message. He viewed them only as colleagues but soon theybegan to be characterized by others as his disciples and later the Inner Circle. He saw the popularity of his faith growing rapidly and the local ruler capitalizing on this to make it the new state religion, leading to conflicts with the followers of the established order. He saw the ruler waging wars to enforce the new faith in other regions and causing tremendous grief and anguish in the process. He saw his disciples make much of his death contrary to what he had propagated. He saw a huge edifice come up over his interred remains and his likeness in stone installed and worshipped as a deity.


He saw his disciples cloak his simple principles of self-worship with ritualism, complex prayers and theological mish-mash to make it dense to the common man. He saw them establish priestly orders, with rigid hierarchies to 'interpret' what had by then become a complex religion. He saw the interpreters of his faith establish rigid codes of social conduct that divided man from man and left virtually no rights for women and the economically wretched. He saw the setting up of congregation centres for the faithful which soon turned to centres of power and corruption for the priesthood. The unfolding scenario scrolled through the centuries and he saw the controllers of the new faith gathering immense power, enough to even challenge the might of state power and interfere constantly inlay governance. He saw the lure of this power split the faith into different factions which fought each other ferociously. He saw the followers of his faith commit unheard of atrocities on the followers of other faiths in myriad and constant struggles for so called supremacy down the ages. He saw that the faith that he started to rescue mankind from the sorrows and evils perpetrated by established religions has itself become a member of the wolf pack. "Stop! Stop!" screamed the young man in high agitation." This is not what I wished to cause when I came up with my solution to the world's ills." "I am afraid son, that is precisely what the slave, the prince, the carpenter's son, the camel herder and others before you envisaged when they came up with their solutions. But look what mankind has gone through and is enduring because of their good intentions." The young man thought for a long time, then gathered his tattered clothes around him, walked slowly out of the forest and back to his ancestral house in the town. There he announced to his relieved father, "I think I will take you up on the job offer. But first, I need a bath." Back in Heaven, the Lord settled back on to his cloud couch with a sigh and remarked to Angel One, "Saving humanity from its saviours is becoming an increasingly tough task."

> Was there a way to stop this suicidal rush, he wondered. Like other seekers of yore, this youngster opted out of conventional life and left hearth and home for the wilderness so as to meditate without being disturbed and focus on coming up with a solution for mankind's ills.





## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# चाय में नशा पिलाकर लूट करने वाला दंपती गिरफ्तार

■ परिवार के रूप में काम करता दंपती, बालक को भेजा किशोर गृह

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सरस्वती नगर के एक ऑटो चालक को मंडोर इलाके में नशीली चाय पिलाकर लूटने वाले दंपती को पुलिस ने आज बपर्दा गिरफ्तार कर जेल भिजवाया है। उनके साथ वारदात में सक्रिय एक बेटे को किशोर गृह भिजवाया गया है। घटना में 27 जून को ऑटो चालक की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने जहरखुरानी और लूट का केस दर्ज कर तफ्तीश आरंभ करते हुए पूरे परिवार को हिरासत में लिया। यह परिवार मूल रूप से बाड़मेर का रहने वाला है।

मंडोर थानाधिकारी मनीष देव ने बताया कि सरस्वती नगर भगत की कोठी निवासी डूंगरसिंह की तरफ से 27 जून को यह मामला दर्ज कराया गया था। इसमें बताया कि 26 जून को वह टैक्सी लेकर सवारियां छोडऩे गया था। तब बीच रास्ते भदवासिया के समीप एक दंपती और दो बच्चे मिले थे। इन लोगों ने उसे मंडोर स्थित दरगाह तक छोडऩे की बात की थी। तब पूरे परिवार को वह दरगाह तक छोडऩे गया। इस बीच दंपती ने उसे एक स्थान पर ऑटो को रूकवाने के साथ होटल से चाय पिलाई थी। इस चाय को पीने के बाद वह गहरी नींद सो गया। 27 की शाम को उसकी नींद टूटने पर उसका ऑटो गायब होने के साथ पर्स मोबाइल आदि भी नहीं थे।

थानाधिकारी मनीष देव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और आस पास पड़ताल के बाद अब घटना को अंजाम देने वाले दंपती बंबा मोहल्ला गुलजार पुरा हाल शिपहाउस निवासी नजमुद्दीन पुत्र नबाबुद्दीन एवं उसकी पत्नी रेहाना को गिरफ्तार कर उसके एक बालक को संरक्षण में लिया गया। दंपती को बपर्दा गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

थानाधिकारी मनीष देव के अनुसार आरोपी दंपती ऑटो चालकों को अपने किसी स्थान पर छोडऩे का बोलते और बाद में किसी होटल पर रूकने के बहाने ऑटो चालकों को चाय पिलाते थे। बातों में उलझाकर चाय को ठंडी बताकर फिर से लेकर आने का कहते। पति या पत्नी चाय वाले से उसमे चीनी ज्यादा डलवाते। चाय लेकर लौटते तब कारस्तानी कर नशीली गोलियां मिला देते ताकि अगला बेहोश हो जाएं या गहरी नींद सो जाए। बाद में ऑटो आदि सामान लूट कर ले जाते।

थानाधिकारी मनीष देव ने बताया कि आरोपी दंपती ने ऑटो को लूटने के बाद उसे पाली रोड पर बेचने के लिए छोड़ दिया। कई दिनों तक उसका खरीददार नहीं मिलने पर वह पड़ी रही। इनके पकड़े जाने पर अब ऑटो को बरामद कर लिया गया है। पर्स मोबाइल भी जब्त कर लिए गए हैं।

## बाल विवाह की बेड़ियों में जकड़ी समता को डॉ. कृति ने मुक्त करवाया

**जोधपुर, (कासं)।** महज ढाई साल की मासूम उम्र में बाल विवाह की बेड़ियों में बंधी बालिका वधु समता ने आखिर 18 साल बाद सारथी ट्रस्ट की डॉ.कृति भारती की मदद से बाल विवाह के बंधन से मुक्ति पाई। डॉ.कृति के संबल के बाद समता ने पारिवारिक न्यायालय में बाल विवाह निरस्ती की गुहार लगाई थी। जिस पर अब जोधपुर के पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 के न्यायाधीश प्रदीप कुमार मोदी ने बाल विवाह निरस्त करने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया। तिंवरी तहसील निवासी दैनिक मजदूर की पुत्री करीब 21 वर्षीय समता का वर्ष 2003 में बाल विवाह ओसियां तहसील निवासी युवक के साथ करवा दिया गया था। महज ढाई साल की उम्र में विवाह बांन से बंधी समता के ससुराल वालों ने लगातार गौना करने का दबाव बना दिया। जिससे बीएड में अध्ययनरत समता को खुद के शिक्षक बनने के ख्वाब टूटते दिखकर अवसाद में आ गई।

# हनुमानगढ़ में शराब ठेकेदार की पीट-पीटकर हत्या

■ वाइन शॉप के बाहर सो रहा था, 5 बदमाशों ने किया हमला

**हनुमानगढ़, (निसं)।** वाइन शॉप के बाहर सो रहे शराब ठेकेदार की बदमाशों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक शराब ठेकेदार पर रात में 5 बदमाशों ने हमला कर गम्भीर घायल कर दिया। गम्भीर घायल हुए युवक को जिला अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया गया। उसके बाद उसकी स्थिति गम्भीर होने के चलते उसे हायर सेंटर रैफर किया। रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं, अब सदर थाने में 2 नामजद और 3 अन्य पर मारपीट कर हत्या कर देने का मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने 3 टीमें गठित कर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है।

सदर थाना प्रभारी चन्द्रभान धुंआ के अनुसार शिवभगवान पुत्र महावीर प्रसाद पूनिया निवासी शाहपीनी पुलिस थाना संगरिया ने रिपोर्ट में बताया कि मेरा साला लालचन्द (27) पुत्र ईन्द्राज जाट निवासी ढाणी खेत खुद रोही माणुका का रहने वाला है। लालचन्द माणुका के शराब ठेके का पार्टनर है। मुझे कल रात को 11 बजे के लगभग जगमेल सिंह ने सूचना दी कि ठेका पर झगड़ा हो गया है। लालचन्द ठेका के सामने सो रहा था जिसके साथ राजकुमार डुडी पुत्र कृष्णलाल निवासी माणुका और पवन हुड्डा पुत्र रामप्रताप निवासी कालवासिया व तीन अन्य ने मारपीट की है, जिसके काफी चोटे लगी हैं। लालचन्द को ईलाज के लिए हनुमानगढ़ टाउन से रेफर करने पर सिरसा लेकर जा रहे थे। बुधवार सुबह जगमेल सिंह ने फोन पर बताया कि लालचन्द की सिरसा ले जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई है।

मृतक के शराब ठेके के साझेदार जगमेल सिंह उर्फ काला ने बताया कि सूचना पर मैं पुलिस को फोन कर प्रीतपाल जटसिख के साथ मौके पर गया तो लालचन्द के सिर, हाथ-पैर से खून बह रहा था। पूछने पर लालचन्द ने बताया कि रामकुमार उर्फ राजु डुडी व पवन हुडडा तथा तीन अन्य ने उसके साथ जान से मारने के लिए मारपीट की और भाग गए। सदर थानाप्रभारी चन्द्रभान धुंआ ने बताया कि शराब ठेकेदार के हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए एसपी डॉक्टर अजय सिंह के निर्देश पर थाना स्तर पर तीन टीम बनाई गई हैं।

# कोटा में फायरिंग व लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार



कोटा पुलिस ने लूट व फायरिंग की वारदात करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

■ हफ्ता वसूली के लिए कई लोगों पर फायरिंग की

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान में कोटा पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है पुलिस ने फायरिंग और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले 6 बदमाशों को पकड़ा है एसपी केसर सिंह शेखावत ने बताया कि उद्योग नगर थाना इलाके में 2 दिन पहले हिस्ट्रीशीटर हजरत उर्फ गुड्डू के घर पर फायरिंग के मामले में कार्रवाई करते हुए 6 बदमाशों को दबोच लिया है। यह बदमाश कई मामलों में वांछित हैं। इनके खिलाफ 64 मुकदमे अब तक दर्ज हो चुके हैं।

इनमें कई बदमाशों पर हजारों रुपए तक का इनाम पुलिस ने घोषित कर रखा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो चाकू, तीन देसी कट्टे और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। एसपी केसर सिंह शेखावत से बताया कि बदमाशों के लगातार फायरिंग करने के बाद पुलिस तंत्र को एक साथ एक्टिव किया गया। जहां भी यह बदमाश छुप सकते थे, उन पूरे स्थानों पर दबिश दी गई। जिसके बाद में बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि यह बदमाश शहर में चल रहे करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के ठेकेदारों से हफ्ता वसूली कर रहे थे उन्हें धमका कर उनसे फिरौती ले रहे थे। इसके तौर पर यह कुछ ठेकेदारों को सुरक्षा भी दे रहे थे।

एसपी ने कहा कि जिस तरह से ठेकेदार भी बाहर के व्यक्ति हैं उन्हें भी अगर कोई बाहरी व्यक्ति तंग करता है तो वह इस तरह की सुरक्षा लेना पसंद कर रहे थे। ऐसे में इस पूरे नेटवर्क को तोड़ा गया है और इन बदमाशों के आर्थिक स्रोत को तोड़ा जाएगा जिससे कि यह आगे पनप नहीं पाए। डेढ़ माह में 5 बार फायरिंग व लूट कर पुलिस को दी चुनौती रू एसपी शेखावत ने बताया कि आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में बीते डेढ़ महीने में 5 वारदातें करना कबूल है। इनमें 9 जून को कुन्हाड़ी थाना इलाके में शंभूपुरा में बन रहे नए ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसायी नवरत्न शर्मा और उसके साथी दीपक पर चौथ वसूली के लिए फायरिंग की थी। इसके बाद 21 जून को झालावाड़ जिले के खानपुर में महेश नारायणी पर फायरिंग व चाकू से हमला कर ढाई लाख रुपए लूट लिए थे। बीती 26 जून 2022 को नयापुरा इलाके में सेंट्रल जेल के सामने सब्जीमंडी व्यवसायी अखलाक हुसैन पर भी फायरिंग कर आरोपी फरार हो गए थे।

**हजारों रुपए का घोषित है पहले से इनाम:-** उद्योग नगर थाना अधिकारी मनोज सिंह सिकरवार ने बताया कि इन बदमाशों में शामिल कुन्हाड़ी मोहनलाल सुखाड़िया आवास योजना निवासी 21 वर्षीय अमन उर्फ लाला पर 23 मुकदमे अब तक दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम रखा है। इसके अलावा सरफराज उर्फ बिट्टू (21) पर 12 मुकदमे, अरमान उर्फ डब्बू (21) पर 12 व आसिफ अहमद उर्फ मोटा (22) पर 11 मुकदमे दर्ज हैं। तीनों पर पुलिस ने पांच-पांच हजार का इनाम रखा हुआ है। रहीम उर्फ लक्की (20) पर चार मुकदमे और 2 हजार रुपए का इनाम है। यह चारों आरोपी गोविंद नगर इलाके में ही रहते हैं। इसके अलावा झालावाड़ के भालता निवासी लखन उर्फ माखन राठौर पर दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों पर लूट, जानलेवा हमला, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, फिरौती वसूलना, फिरौती के लिए धमकाना सहित मामले दर्ज हैं. इनमें अधिकांश मुकदमे कोटा शहर के थानों में दर्ज है। इसके अलावा झालावाड़ और कोटा ग्रामीण पुलिस में भी कई थानों में इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

**पहले एक ही गैंग के सदस्य, अब जानी दुश्मन बने:-** एसपी केसर सिंह शेखावत ने बताया कि इनमें से अधिकांश बदमाश कम उम्र में ही अपराध की दुनिया में शामिल हो गए थे। यह बदमाश अधिकांश 20 से 22 साल की उम्र के ही हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। ये हिस्ट्रीशीटर गुड्डू उर्फ हजरत अली की गैंग में ही शामिल थे। अब यह गैंग दो फाड़ हो गई है हजरत गुड्डू से डब्बू, बिट्टू, लक्की व अमन लाला अलग होकर उसकी जान के दुश्मन बन गए हैं। इन लोगों ने 22 मई और 5 जुलाई को हजरत उर्फ गुड्डू पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की है। इसमें दोनों बार गुड्डू और उसका बेटा बाल-बाल बचा है। दोनों बार उद्योग नगर थाने में मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है। आरोपियों ने यह फायरिंग हजरत उर्फ गुड्डू से अलग अपना वर्चस्व कायम करने के लिए की है।

## भीलवाड़ा में करोना के सात नए मरीज मिले

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोरोना संक्रमण अपने पैर तेजी से पसार रहा है। गुरुवार को भी गुलाबपुरा और उपनगर पुर से भी 3-3 और शहर से एक संक्रमित सामने आया है। इनमें एक किशोर और किशोरी भी शामिल हैं।

आरआरटी टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि कोरोना का कहर लगातार जारी है। इसके चलते संदिग्धों की जांच की जा रही है। इसी जांच में गुरूवार को सात और नए संक्रमित सामने आए हैं। डॉ चावला ने बताया कि संक्रमितों मे गुलाबपुरा से 25, 26 और 30 साल के तीन युवक जबकि शहर के सुभाषनगर से 65 वर्षीय महिला, उपनगर पुर से 13 साल का किशोर, 16 साल की किशोरी और 43 साल की महिला पॉजिटिव मिली है। उन्होंने बताया कि गुलाबपुरा व सुभाषनगर से सामने आए संक्रमितों में सर्दी-जुकाम के लक्षण थे जबकि पुर के तीनों संक्रमितों में किसी प्रकार के कोई लक्षण नहीं पाए गए। किशोर को छोडकर शेष सभी को पहली और दूसरी डोज लग चुकी है। सभी संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रखा गया है।

# जख्मी हालत में अचेत मिला होमगार्ड



गुलाबबाड़ी पुलिया के पास लहुलुहान हालत में मिला होमगार्ड जवान।

**अजमेर, (कासं)।** अलवरगेट पुलिस थाना क्षेत्र गुल ाब बाड़ी इलाके में होमगार्ड लहूलुहान हालत में अचेत अवस्था में सड़क पर मिल ा। जिसके बाद स्थानीय युवक उसे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल ल ेकर पहुंचे, जहा चिकित्सों उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। घायल होमगार्ड की तबीयत अभी नाजुक बताई जा रही है। इसे ले कर अल वर गेट थाना पुलि स जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार राहगीर अल वर गेट थाना क्षेत्र के गुल ाब बाड़ी क्षेत्र से गुजर रहे थे। इस दौरान सड़क पर अचेत अवस्था में होमगार्ड मिल ा। जिसने अपना नाम देवकरण बताया। होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो रखा था, जिसे लोगों ने जेएल एन हॉस्पिटल पहुंचाया और उसे वहां भर्ती करवाया गया। घायल होमगार्ड के शरीर पर कई चोटें आई हुई है। डॉक्टर्स की ओर से उसका उपचार किया जा रहा है। होमगार्ड का जवान कैसे जख्मी हुआ इसके बारे में अल वर गेट थाना पुलि स जांच में जुटी है।

# सुभाष चौक पर गन्दे पानी की समस्या को लेकर उप नेता प्रतिपक्ष धरने पर बैठे

**चूरू, (कासं)।** शहर के सुभाष चौक पर पिछले कई दिनों से ड्रेनेज के चैम्बर ब्लॉक होने से गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे आमजन को काफी परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर सुभाष चौक क्षेत्र के व्यापारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

गुरूवार को व्यापारियों ने सुभाष चौक पर जाम लगाकर तीनों ओर से रास्ता रोक दिया और धरने पर बैठ गये और नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी करते हुये जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर विधानसभा उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुभाष चौक पहुंचे। जहां राठौड को व्यापारियों ने बताया कि बरसात के मौसम में स्थिति खराब हो जाती है। हल्की बरसात के बाद ही सुभाष चौक पर पानी एकत्रित हो जाता है। जिससे आमजन के साथ-साथ व्यापारियों का आवागमन भी बंद हो जाता है। अगर नगर परिषद् मानसून से पहले माकूल व्यवस्था कर लेती है तो आज व्यापारियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। इस दौरान राठौड़ स्वयं भी व्यापारियों के साथ गन्दे पानी के अन्दर ही धरने पर बैठे। इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि नगर परिषद् ने मोटरों के नाम पर भ्रष्टाचार कर लिया है। मोटरें चलाई नहीं और उनके डीजल के नाम पर भी भ्रष्टाचार किया है। शहर के विकास व आमजन की समस्याओं से नगर परिषद का कोई लेना देना है। अगर बारिश के मौसम से पहले नगर परिषद नाले नालियों की सफाई करवा देती तो किसी को परेशानी नहीं होती। नगर परिषद काम के नाम पर केवल चांदी कूटने में लगी हुई है। इस दौरान व्यापारियों ने नगर परिष्द मुरदाबाद के नारे लगाये। इस अवसर पर विश्वनाथ शर्मा, पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, सुरेश सारस्वत, अश्वनी महला, पूर्व पार्षद भंवरु खान, रामावतार लोहिया, संतोष महनसरिया, भंवर गुर्जर, जाकिर खान, अष्वनी बुड़ानिया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

## नहाते समय तलाई में डूबने से दो चचेरे भाईयों की मौत


**बूंदी (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के गुढानाथावतान गांव में गुरूवार को तलाई में नहाते समय डूबने से दो चचेरे भाइयों राजेन्द्र व कौशल की मौत हो गयी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों बच्चे बकरी चरा रहे थे बकरियां चराते समय तेज गर्मी का अहसास होने पर दोनों कपड़े उतारकर तलाई में नहाने उतर गये वहां मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें वहां से बाहर निकालने के लिए भी कहा पर वह नहीं माने। कुछ समय बाद नहाते समस गहरे पानी में डूब गए। इस गांव के लोगों व पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस व एडीएम करतार सिंह एसडीएम हेमराज परिडवाल, तहसीलदार गणेश खंगार टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

सूचना पर पहुंची सिविल डिफेन्स की टीम ने बच्चों को बाहर निकालने का प्रयास किया लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को बच्चों को अचेत अवस्था में बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सको ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

# कुत्तों के हमले में बकरियों एवं भेड़ों की मौत



बाड़े में बंधी 23 बकरियां, एक बकरा एवं दो भेड़ों को आवारा कुत्तों ने हमला कर मार दिया।

■ सीसीटीवी फुटेज में कुत्तों ने पशुओं पर हमला बोल दिया था

**टोंक, (निसं)।** शहर के चतुर्भज तालाब स्थित मिश्रा कॉलोनी में पशुपालक काले खां पुत्र सलीम मियां के एक किराए के बाड़े में बंधी 23 बकरियां, एक बकरा एवं दो भेड़ों को आवारा कुत्तों ने हमला बोलकर मार दिया, चार घायल हो गई। गुरूवार की सुबह पशुपालक को जब पता चला तो वह होश खो बैठा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी टोंक निवासी काले खां एवं उसका बेटा सलीम पशुपालन का काम करता है। पीडित व्यक्ति ने बताया कि बाडे के पास ही लगे एक मकान के सीसीटीवी फुटेज में देखा तो कुत्तों ने इन पशुओं पर हमला बोलकर नोंच दिया, जिससे 23 बकरियों, एक बकरा एवं दो भेडों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर टोंक शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव एहसान बाबा ने पशुपालन विभाग को सूचना दी। विभागीय टीम ने कार्यवाही कर सरकार से पीड़ित पशुपालक को मुआवजा दिए जाने का आग्रह किया।

## चूरू में बारिश के बाद उमस बढ़ी, लोग पसीने से तर

शहर के निचले इलाकों में पानी भरा

■ उमस के कारण लोग रहे परेशान

**चूरू, (कासं)।** चूरू में अल सुबह आयी बारिश के बाद बढ़ी उमस के कारण लोग दिनभर पसीने से तर होते रहे।

गुरुवार को सुबह करीब पौने चार बजे आसमान में बादल छा गये और बिजली कड़कने के साथ ही झमाझम बारिश को दौर शुरु हो गया जो कि सुबह करीब पांच बजे तक चला। इसके बाद दोपहर तीन बजे तक आसमान में धूप निकली रही। करीब तीन बजे से दोबारा से आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गयी।

सुबह एक घंटे की बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में सड़कों व गलियों में पानी भर गया जिससे लोगों का आना जाना दूभर हो गया। आज आयी बारिश के बाद और इजाफा हो गया।

नगर परिषद की अनदेखी के कारण शहर के नालों की सफाई के अभाव में बारिश के पानी की निकासी सही रूप से नहीं हो पाने के कारण सारा पानी सड़कों पर फैल जाता है। जिससे पैदल राहगीर और वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

# पुलिस ने ट्रैक्टर के टायर पर चलाई चार गोलियां, बजरी माफिया गिरफ्तार



जिले में अवैध रेता निकासी को लेकर पुलिस सख्त कार्रवाई करती नजर आई।

**धौलपुर, (निसं)।** जिले में अवैध रेता निकासी को लेकर एसपी धर्मेंद्र सिंह बेहद सख्त हो गए हैं। उन्होंने पुलिस को सख्त आदेश दिए हैं, जिसकी वजह से पुलिस भी अब एक्शन में है, जिसने आज कई जगह कार्रवाई की। जिसमें पुलिस ने गोलियां चलाकर अवैध रेता के ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा तथा रेत माफियाओं को गिरफ्तार किया है।

अवैध चंबल बजरी की निकासी पर लगाम लगाने के लिए धौलपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर बजरी की रोकथाम के लिए प्रत्येक थाना चेक पोस्ट पर नाकाबंदी भी कराई गई है। गुरुवार सुबह भारी मात्रा में बजरी का स्टॉक नष्ट करने के साथ अवैध चंबल बजरी से भरे दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किए गए थे। जिसके बाद गुरुवार शाम को केसर बाग के पास नाकेबंदी के दौरान अवैध चंबल बजरी से भरे ट्रैक्टर को रोकने के लिए पुलिस को गोलियां चलानी पड़ी। डीएसटी टीम के कॉन्स्टेबल योगेश तिवारी ने बेकाबू ट्रैक्टर को रोकने के लिए अपनी एके-47 राइफल से एक के बाद एक चार फायर करते हुए ट्रैक्टर के टायर फोड़ दिए। जिसके चलते अवैध चंबल बजरी से भरा ट्रैक्टर आगे जाकर रुक गया। ट्रैक्टर के रुकते ही उस पर सवार बजरी तस्कर अमर सिंह पुत्र रामेश्वर निवासी रजई सड़क किनारे गड्ढे में कूद कर भागने लगा। जहां पीछा करके पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। कोतवाली थाने में दर्ज कराए गए मामले को लेकर थाना प्रभारी अध्यात्म गौतम ने बताया कि बजरी रोकने के लिए नाकेबंदी की जा रही थी। इस दौरान थाने से एएसआई दिलीप सिंह के साथ डीएसटी प्रभारी हीरा सिंह और उनकी टीम मेडिकल कॉलेज के पास नाकाबंदी कर रही थी। तभी हाउसिंग बोर्ड से एक ट्रैक्टर बजरी से भरा हुआ उनकी ओर आने लगा। जिसे रोकने का इशारा करने पर उस पर सवार बजरी तस्कर ने ट्रैक्टर को लहराते हुए नाकेबंदी को तोड़ दिया और उसे लेकर भाग गया। जिसे रोकने के लिए डीएसटी ने ट्रैक्टर के बगल से अपनी गाड़ी को लगा कर टायरों पर फायर कर दिए।

थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से भाग रहा बजरी तस्कर गड्ढे में कूद कर भाग रहा था। जिस वजह से वह चोटिल हो गया। उन्होंने बताया कि वन्यजीव अधिनियम के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर गिरफ्तार किए गए तस्कर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## भारतीय किसान एवं नोजवान सभा 11 जुलाई को फिर घेरेंगे एसडीएम कार्यालय

■ नहर व फसल बीमा क्लेम को लेकर किसानों का धरना 17वें दिन भी जारी

■ किसानों का खरीफ-2021 के खराबे के क्लेम का अभी तक निर्धारण नहीं हुआ है

**सादुलपुर, (निसं)।** नहर, फसल बीमा क्लेम, सोसायटी में जीवन बीमा के नाम से हो रही लूट के आरोप सहित 18 सूत्री माँगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा एवं नोजवान सभा का धरना 17वें दिन भी जारी रहा। नोजवान सभा के मनीष ढाणी मौजी ने बताया कि किसानो नें अपनी माँगों को लेकर 22 जून को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया था। प्रशासन ने किसानों की माँगों के समाधान के लिए 15 दिन का समय मांगा है। मगर समाधान नहीं होने पर अब किसान 11 जुलाई को वापिस एसडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे।

उन्होंने बताया कि किसानों की खरीफ-2021 के खराबे के क्लेम का अभी तक निर्धारण नहीं हुआ है। क्लेम क्रॉप कटिंग को आधार मान बीमा कंपनी क्लेम नहीं देना चाहती। बीमा कंपनी क्लेम देने से बचने के लिए नए-नए पैतरे निकाल रही है। किसान की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। यहा बार-बार अधकारियों को समझाया जाता है और जब तक अधिकारी को मामला समझ आता है, तब तक उसका तबादला हो जाता है। किसानों की माँग है की सरकार एक स्थायी कमेटी बनाये जो इस मामले की जांच करे और बकाया फसल बीमा क्लेम का निपटारा करे।

किसानों ने पानी व किला बन्दी को लेकर बार-बार आंदोलन किये हैं, लेकिन ना ही पानी आया, और ना ही किला बन्दी हुई। जमुना लिंक से जो पानी आना था, जिसका डेम राजगढ में बनना था, उस पानी से चूरू जिले की राजगढ तहसील व झुन्झुनूँ की चार तहसील सिंचित होनी थी, बाकी चूरू, झुन्झुनूँ व सीकर के लिये पीने के पानी काम मे आना था। साथ ही बताया कि 2018 में फिजिबलटी रिपोर्ट तैयार हो गयी थी, लेकिन डीपीआर पर हस्ताक्षर आज तक नहीं हुए।

## संक्षिप्त

### समय पर विद्यालय नहीं खोलने की शिकायत

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के ढिकोलिया में राज्य सरकार के निर्देशानुसार जन सुनवाई का आयोजन किया गया। आयोजित जनसुनवाई में कालू मीणा, रामसागर, राजीलाल, रामेश्वर, राजाराम सहित कई ग्रामीणों ने धोलीपाल प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक के समय पर नहीं आने व नशा करके आने तथा समय पर विद्यालय के नहीं खोलने की शिकायत की। इसके अलावा लोगों ने सड़ा में व्याप्त कीचड़, ढिकोलिया में विद्युत ट्रांसफर जलने सहित कई शिकायतें की। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कॉपरेटिव सोसायटी सहित अन्य विभाग के कार्मिक तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक गुर्जर को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी

**पावटा, (निसं)।** इसी साल नवंबर माह में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस ने भी गुजरात विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं, उसी को देखते हुए अब गुजरात में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संभावित दावेदारों की रायशुमारी का कार्यक्रम शुरु हो चुका है। इसी बीच अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने गुजरात के विधानसभा क्षेत्रों में दावेदारों की रायशुमारी करने के लिए पर्यवेक्षकों की सूची जारी करते हुए विराटनगर विधान सभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर को गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### पॉलीथिन मुक्त क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा नगर पालिका मण्डल के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार शर्मा के निर्देशन एवं स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेश कुमार बैरवा के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही फुलेरा कस्बे को पॉलिथीन मुक्त क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया गया। स्वास्थ निरीक्षक बैरवा ने बताया कि रैली नगर पालिका मण्डल परिसर से रवाना होकर कस्बे के मुख्य मार्गो बस स्टैण्ड, गांधी चौक, गणगौरी बाजार, हलवाई बाजार, इन्द्रा बाजार, ज्योतिबा फुले सर्किल, बालाजी बाईपास सड़क, जोबनेर सड़क होते हुए पुनः नगर पालिका कार्यालय पहुंची। इसी क्रम में आगे बताया कि हाथों में तख्ती और बैनर लेकर पालिका कर्मचारियों ने क्षेत्र के सभी व्यापारियों एवं आमजन को प्लास्टिक और पॉलिथीन का उपयोग नही करने के लिए प्रेरित किया।

### 'पौष्टिक आहार से शरीर स्वस्थ रहता है'

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकट स्थित ग्राम पंचायत काचरोदा के राजस्व ग्राम श्याम नगर ढाणी नागान में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र तृतीय पर बुधवार को सुपोषण दिवस आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमला मैसी के नेतृत्व में मनाया गया। आशा सहयोगिनी संतोष सैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विभिन्न सामग्री वितरित की गई। साथ ही महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे अवगत करवाया गया। वहीं सहायिका सीता चौधरी ने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पोषणयुक्त खाद्य पदार्थों का ही सेवन करना चाहिए। क्योंकि पौष्टिक आहार का सेवन करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी बच्चो को विभिन्न प्रकार की पौष्टिकता से युक्त खाद्य सामग्रीयां वितरण की गई। इस दौरान बच्चों सहित उनके अभिभावक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हमारी सरकार सद्भाव और भाईचारे को कायम रखने वाली है: गहलोत

**बहरोड़/अलवर, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अलवर जिले के हरसोरा में मूर्ति अनावरण कार्यक्रम तथा नीमराणा के जापानी जोन में 11 कंपनियों के एमओयू कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचे। सीएम ने बानसूर के

- सीएम ने बानसूर के गांव हरसौरा में सरपंच रमेश अंबावत की माता और पिता की मूर्ति का अनावरण किया
- नीमराणा में जापानी कंपनियों के एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में पहुंचे



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बानसूर के गांव हरसौरा में सरपंच रमेश अंबावत की माता मिश्रो देवी और पिता रामदेव गुर्जर की मूर्ति का अनावरण किया।

गांव हरसौरा में सरपंच रमेश अंबावत की माता मिश्रो देवी और पिता रामदेव गुर्जर की मूर्ति का अनावरण किया। मूर्ति अनावरण के बाद सीएम ने जनसभा को संबोधित किया।

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार सद्भाव और भाईचारे को कायम रखने वाली है। योजनाएं सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा की मैं तीसरी बार मुख्यमंत्री बना हूं, उसमें हर समाज का आशीर्वाद रहा है। पूरे राजस्थान में माली समाज से केवल मैं ही विधायक हूं लेकिन सभी के सहयोग से मुख्यमंत्री बना। सीएम ने स्व. कर्नल बैंसला को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज को आरक्षण दिलाने के लिए लडाई लडी। वो समाज के लिए अमर हुए हैं।

वहीं मुख्यमंत्री ने हरसौरा को उप तहसील बनाने की घोषणा की। वही हरसौरा आदर्श सीएचसी और आईसीयू वार्ड का उद्घाटन किया। वहीं सीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों ने कमान संभाले रखी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास इंतजाम रहे। बानसूर विधायक और उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने सभी मंत्री और विधायकों का समारोह में आगमन पर आभार प्रकट किया। आयोजक सरपंच परिवार ने सीएम अशोक गहलोत और सभी अतिथियों क स्वागत किया गया।

समारोह में पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, धर्मेन्द्र राठौड,अशोक चांदना खेल मंत्री, टीकाराम जुली, दीपचंद खैरिया, जोगेन्द्र अवाना, कर्ण सिंह यादव, साफिया खान, जिला प्रमुख, जिला पार्षद, प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच गण मौजूद रहे।

इसके पश्चात् गहलोत नीमराणा में जापानी कंपनियों के एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में पहुंचे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जापानी जॉन की 11 कंपनियों के साथ 1338 करोड़ के निवेश हेतु जापानी राजदूतों के साथ हस्ताक्षर कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसको अंतिम रूप दिया जाएगा। राजस्थान में जापानी कंपनी के निवेश को आकर्षित करने के लिए रीको द्वारा 2006 में राज्य में जापानी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए जे ई टी आर ओ के साथ एमओयू हस्ताक्षिरत किया था। जिसमें 1161 एकड़, 98 भूखंड में जापानी क्षेत्र को 2007 में लांच किया गया जो देश में जापानी कंपनियों के लिए ऐसा पहला पार्क है। इस पार्क में डाइकिन, नाईडेक, हिताची जैसी प्रमुख जापानी कंपनियां हैं। डाइकिंन द्वारा जापानी इंस्टिट्यियूट ऑफ मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेंस स्थापित किया गया है।

### सड़क में दरारें पड़ी, मिलीभगत का आरोप

**बस्सी, (निसं)।** उपखंड बस्सी क्षेत्र में इन दिनों कुछ सरकारी अधिकारियों एवं ठेकेदारों की मिलीभगत व मनमर्जी का भांडा मानसून सत्र की शुरुआत में हुई बरसात ने फोड दिया है। जिसको छिपाने के लिए मरम्मत का सहारा लिया जा रहा है। दरअसल बस्सी उपखंड क्षेत्र में हाल ही में अलग-अलग गांवों को जोडने वाली अधिकतर सडकों का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं कुछ जगह जेडीए की ओर से प्राइवेट ठेकेदारों के माध्यम से करवाया गया है। इन सड़कों का निर्माण औसतन लगभग 5 महीने से 1 साल के बीच में हुआ है लेकिन इतने कम समय में ही कई जगह की सडकों में कही पर दरारें पड गई हैं तो कही पर सडकों में गड्ढे पड़ गए है। ताजा मामला बस्सी में जीतावाला, रामसर पालावाला, भावसर, ईसरवाला से नई रीको बस्सी की मुख्य सड़क का है जिसका निर्माण कार्य करीबन साल भर पहले ही पीडब्ल्यूडी की ओर से ठेकेदार द्वारा करवाया गया था। इस मुख्य सडक में भावसर ईशरवाला से रामसर पालावाला की ओर बनी सीसी सडक में जगह-जगह लंबी-लंबी दरारे पड गई जिसके बारे में स्थानीय निवासी राजाराम सिंह सोलंकी ने सार्वजनिक विभाग के ऐईएन समेत संबंधित ठेकेदार को इस बारे में अवगत करवाया लेकिन अधिकारियों व ठेकेदार द्वारा मामले को अनसुना कर दिया गया। इसके बाद राजाराम सिंह सोलंकी ने राजस्थान संपर्क पोर्टल के जरिए भी इस पूरे मामले को लेकर अधिकारी व ठेकेदार के खिलाफ शिकायत की है। राजाराम सिंह सोलंकी ने बताया कि अधिकारियों की अनदेखी के चलते ठेकेदार द्वारा नवनिर्मित सीसी सडक निर्माण में घटिया सामग्री काम में ली गई है जिसकी पोल बारिश ने खोल दी।

# अवैध अफीम सहित एक गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** जिला पुलिस अधिक्षक के आदेशों व एएसपी एवं डीवाईएसपी के निर्देशन में लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी व परिवहन पर कार्यवाही करते हुए बागडी निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अफीम जब्त की गई। डीवाईएसपी सुशील मान ने बताया कि रात को दौराने गश्त बागडी गांव के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक की गई पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने तथा तलाशी लेने पर थैली में 1 किलो 80 ग्राम अवैध अफीम पाई गई। जिसकी बाजार कीमत तकरीबन सवा लाख रूपये आंकी गई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बल्लूवास पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-SPL-1 दिनांक-05/07/2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायत राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इंटरलॉकिंग/सीसी कार्य मुख्य सड़क से महेन्द्र के घर की ओर गोलाहेड़ी की ओर। | 15.07.22 11 AM तक | 15.07.22 01 PM तक | 15.07.22 03 PM तक | 5.0 लाख | 10000 | 200 |
| 2 | लेखराम की कुड़ी से आमोठ की ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य | 15.07.22 11 AM तक | 15.07.22 01 PM तक | 15.07.22 03 PM तक | 10.0 लाख | 20000 | 200 |
| 3 | गंदे पानी की निकासी के लिए भूमिगत पाइप लाइन कार्य रामेश्वर के घर से राजीव गांधी सेवा केन्द्र की ओर बल्लुवास | 15.07.22 11 AM तक | 15.07.22 01 PM तक | 15.07.22 03 PM तक | 5.0 लाख | 10000 | 200 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत बल्लूवास पं.सं. मुण्डावर (अलवर) NIB N. ZAL2223A0420 UBN N. ZAL2223GLLB00608 ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बल्लूवास पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत पीपली, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)**

क्रमांक SPL-1 **निविदा सूचना** दिनांक-6/7/2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी. डब्लू. डी. एवं यू. आई. टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक भवन के पास इंटरलॉकिंग टाईल्स मनीराम मंदिर के पास पीपली | 19/7/2022 11AM तक | 19/7/2022 1PM तक | 19/7/2022 3 PM तक | 5.00 | 10000/- | 200/- |
| 2 | घीसाराम के घर से रामेश्वर के घर की ओर सीवर लाइन रामबास | 19/7/2022 11AM तक | 19/7/2022 1PM तक | 19/7/2022 3 PM तक | 6.00 | 12000/- | 200/- |
| 3 | रघुवीर के घर से बाबुलाल के घर की ओर सीवर लाइन भिवाड़ा। | 19/7/2022 11AM तक | 19/7/2022 1PM तक | 19/7/2022 3 PM तक | 10.00 | 20000/- | 200/- |
| 4 | इंटरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य मनीराम गौशाला पीपली | 19/7/2022 11AM तक | 19/7/2022 1PM तक | 19/7/2022 3 PM तक | 5.00 | 10000/- | 200/- |
| 5 | रास्ता दुरूस्तीकरण कार्य कालुका। | 19/7/2022 11AM तक | 19/7/2022 1PM तक | 19/7/2022 3 PM तक | 2.00 | 4000/- | 200/- |
| 6 | गंदे पानी की निकासी पाइप लाइन भानाराम के घर से चौपाल व सीसी की ओर पीपली | 19/7/2022 11AM तक | 19/7/2022 1PM तक | 19/7/2022 3 PM तक | 2.40 | 4800/- | 200/- |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 500/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी।
2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है।
3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी।
4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पीपली पं.सं. मुण्डावर (अलवर) NIB-ZAL2223A0424 UBN-ZAL2223GSOB00618 सरपंच ग्राम पंचायत पीपली पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोरखकलां, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)**

क्रमांक-9 **निविदा सूचना** दिनांक-01/7/2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में वितीय वर्ष 2020-21 में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी.डब्लू.डी.एवं यू.आई.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सामग्री आपूर्ति वर्ष 2022-23 महानरेगा योजना | 11/7/2022 11 AM तक | 11/7/2022 1PM तक | 11/7/2022 3 PM तक | 9.80 | 19600/- | 200/- |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 2 00/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी।
2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है।
3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी।
4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सोरखाकलां प.स. मुण्डावर (अलवर) NIB-ZAL2223A0404 UBN-ZAL2223GSOB00598 सरपंच ग्राम पंचायत सोरखकलां पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोरखकलां, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)**

क्रमांक-10 **निविदा सूचना** दिनांक-01/7/2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में वितीय वर्ष 2020-21 में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी.डब्लू.डी.एवं यू.आई.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सामग्री आपूर्ति वर्ष 2022-23 समस्त योजना | 11/7/2022 11 AM तक | 11/7/2022 1PM तक | 11/7/2022 3 PM तक | 9.80 | 19600/- | 200/- |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 2 00/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी।
2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है।
3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी।
4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सोरखाकलां प.स. मुण्डावर (अलवर) NIB-ZAL2223A0403 UBN-ZAL2223GSOB00597 सरपंच ग्राम पंचायत सोरखकलां पं.सं. मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोरखाकलां पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-10 दिनांक- 06.07.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायत राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत सौरखकलां के ग्राम ठाकुरों का बास बिरटोली में थ्री फेज बोरिंग का कार्य। | 18.7.2022 11 ए.एम तक | 18.7.2022 1.00 पीएम तक | 18.7.2022 3.00 पीएम तक | 7 लाख | 14000 | 200 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत सौरखकलां पं.स. मुण्डावर (अलवर) NIB NO.: ZAL2223A0427 UBN NO.: ZAL2223GSLB00621 ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सौरखकलां पं.स. मुण्डावर (अलवर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत जीन्दोली पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-SPL- 2 दिनांक- 06.07.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23**

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों हेतु पंचायत राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थ्री फेस बोरिंग निर्माण कार्य उदयदास जोहड के पास जिंदोली | 14.7.2022 11 ए.एम तक | 14.7.2022 1.00 पीएम तक | 14.7.2022 3.00 पीएम तक | 7 लाख | 14000 | 200 |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत जिन्दोली पं.स. मुण्डावर (अलवर) NIB NO.: ZAL2223A0426 UBN NO.: ZAL2223GSLB00620 ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत जिन्दोली पं.स. मुण्डावर (अलवर)


### पुण्यतिथि पर भंडारा आयोजित

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** नीमराना कस्बे के प्राचीन तालाब पर स्थित काली कमली अखाड़ा के बाबा संत शिरोमणि शिवस्वरूप महाराज की 44वी पुण्यतिथि वर्षोदी पर लकी मेले का आयोजन हुआ। आश्रम के महंत आकाश गिरी महाराज व कार्यक्रम आयोजक समिति ने बताया कि तीन दिवसीय मेले में सुबह अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। दिन व रात्रि में स्थानीय कलाकारों की तरफ से भजन सत्संग किया गया जिसमें दूरदराज से आए हुए कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया गया। गुरुवार सुबह ध्वजारोहण, हवन यज्ञ पंडित अमित भारद्वाज शर्मा के द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न कराया गया जिसमें देशहित के लिए शांति के लिए यज्ञ आहुति दी गई। विशाल भंडारा के साथ मेला का आयोजन हुआ जिसमें कई संप्रदाय के साधु संत दूर दूर से पहुंचे।

# शर्मा अध्यक्ष व सोनी सचिव नियुक्त

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज का पद पदस्थापन एवं सम्मान समारोह बुधवार को डॉ. माधव सिंह हॉस्पिटल के पास स्थित स्वर्गीय चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के आगामी गवर्नर सीए निर्मल कुमावत के मुख्य अतिथि एवं सह प्रांतपाल अजय सक्सेना के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

क्लब के नए अध्यक्ष सागर मल शर्मा व सचिव फतेह सिंह सोनी व नई कार्यकारिणी को कार्यक्रम में शपथ दिलवाई गई। क्लब के गिरिराज कयाल के अनुसार कार्यक्रम में रुकमणी देवी हरलालका समाज सेवा सम्मान से जयपुर की सामाजिक संस्था श्री गोपाल कृष्ण सेवा समिति के सचिव ईश्वर चंद मेहरचंदानी, चौधरी नाथूराम भामू प्रतिभा सम्मान हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुने गए प्रीतम सिंह जाखड़ ,भंवर सिंह शेखावत शैक्षिणक



रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज का पदस्थापन एवं सम्मान समारोह आयोजित।

अवॉर्ड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की कक्षा 10 में श्रीमाधोपुर तहसील में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर्ता कंचनपुर के छात्र अमन जांगिड़ को तथा तींजा देवी इंदौरा शैक्षिणक अवॉर्ड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की कक्षा 12 में विज्ञान विषय के छात्र अंकित सैनी को, वाणिज्य संकाय का अवॉर्ड अर्णव अग्रवाल को, कला वर्ग की अनतपुरा निवासी छात्रा खुशी यादव को दिया गया। गोवर्धन लाल सैनी आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट अवॉर्ड क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल सोनी, गोवर्धन लाल सैनी आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी अवॉर्ड सुशील कुमार सैनी को दिया गया। भामाशाह कैलाश चंद कयाल,भवानी शंकर एंड कंपनी, प्रभु दयाल कुमावत क्लब सदस्यों तथा पैरा ओलंपिक शूटिंग में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतने पर महरौली की निशा कंवर के परिजनों का सम्मानित किया गया, ओ पी कयाल बेस्ट रोटेरियन अवार्ड क्लब के पूर्व के पूर्व सह प्रांतपाल संजीव फ्रैंकलिन को व ब्लड बैंक एवं लता मंगेशकर स्मृति गायन प्रतियोगिता के लिए क्लब के दिलीप सिंह शेखावत एवं गिरिराज कयाल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ माधव सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चोटिया ,पुरुषोत्तम शर्मा, पंकज सोनी, दिलीप सिंह शेखावत, संतोष सोनी, लायंस क्लब अध्यक्ष सीताराम सैनी, एडवोकेट दीपक कुमार बाजिया,कुमार गौरव खैरवा, दिलीप शर्मा,विहिप के मुकेश कुमार शर्मा, बजरंग लाल केडिया व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। क्लब के सेक्रेटरी फतेहचंद सोनी ने कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितो को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन किया।

# वृक्षारोपण के नाम से फर्जी मस्टरोल जारी कर 6 लाख 62 हजार का भुगतान उठाने का आरोप

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी कस्बे के युवा प्रकृति मित्रों व हैल्प ऑफ हुमुनिटी ग्रुप डिग्गी के युवाओं ने एसडीएम आरके वर्मा व पीडब्ल्यूडी एक्सईएन आरडी मीणा को ज्ञापन सौंप डिग्गी से नुक्कड चौराहे तक वृक्षारोपण के नाम पर फर्जी मस्टरोल जारी कर तत्कालीन अधिकारियों द्वारा 6 लाख 62 हजार रुपये का फर्जी भुगतान उठाये जाने के मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही व सरकारी राशि की रिकवरी की मांग की।

विनित कुमार शर्मा, विनोद प्रजापत, शाहरूक खान आदि ने सौंपे ज्ञापन में अवगत करवाया कि हैल्प ऑफ हुमुनिटी ग्रुप डिग्गी ने कार्यालय सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी खण्ड पचेवर मालपुरा के आदेश क्रमांक 409 के जरिए 6 जून 2020 को डिग्गी से नुक्कड चौराहे तक 3 किमी तक सीमा

- युवा प्रकृति मित्रों ने एसडीएम व एक्सईएन को सौंपा ज्ञापन
- दोषियों पर कार्यवाही व सरकारी राशि की रिकवरी की मांग
- एक्सईएन ने जांच अधिकारी किया नियुक्त

में वृक्षारोपण के लिए अनापत्ति प्रदान करने के बाद संगठन की ओर से 3 किमी सीमा में सड़क के दोनों ओर 5 जूलाई 2020 को वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ तत्कालीन एएसपी गोरधन लाल सोकरिया व डिग्गी एसएचओ हीरालाल रेगर व उपसरपंच विजय नारायण शर्मा के आतिथ्य में किया गया। अभियान के अन्तर्गत उक्त सड़क सीमा में डिग्गी कल्याण भक्तों व पदयात्रियों के साथ-साथ राहगीरों की सुविधा के लिए हजारों छायादार पेड़ लगाये गये थे।

ज्ञापन में बताया कि मालपुरा पीडब्ल्यूडी कार्यालय के तत्कालीन अधिकारियों व कार्मिकों ने डिग्गी ग्राम पंचायत के जरिए मनरेगा कार्य के अन्तर्गत डिग्गी से नुक्कड चौराहे तक वृक्षारोपण कार्य के लिए 15509 से 15512 तक फर्जी मस्टरोल व स्वीकृतियां पत्र क्रमांक 8503 के जरिए 12 जुलाई 2020 में 72974 श्रमिकों के नाम से जारी कर सरकारी कोष से 6 लाख 62 हजार रूपये की स्वीकृति जारी करते हुए बिना कोई वृक्षारोपण किये ही भुगतान उठा लिया।

उक्त फर्जीवाडे की डिग्गी ग्राम पंचायत में शिकायत कर जानकारी चाही गई तो ग्राम पंचायत ने सूचनाकर्ता को अवगत करवाया कि उक्त कार्य की कार्यकारी एजेन्सी पीडब्ल्यूडी मालपुरा थी। डिग्गी पंचायत का इसमें कोई रोल नहीं। भुगतान भी पीडब्ल्यूडी द्वारा ही किया गया था। वृक्षारोपण के लिए युवा संगठन द्वारा सम्पूर्ण खर्च व पेडो की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड लगवाये जाने तक का खर्च वहन करने के बावजूद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा सरकारी कोष से लाखों रूपयों का फर्जी भूगतान उठाये जाने पर युवाओं ने कड़ी आपत्ति जत्ता गबन की जांच कर भुगतान उठाने वाले अधिकारियों से सरकारी राशि रिकवरी कर विभागीय कार्यवाही की मांग की गई। पीडब्ल्यूडी एक्सईएन आरडी मीणा ने बताया कि मामले की जांच के लिए सहायक अभियंता नरेश कुमार सेवलिया को नियुक्त किया गया है।

### नई दमकल गाड़ी की सौगात मिली

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय नगरपालिका के अग्निशमन केंद्र को राज्य सरकार द्वारा एक नई दमकल गाड़ी प्रदान की गइ है। नयी दमकल का शुभारंभ गुरूवार को विधायक दीपचंद खैरिया ने पूजन व फीता काटकर किया।

अधिशाषी अधिकारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि स्वायत शासन विभाग जयपुर की ओर से 27 लाख की लागत की नयी दमकल गाड़ी खैरथल नगरपालिका को प्रदान की गइ है । जिसकी वाटर क्षमता 3500 लीटर की है। इस मौके पर विधायक दीपचंद खैरिया के साथ पार्षद मोहन शर्मा, पवन वासू, गिरीश डाटा, देशराज जांगिड़, राजेन्द्र चौधरी, अधिशाषी अधिकारी पवन शर्मा, जेइएन मोतीलाल वर्मा,सुबे सिंह, कमलेश कुमार, वरिष्ठ नारायण छंगाणी आदि पार्षद व स्टाफ मौजूद रहे।

जरुरत पड़ने पर यहां से नीमराना और भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र सहित दूरदराज क्षेत्रों में भी दमकल सेवा दी जाती रही है।

# ईआरसीपी योजना को लेकर बैठक, धरना प्रदर्शन सहित आंदोलन का निर्णय लिया

**राजगढ़, (निसं)।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना 'ईआरसीपी' को लेकर टिकाना गंगाबाग परिसर में पूर्व कमिश्नर राम कृपाल मीणा आदिवासी सेवा संस्थान की अध्यक्षता में सामाजिक एवं अन्य संगठनों के साथ प्रबुद्ध जनों की बैठक हुई।

इस बैठक में राजनीति से ऊपर उठकर योजना का लाभ राजगढ़ रेनी थानागाजी सहित अलवर जिले को मिले इसके लिए धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल सहित अन्य आंदोलनकारी निर्णय लिए गए। इस बैठक में सर्वसम्मति से महंत प्रकाश दास महाराज ठिकाना गंगाबाग को इआरसीपी अलवर जिले का संयोजक बनाया गया। संघर्ष को गांव गांव ढाणी ढाणी पहुंचाने के लिए संकल्प लिया इस महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से संघर्ष समिति बनाने का निर्णय लिया गया जिसका नाम आरसीबी अलवर जिला



पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना 'ईआरसीपी' को लेकर टिकाना गंगाबाग परिसर में पूर्व कमिश्नर राम कृपाल मीणा की अध्यक्षता में सामाजिक एवं अन्य संगठनों के साथ प्रबुद्ध जनों की बैठक हुई।

संघर्ष समिति रखा गया जिसके सर्वसम्मति से संयोजक महंत प्रकाश दास महाराज को बनाया गया सभी उपस्थित गणमान्य लोगों ने महंत प्रकाश दास महाराज को बधाई दी और एक नारा भी जारी किया गया जिसका नाम बंजर भूमि करे पुकार ,चंबल का पानी दे सरकारसभी बैठक की अध्यक्षता कर

- संघर्ष समिति के संयोजक महंत प्रकाश दास महाराज बने

रहे पूर्व कस्टम कमिश्नर राम कृपाल मीणा ने कहा कि इस योजना का लाभ अलवर जिले की जनता को दिला कर रहेंगे राज्य सरकार को पूर्वी राजस्थान परियोजना मैं अलवर जिले के प्रमुख बांधों को शामिल करना होगा जिसके लिए हम हर प्रकार से संघर्ष को तैयार है । इस अवसर पर एडवोकेट सुरेंद्र कुमार माथुर ,राम कृपाल मीणा, अशोक कुमार रामपुरा, दीपक जागा रैणी, राजेश शर्मा कैसीयर, दिनेश प्रधान , भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राहुल दीक्षित ,नेपाल सिंह , रैणी, रजनी कांत शर्मा, रूप नारायण मीणा, अशोक मीणा बाजोली, आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा में एक साथ 250 सदस्य जोड़ने का कार्यक्रम आयोजित

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** नीमराणा कस्बे के निकटतम बहरोड़ विधानसभा के माजरी मंडल में भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष बलवान सिंह यादव के नेतृत्व में एक साथ 250 युवाओं के साथ संवाद करते हुए बैठक का आयोजन किया।

बैठक में जिलाध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी का दुपट्टा पहनाकर युवाओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा भारत का भविष्य हैं। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए युवाओं को आगे आकर राष्ट्रीय हित के लिए कार्य करना होगा। बहरोड़ विधानसभा में स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए युवा कार्यकर्ता को मिशन 2023 के तहत भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ जीताकर भाजपा की सरकार बनानी है। जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव ने राजस्थान की गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार युवा विरोधी है और ऐसी युवा विरोधी सरकार को जो युवाओं को रोजगार ना दे सके तुरंत उखाड़ फेंकना चाहिए। कांग्रेस सरकार ने युवाओं को रोजगार तो दिया ही नहीं साथ में जो भर्ती निकली उनको भी कैंसिल कर युवा हितों पर कुठाराघात किया है । हाल ही में भारतीय सेना द्वारा घोषित की गई अग्निवीर योजना देश को सुरक्षा के नए आयाम पैदा करेगी । अग्निवीर योजना के तहत हर युवा को सेना में भर्ती होने का शुभ अवसर प्राप्त होगा । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पंडित वीरू भारद्वाज भाजयुमो जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह शेखावत मंडल संयोजक कृष्ण यादव भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दीपेश राव साहब योगेश यादव मंजीत यादव पप्पू सेठ सुमित गुरु जी हरीश सोनू हिमांशु सुधीर विकास पुनीत देवेश करण सुरेंद्र मनीष भूपेंद्र मोहित अमरनाथ गोविंद निशांत भोलू एवं सैकड़ों की संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त

### वैश्य महासम्मेलन की कार्यकारिणी घोषित



**टोंक, (निसं)।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की शहर युवा कार्यकारिणी की जिलाध्यक्ष राजीव बंसल व युवा जिलाध्यक्ष डा. शेलेन्द्र गर्ग (एडवोकेट) की सहमति से घोषणा की है। कार्यकारिणी में अध्यक्ष रोहित जैन, उपाध्यक्ष राज विजय सीए, नितिन सेठी, मनोज काला, अंकित बगडी, आर्यन खंडेलवाल, सिक्कू सर्राफ, महामंत्री शेष कुमार काहाल्या, मंत्री रोहित जैन सीए, अनिल गर्ग, अनुपम जाजू, अमित विजय, मुकेश गोयल, विनोद जैन, रमणीक भगत, आगम जैन, सह मंत्री दीपक अग्रवाल, अमन गर्ग, सुनिल जैन, कोषाध्यक्ष अभिनव जैन, प्रवक्ता तरुण जैन व अखिल जैन, संगठन मंत्री मोहित काहाल्या, नवीन बंम, उमेश संघी, किशोर भगत, मुकेश दत्तवास, नमन सिंहल, उमेश जैन देवली वाले, बंटी सर्राफ, सांस्कृतिक मंत्री गौरव बिर्दल, अमित बंम, राहुल जैन, सदस्य, सक्षम जैन, प्रबल जैन, रजत गर्ग, सोमिल विजय, पीयूष विजय, अमृत भंडारी, गोपाल गर्ग, रोहित जैन, कमल झंझरिया, सौरभ सिंघानिया, रोमी खंडेलवाल, मोनू जैन, पुलकिल खंडेलवाल, राहुल विजय, सुमित जैन को बनाया गया है।

### कूलर के करंट से बालक की मौत

**टोंक, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र में एक ढाई वर्षीय बालक की कूलर में करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम बंमोर में रितूराज पुत्र राकेश बैरवा उम्र ढाई वर्ष निवासी सवाईमाधोपुर अपने रिश्तेदार के यहां परिजनो के साथ सवाईमाधोपुर जमुना लेकर आएं थे कि इस दौरान कूलर में आ रहे करंट के कारण वह उसकी चपेट में आ गया और उसकी करंट लगने मौत हो गई।

### हल्की बारिश से रही उमस

**टोंक (नि.स.)।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में दिनभर बादल छाएं रहने से उमस रही और शाम को हल्की बारिश हुई। जिला मुख्यालय पर धूप से निकलने के साथ ही उमस भरा वातावरण रहा और लोग गर्मी से बेहाल रहे। दोपहर बाद बादल छाने का दौर शुरु हो गया और हल्की बुंदाबांदी का चला और उसके बाद 6 बजे बाद बादल छाने के साथ ही बारिश का दौर शुरु हो गया और बारिश होने से आमजन को गर्मी से राहत मिली, लेकिन वापस धूप निकलने के साथ ही उमस भरा वातावरण हो गया।

### बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई, (निसं)।** बरोनी पुलिस ने अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर-ट्रोली जब्त किया है। बरोनी थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि गुरुवार को मुखबीर की सूचना पर गांव बरोनी में दादिया मोड पर अवैध बजरी भरकर आ रहा ट्रैक्टर दिखाई दिया। पुलिस को देखते चालक ट्रैक्टर को छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रोली को जब्त कर थाने में खडा करवाया दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# ईआरसीपी 13 जिलों की जीवनदायनी है इसे बाधित नहीं होने देंगे: मंत्री मालवीय

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित खोहरा पाड़ा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा एवं जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालविया ने गुरूवार को लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फ्लड कंट्रोल स्ट्रेक्चर डिटेंशन टैंक का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को सबोधित करते हुए कहा कि ईआरसीपी 13 जिलों की जीवनदायनी है इसे कीसी भी सूरत में बाधित नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस बजट में ईआरसीपी के लिए 10 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तो पहले ही ईआरसीपी का काम शुरू करवा चुकी है, ईसरदा और नवनेरा जो कि ईआरसीपी के भाग हैं वहां 70 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है।

■ डिटेंशन टैंक का हुआ शिलान्यास

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि खोहरा पाडा एनीकट के लिए अच्छा स्थान तय किया गया है और यह इस क्षेत्र की जल समस्या के समाधान के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विभाग के चीफ इंजीनियर को निर्देश दिए कि समेल और बाडबाड़ा एनीकटों के निर्माण की प्रक्रिया को तत्काल शुरू करवायें। कहा कि इस डिटेंशन टैंक के बनने से लालसोट कस्बे में तेज बारिश में पहाड़ो से तेज गति से आने वाले पानी को स्टोर किया जा सकेगा। डिटेंशन टैंक में स्टोर करके इस पानी को धीरे-धीरे छोड़ा जा सकेगा जिससे लालसोट नगरपालिका क्षेत्र में बाढ़ की समस्या का समाधान हो सकेगा। इसके निर्माण से लालसोट क्षेत्र के चांदसेन, जमात, थलोज आदि क्षेत्रों का भूजल रिचार्ज हो सकेगा एवं आसपास स्थित कुओं, ट्ययूबवैल एवं हैडपंपों के जलस्तर में वृद्धि होगी। ,

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री मीणा ने बताया कि यह क्षेत्र चारों ओर से पहाड़ो से घिरा हुआ है पूर्व में बारिश में पहाड़ों से तेज पानी आने से निचले क्षेत्र के घरों में पानी भर जाता था एवं बाढ की स्थिति बन जाती थी। डिटेंशन टैंक के बनने से इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने बताया कि लगभग 0.33 वर्ग किलोमीटर भराव क्षेत्र वाले इस डिटेंशन टैंक की ऊंचाई 8 मीटर रहेगी जिसे आवश्यक होने पर बढवा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जलस्तर बढाव के लिए एनीकट जरूरी है और इसी को ध्यान में रखकर इस एनीकट का निर्माण करवाया जा रहा है।

मालवीय ने कहा कि दौसा जिले के हर बांध को ईआरसीपी से जोडा जाएगा और हर खेत तक इसका पानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूर्वी राजस्थान के लिए भागीरथ साबित होंगे। इस दौरान लालसोट पंचायत समिति प्रधान नाथूलाल मीणा, लालसोट नगरपालिका चेयरमैन रक्षा मिश्रा, पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्रा, वार्ड पार्षद अदिति झालानी, समाजसेवी नवल झालानी, मुख्य अभियंता विनोद चौधरी, अधिशाषी अभियंता केदार मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



लालसोट के खोहरा पाड़ा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा एवं जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालविया ने चार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले फ्लड कंट्रोल स्ट्रेक्चर डिटेंशन टैंक का शिलान्यास किया।

## भाजपा फुलेरा एवं नरेना देहात की संयुक्त बैठक

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में भाजपा मण्डल फुलेरा एवं नरेना देहात के संयुक्त तत्वावधान में कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एससी मोर्चा राजस्थान प्रदेश महामंत्री मुकेश गर्ग रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान चाकसू एवं मण्डल प्रभारी आशीष बागड़ी, भाजपा जिला देहात दक्षिण महामंत्री रतन राजौरा, नरैना देहात मण्डल अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, नरैना देहात प्रभारी रामस्वरूप कुमावत, कालवाड प्रभारी आलोक तिवारी रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गजेन्द्र सिंह शेखावत ने की।

वहीं कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन मण्डल महामंत्री सुरेश कुमार सैनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की जनविरोधी सरकार के खिलाफ पूर्ण सहमति से 4 राजनीतिक प्रस्ताव भी लिए गए। संगठन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुकेश गर्ग एवं आशीष बागडी ने वर्तमान संवेदनहीन राज्य सरकार में बढ़ते अपराधीकरण एवंबदहाल कानून व्यवस्था, पुष्टिकरण की नीति, किसानों की बदहाली, आकंठ भ्रष्टाचार, लाचार शिक्षा एवं परीक्षा प्रणाली, बेरोजगारों के साथ हो रहे अन्याय एवं चारो ओर फैल रही बेरोजगारी, महिला अत्याचार एवं दुष्कर्म मामलों को लेकर सभी उपस्थित कार्यसमिति सदस्यों को सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया और हर मोर्चे पर विफल बताया।

## सार-समाचार

### 20 वर्ष से बंद पड़े रास्ते से अतिक्रमण हटाया



**मंडावरी, (निसं)।** उपखंड के बिलोना ग्राम में गुरुवार को जिला कलेक्टर कमर चौधरी के निर्देशों के बाद राजस्व विभाग की टीम एवं मंडावरी थाना पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर करीब बीस वर्षों से बंद पड़े करीब डेढ किलोमीटर लंबे आम रास्ते को अतिक्रमण हटाकर बहाल कराया गया। गुरुवार को का जिला कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों पर तहसीलदार मदन लाल मीणा के नेतृत्व में गिरदावर कमलेश मीणा, छगन लाल मीणा व जिला पटवार संघ के अध्यक्ष सीताराम मीणा, रूप सिंह मीणा मुनकेश कुमार मीणा आदि की राजस्व टीम के एवं मंडावरी थाना अधिकारी रामपाल मीणा व अन्य पुलिसकर्मियों के सहयोग से वर्षों से अतिक्रमण से बंद पडे आम रास्ते को चालू कराया गया। जिला पटवार संघ के अध्यक्ष एवं आम रास्ते से अतिक्रमण हटाकर उसे सुचारू करने को लेकर सीताराम मीणा ने बताया कि बिलोना कलां ग्राम स्थित मेगा हाईवे से बडेखण गांव को जोड़ने वाले आम रास्ते को अतिक्रमणकारियों द्वारा करीब बीस साल से अतिक्रमण कर बंद कर रखा था।

### जन्मदिन पर पौधारोपण किया



**श्रीमाधोपुर।** एसबीएन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके जाट के जन्म दिवस को एसबीएन ग्रुप आफ एजुकेशन श्रीमाधोपुर के निदेशक डॉ. मुकेश बल्डवाल एवं सचिव प्रदीप धायल तथा एसबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य सागर मल चौधरी के सानिध्य में महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण करके जन्म दिवस को मनाया गया। इस अवसर पर एसबीएन ग्रुप आफ एजुकेशन के स्टाफ गण डॉ महेश यादव, श्रवण महला, राजेन्द्र बिजारणियां, झाबर मल चौधरी,प्रवीण कुमार शर्मा, मदनलाल सैनी, कैलाश चन्द्र सैनी, प्रतिक कुमार, जितेन्द्र निठारवाल, एनसीसी सीटीओ सांवर मल चौधरी, एनसीसी जीसीआई अनिता सामोता, रसना सैनी, ममता जाट, मुकेश निठारवाल ने डॉ एसके जाट के जन्म दिवस पर कैक काटकर जन्म दिवस बनाते हुए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**निवाई, (निसं)।** डॉ. अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा संचालित नंद घर पर योजना के तहत ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के तत्वावधान में जयपुर नेत्र चिकित्सालय द्वारा नंदघर प्रथम व आंगनबाडी केंद्र परिसर में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष, किशोरी बालिका व वरिष्ठ नागरिक सहित समुदाय के 75 व्यक्तियों की नि:शुल्क जांच की गई जिसमें 25 मोतियाबिंद, 13 नाखूना, 3 भेंगापन, 10 कालापानी और 24 सामान्य मरीजों की जांचें की गई। इस दौरान डॉ. विकास गुप्ता द्वारा चिकित्सा परामर्श देकर निशुल्क दवाईयां वितरित कर रोगियों को नेत्र ऑपरेशन की सलाह भी दी। जयपुर नेत्र चिकित्सालय से डॉ. विकास गुप्ता, डीआर सैनी, रमेश सेन, घनश्याम शर्मा, ऋषभ जैन, ममता टीम से प्रोग्राम मैनेजर महावीर मीणा, कलस्टर कोऑर्डिनेटर रोडूलाल, अनीता मृदवाल, ललिता जैन, आशा सहयोगिनी निर्मला शर्मा एवं सहायिका ममता बैरवा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर

**निवाई, (निसं)।** बीती रात को अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर ने बाइक सवार के टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया तथा चालक ट्रैक्टर को भगाकर ले गया। लोगों ने गंभीर घायल को सीएचसी में भर्ती करवाया। तथा घटना के बारे में जानकारी दी। थानाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि बुधवार की रात करीब साढे आठ बजे लोगों ने सूचना दी कि अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रोली के चालक तेज गति एवं लापरवाही से ट्रेक्टर चलाकर बाईक सवार प्रमोद मीणा पुत्र प्रभुलाल मीणा निवासी दौलतपुरा लालसोट के टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने उसे सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के लिए रेफर कर दिया।



### राजस्थान शिक्षक संघ की बैठक

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ ( शेखावत) शाखा श्रीमाधोपुर की बैठक आज सीबीआई कार्यालय में संपन्न हुई संगठन के अध्यक्ष बाबूलाल सैनी वह मंत्री शंकरलाल को कर से प्राप्त जानकारी के अनुसार मीटिंग में संगठन के सदस्यता अभियान के तहत अधिकाधिक सदस्य बनाने,विद्यालयों में नामांकन एवम पौधारोपण अभियान सही विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई मीटिंग में झाबर सिंह बिजारणिया, मुरलीधर भांवरिया, लांचर लालचंद घटाला, राजेंद्र प्रसाद सैनी, सूरज सिंह घायल, सत्यनारायण कुमावत आदि अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## एसडीएम मीणा ने सुनी जनसमस्याएं

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत चैनपुरा में गुरूवार को एसडीएम त्रिलोकचंद मीणा द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों के समस्या का मौके पर निस्तारण किया गया। एवं एसडीएम ने पटवारी को जन समस्या के लिए अतिक्रमण, सीमा ज्ञान, नाम संशोधन के लिए निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने श्मशान भूमि के लिए एक बीघा तीन बिस्वा भूमि आवंटित करने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण रामप्रसाद बैरवा, विजेन्द्र बैरवा, रामदयाल, प्रेम, रामरतन, दयाराम गुर्जर, ममता देवी, शंकरलाल शर्मा, नरेन्द्र बैरवा एवं जगदीश नारायण सहित कई ग्रामीणों ने एसडीएम मीणा को बताया कि उक्त भूमि में कई वर्षों से गांव के लोग दाह संस्कार करते आ रहे है। इसलिए उक्त भूमि को श्मशानघाट के लिए आवंटित की जाए। इस सरपंच मदनलाल मीणा, पटवारी धीरेंद्र सिंह, रामकुमार मीणा, ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र धाकड, उपसरपंच विमलेश शर्मा, एएनएम सोनम स्वामी, संतरा मीणा, अनिल चौधरी, वार्ड पंच रामप्रसाद बैरवा, रामलाल मीणा, अशोक स्वामी आदि लोग मौजूद थे।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई का औचक निरीक्षण किया

**चाकसू, (निसं)।** गुरुवार को उपखंड क्षेत्र की 46 ग्राम पंचायतों में जिला कलेक्टर के निर्देश पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित रखा गया जिनमें जिला व उपखंड स्तर के अधिकारियों ने पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी तथा मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए।

जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने कोटखावदा पंचायत समिति के ग्राम पंचायत झापदा कला में जनसुनवाई कार्यक्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा मौके पर लोगों की जनसुनवाई कर समस्याओं का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

राज्य सरकार के निर्देश पर प्रतिमाह प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं का निस्तारण करने का प्रावधान रखा गया है। इसके तहत गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई का कार्यक्रम सभी 46 ग्राम पंचायतों पर रखा गया जिसमें संबंधित उपखंड अधिकारियों सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आवंटित ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई का निरीक्षण किया। इस दौरान कई जगह ग्राम पंचायत भवनो मे ग्राम विकास अधिकारी व सरपंच बैठे पाए गए उन्होंने बताया कि लोगों को प्रथम गुरुवार को जनसुनवाई के बारे में जानकारी नहीं होने के कारण भीड कम रही अगली बार सभी ग्रामवासियों को इस बारे में अवगत करा दिया जाएगा ताकि लोगों की समस्याओं का ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही निराकरण किया जा सके।



जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जनसुनवाई का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## आयुर्वेद हैल्थ एवं वैलनेस सेन्टर पर कार्य करने वाले नर्सेज कर्मियों के भत्ते बढ़ाने की मांग

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान आयुष विभागीय नर्सेज महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश दाधीच बावडी ने राष्ट्रीय आयुष्मान भारत मिशन योजना के निदेशक विजय प्रकाश गौतम को ज्ञापन देकर आयुर्वेद नर्सेज का भत्ता बढ़ाने की मांग की है।

दाधीच ने बतया कि आयुर्वेद हैल्थ एवं वैलनेस सेन्टर पर चिकित्सक को ही सीएचओ बनाया गया है जिन्हें पांच हजार मासिक भत्ता दिया जा रहा है इसी प्रकार एएनएम को दो हजार एवं आशा सहयोगियों को एक हजार मासिक भत्ता दिया जा रहा है जब कि आयुर्वेद नर्सेज को तीन हजार मासिक भत्ता दिया जाना तर्क संगत है पर दुर्भाग्य से एएनएम की बराबर आयुर्वेद नर्सेज को दो हजार मासिक भत्ता दिया जा रहा है जो पद की गरिमा व कार्य की अधिकता के हिसाब से ठीक नहीं है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अनुसार प्रकृति टेस्ट व ब्लड टेस्ट नर्सेज को करना निर्धारित किया गया है। नर्सेज को तीन हजार मासिक भत्ता दिये जाने की पुरजोर मांग की गई है ।

# पावटा की शर्मा कॉलोनी में जल भराव, लापरवाही का आरोप

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के विकास के दावों की पोल खुली गई है। पावटा वार्ड न. 14 शर्मा कॉलोनी में मकानों के बाहर रास्ते में बरसात का दूषित पानी भरा हुआ है। इस दूषित पानी में कई परिवार रहने को मजबूर हो गए हैं।

कॉलोनी से बाहर आने जाने में लोगों को दिक्कतों का सामान करना पड रहा है। आये दिन पानी में लोग फिसलकर गिर रहे हैं। जल भराव व फिसलन की वजह से बच्चे स्कूल नहीं जा नहीं पा रहे हैं। वहीं कई बार शिकायत करने के बाद भी नगरपालिका में सुनवाई नहीं हुई है। जिसको लेकर वार्डवासियों ने पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह को वार्ड की जलभराव समस्या से अवगत करवाया। इस कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने कई बार नगरपालिका के दतर में शिकायत की लेकिन शिकायत के बावजूद भी कोई अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रेंगती बल्कि वार्डवासियों को चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी द्वारा उल्टा जवाब दिया जाता है कि कॉलोनी को कंधे पर उठा लू क्या। जब इस बारे में नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी हरि नारायण से बातचीत करने पर उन्होंने जल्दी ही इस समस्या का समाधान करवाने की बात कहीं। नीरज सैन, पूर्व वार्ड पार्षद विरेन्द्र बंसल, विमल गर्ग, प्रकाश सिंघल, श्यामजी गुरु जी, मीना मित्तल, पूर्व वार्ड पार्षद बनारसी देवी, मीरा देवी, नीरज मित्तल, राजकुमार सैन, महेंद्र यादव, राहुल सिंघल, श्रवण बंसल सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

■ ज्ञापन देकर जल समस्या से निजात दिलाने की मांग

## भामाशाहों को श्रद्धांजलि दी

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत राहोली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। जिसमें विद्यालय विकास में योगदान प्रदान करने वाले भामाशाह भोमाराम चावला व कल्याण अटल को श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्य व पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि भामाशाह भोमाराम चावला मेले व उत्सवों में खिलौने बेच कर अपनी आजीविका चलाते थे। उनकी धर्मपत्नी की मृत्यु के बाद नि:संतान भोमाराम चावला ने अपना सब कुछ बेच कर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली के विद्यार्थियों के लिए एक कमरे का निर्माण करवाया। इसी प्रकार भामाशाह कल्याण अटल ने विद्यालय के कई रूके हुए प्रोजेक्ट्स को आगे बढाने के लिए पहल करते हुए विद्यालय के मुख्य द्वार का निर्माण करवाया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों के साथ स्वर्गीय भामाशाह भोमाराम चावला व कल्याण अटल की आत्मा को शान्ति प्रदान करने के लिए इश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर पीईईओ डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका, व्याख्याता मुकेश कुमार मीणा, गौरीशंकर चौधरी, एवं संरपच प्रतिनिधि राजेन्द्र मीणा सहित कई ग्रामीणों ने भामाशाहों की स्मृति में विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

# प्रशासन शहरों के संग अभियान को लेकर पार्षदों से चर्चा की

**पावटा, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान 2022 को लेकर पावटा पंचायत समिति के सभागार में पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य व पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल की अध्यक्षता में नगरपालिका में 15 जुलाई से शुरू होने वाले प्रशासन शहरों के संग अभियान को लेकर नगरपालिका के पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया।

उपखंडाधिकारी राजवीर सिंह यादव ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर 15 जुलाई से शहरी नगर निकाय में प्रशासन शहरों के संग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में अधिक से अधिक पट्टा के लिए आवेदन कर अपने आवास के पट्टे लेकर सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए आमजन को प्रेरित करने और अधिक से अधिक प्रशासन शहरों के संग अभियान का नगरपालिका इलाके में प्रचार प्रसार करने पर प्रकाश डाला है। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी हरि नारायण यादव ने कहा कि नगरपालिका इलाके में आवासीय पट्टे जारी करवाएं, जिसके लिए पार्षद अपने वार्डों के वाशिंदों को अभियान के प्रति जागरूक करें।

पार्षदगणों से प्रशासन शहरों के संग अभियान में अधिक से अधिक सहयोग कर अहम भूमिका निभाने की बात कही है। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका इलाके में आगामी 15 जुलाई से शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसके लिए वार्ड पार्षदों से चर्चा करते वार्ड के अनुसार कैंप लगाने के लिए जगह निश्चित की गई। वहीं इस दौरान सभी वार्ड पार्षद बैठक के बीच में ही उठकर सभा कक्ष से बाहर चले गए व सभा कक्ष के बाहर बैठ गए व नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने के दौरान वार्ड पार्षदों की मांगों को लेकर दिये लिखित आश्वासन को पूरा करने की मांग की। इस दौरान में प्रस्तावित और स्वीकृत योजनाओं में कोई कार्य नहीं होने, योजनाबद्ध तरीके से सफाई नहीं होने, कर्मचारी द्वारा मनमानी करने, नपा की योजनाओं में भेदभाव करने, जनसमस्याओं को दूर करने की दिशा में गंभीरता नहीं दिखाने, कमीशन व दलाली को खत्म करने की मांग सहित वाइस चेयरमेन नरपत सिंह ने कहाँ कि नगरपालिका में दिन प्रतिदिन बढ रहे भ्रष्टाचार व उस पर अंकुश लगाने, कुछ भ्रष्ट अधिकारियो की जाँच करने व उनके खिलाफ कार्यवाही करने सहित अन्य मुद्दों के बारे में बार-बार अनुरोध करने के उपरान्त भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे जनता को काफी परेशानी का सामना करना पडता है और जनता में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। नगरपालिका द्वारा पार्षदों के वार्डों में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। इससे पार्षदों को वार्डवासियों का गुस्सा झेलना पड रहा है। इस मौके पर वाइस चेयरमेन अशोक सैनी, नरपत सिंह, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, संजय सैन, पूनम पंडित, मोठूराम, राहुल चौहान, धर्मपाल यादव, मुकेश पटवा, संदीप कुमार, कैलाश, रतिराम यादव, गिरधारी लाल शर्मा, पिंटू यादव, महेंद्र वर्मा, सुमन यादव, छोटी देवी, गोकुलचंद, सोहनलाल धानका, पार्षद नेहा मित्तल, कुंदन लाल स्वामी, पार्षद मिंटू शर्मा, पार्षद मुकेश कवर सहित सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे।



वाइस चेयरमैन व वार्ड पार्षद बैठक का बहिष्कार करते हुए।

■ लिखित आश्वाशन को नजरअंदाज करने पर पार्षदों ने किया बैठक का बहिष्कार

# 'सबसे पहले देश फिर पार्टी और अंत में व्यक्ति विशेष यही भाजपा की नीति'

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी जयपुर जिला देहात उत्तर एवं दक्षिण जिला कार्य समिति बैठक में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा हम सभी को गर्व है कि आज हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के साथ जुड़े हुए है। भाजपा विश्व की सबसे बडी राजनीतिक पार्टी ऐसे ही नहीं बनी, यह कार्यकर्ताओं के वर्षों के बलिदान, त्याग और तपस्या का परिणाम है।

■ कर्नल राज्यवर्धन भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर एवं दक्षिण जिला कार्य समिति बैठक में बोले

जिस प्रकार सैनिक स्वयं या व्यक्ति विशेष के लिए बल्कि देश के लिए लड़ता है, जीता है और मरता है ठीक उसी प्रकार भाजपा का कार्यकर्ता भी देश हित के लिए काम करता है। पार्टी की विचारधारा के अनुसार उसके लिए देश सर्वप्रथम है, उसके बाद पार्टी और अंत में व्यक्ति विशेष। कर्नल राज्यवर्धन ने भाजपा के लिए जीने और भाजपा के लिए ही मरने का संकल्प लिया। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा संगठन किसी व्यक्ति के लिए नहीं होता, उसका अपना एक लक्ष्य होता है। भाजपा का लक्ष्य देश सेवा है, इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने नारा दिया है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। अपने देश की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है इसके लिए सबका प्रयास बहुत जरूरी है।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा 2023 के चुनाव की तैयारी एक प्रकार से 2024 के चुनाव की भी तैयारी होगी। हमें अपने लिए नहीं अपने देश और संगठन के लिए काम करना है उसके लिए हर मोर्चे पर लड़ाई जीतना जरूरी है। राजस्थान के वर्तमान हालात और चौपट कानून व्यवस्था पर गहलोत सरकार को आडे हाथो लेते हुए कर्नल राज्यवर्धन ने कहा गहलोत सरकार की तुष्टिकरण की नीति के चलते सलमान चिश्ती जैसे लोग धमकी भरे वीडियो वायरल करते हैं और पुलिस उन्हें बचाने का काम करती है यह सरकार के इशारे पर ही हो सकता है।



सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बैठक में कार्यकर्ताओं से संवाद किया।



पिछले (2018 गोल्ड कोस्ट) राष्ट्रमंडल खेलों में हमने सात स्वर्ण सहित 16 पदक सिर्फ निशानेबाजी में जीते थे। इस बार हमें इसकी कमी खलेगी लेकिन इन खेलों में हमारे 215 खिलाड़ी भाग ले रहे है और हमें उम्मीद है कि वे अपनी स्पर्धाओं में अच्छा करेंगे। – अनुराग ठाकुर

केंद्रीय खेल मंत्री, राष्ट्रमंडल खेलों को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** **महेन्द्र सिंह धोनी**



**भारतीय** क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने गुरुवार को अपना 41वां जन्मदिन मनाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने "कैप्टन कूल" के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देते हुए कहा, उस शख्स को जन्मदिन की बधाई, जिसकी खेल की समझ और चुनौतियों से निपटने के तरीके बेजोड़ हैं। आपके आत्मविश्वास और सामने से नेतृत्व करने के रवैये ने हमें विश्वास दिलाया कि टीम इंडिया कोई भी मैच जीत सकती है। आपके अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों की कामना करता हूँ।

**क्या आप जानते हैं ?...** मेजबान ब्राजील ने 1950 के विश्वकप फुटबाल के आयोजन के लिए रियो-डी-जेनेरो में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जिसमें दर्शक क्षमता 2,20,000 थी।

# विम्बलडन फाइनल में पहुंची जब्योर



लंदन, 7 जुलाई। ट्यूनीशिया की ओन्स जब्योर गुरुवार को जर्मनी की टटजाना मारिया को हराकर विम्बलडन 2022 के फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बन गयीं। तीसरी सीड जब्योर ने मारिया को सेंटर कोर्ट में हुए सेमीफाइनल मुकाबले में 6-2, 3-6, 6-1 से शिकस्त दी। जब्योर ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाली पहली ट्यूनीशियाई, पहली अरब और पहली अफ्रीकी महिला बन गयी हैं। वह 2020 के फरवरी में शीर्ष 50 में पहुंचने के बाद से अपने देश और क्षेत्र के लिए रिकॉर्ड स्थापित कर रही हैं। अपने पिछले 24 मैचों में से 22 में जीत हासिल कर चुकीं जब्योर अब विश्व का सबसे पुराना ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से सिर्फ एक कदम दूर हैं।

# गावस्कर ने कहा, गेंद को जल्दी खेलने की कोशिश कर रहे हैं विराट कोहली



नयी दिल्ली, 7 जुलाई। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को लगता है कि विराट कोहली की स्विंग से निपटने के लिये गेंद को जल्दी खेलने की रणनीति उलटी पड़ गयी और इंग्लैंड की परिस्थितियों में उनकी सलाह हमेशा यही रहेगी कि जितना हो सके, गेंद को उतना देर से खेलो।

कोहली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शतक जड़े हुए ढाई साल से ज्यादा हो गये है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुए पांचवें टेस्ट में 11 और 20 रन बनाये जिसमें भारत को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। गावस्कर ने 'स्पोर्ट्स टुडे' पर कहा, "इंग्लैंड में खेलने का तरीका है कि गेंद को जितना देर से हो, उतना देर से खेलो। इससे आप गेंद को अपना काम करने दोगे और फिर इसके बाद ही खेलोगे। मैंने 'हाईलाइट' में जो भी थोड़ा बहुत देखा है, उससे लग रहा था कि कोहली गेंद तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे और गेंद को जल्दी खेलने का प्रयास कर रहे थे। "

उन्होंने साथ ही कहा कि कोहली को 2018 में इंग्लैंड में सफलता मिली थी क्योंकि वह गेंद को काफी देर से खेल रहे थे। गावस्कर ने कहा, "इसलिये वह 2018 की तरह खेलते नहीं दिख रहे जिसमें वह ऑफ स्टंप के पास काफी देर से खेलते हुए दिख रहे थे। उन्हें लगता है कि कोहली इस नयी रणनीति को शायद इसलिये आजमा रहे हैं क्योंकि हाल के वर्षों में उनकी फॉर्म में गिरावट आयी है और वह रन नहीं जुटा पा रहे। ऐसे समय में खिलाड़ी प्रत्येक गेंद को खेलने की कोशिश करता है और अकसर खतरे में पड़ जाता है।

उन्होंने कहा, "यह उनका मुद्दा हो सकता है क्योंकि वह रन नहीं बना पा रहे हैं। जब आप फॉर्म में नहीं होते तो आप लगभग हर गेंद को खेलने की कोशिश करते हो और रन बनाने की कोशिश में हर गेंद को हिट करना चाहते हो। शायद वह इस चीज पर ध्यान दे सकते हैं। हालांकि गावस्कर को लगता है कि कोहली का भाग्य भी साथ नहीं दे रहा।

उन्होंने कहा, "लेकिन वह जो पहली गलती कर रहे हैं, वह उनकी अंतिम गलती साबित हो रही है। शायद इस समय भाग्य भी उनका साथ नहीं दे रहा। गावस्कर ने कहा, "मुझे लगता कि निश्चित रूप से आप थोड़ी योजना बनाते हो, मन में थोड़ी कल्पना करते हो कि अगले दिन गेंदबाज क्या करेगा। इसलिये आप क्रीज के बाहर रह सकते हो,

लेकिन आप बल्लेबाजी में एक पूर्वनिर्धारित योजना के साथ जा रहे हो, जिसका मतलब है कि गेंदबाज को सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी करनी होगी, जिसकी आप उम्मीद कर रहे हो। उन्होंने कहा, "लेकिन अगर वह उस लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी नहीं करता तो आप मुश्किल में हो। गावस्कर ने कहा, "क्रिकेट खेल हमेशा स्वाभाविक प्रतिक्रिया के बारे में है। आप गेंदबाज की ताकत को समझने के लिये अतिरिक्त तैयारी कर रहे हो लेकिन आखिर में यह स्वाभाविक प्रतिक्रिया से खेलने वाला खेल है। "

# नडाल, किर्गियोस सेमीफाइनल में

लंदन, 7 जुलाई। ऑस्ट्रेलिया के बैड ब्वाय निक किर्गियोस ने चिली के क्रिस्टियन गारिन को बुधवार को एकतरफा अंदाज में लगातार सेटों में 6-4, 6-3, 7-6(5) से हराकर विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

किर्गियोस 2005 के यूएस ओपन में लेटन हेविट के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी बने हैं। किर्गियोस ने यह मुकाबला दो घंटे 13 मिनट में जीता। 27 वर्षीय किर्गियोस का सेमीफाइनल में दूसरी सीड स्पेन के राफेल नडाल से मुकाबला होगा जो अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर आ रहे हैं। नडाल ने बुधवार को हुए मुकाबले में फ्रिट्ज को 3-6, 7-5, 3-6, 7-5, 7-6(10-4) से मात दी।

22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल दूसरे सेट में मेडिकल टाइमआउट के लिए कोर्ट से बाहर चले गए थे। वह चार घंटे, 20 मिनट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पेट की समस्या से जूझते हुए भी दिखाई दिए, लेकिन यह उन्हें जीतने से नहीं रोक सका। पहले सेट में हारने के बाद नडाल ने अपनी आक्रामकता को बढ़ाया और 10-4 के साथ टाइब्रेकर को जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## चोट के कारण राफेल नडाल के सेमीफाइनल खेलने पर संशय

लंदन, 7 जुलाई। स्पेन के शीर्ष खिलाड़ी राफेल नडाल ने निक किर्गियोस के साथ होने वाले सेमीफाइनल से पहले कहा है कि पेट की चोट के कारण उनके खेलने पर संशय है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज के खिलाफ मुकाबले में नडाल पेट की चोट के कारण लगभग मुकाबले से बाहर हो गये थे, लेकिन उन्होंने अंततः 3-6, 7-5, 3-6, 7-5, 7-6(10-4) से जीत दर्ज की। नडाल ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मैं आपको (सेमीफाइनल खेलने पर) स्पष्ट जवाब नहीं दे सकता क्योंकि अगर मैंने आपको स्पष्ट जवाब दिया और कल कुछ और होता है, तो मैं झूठा बन जाऊंगा। मैं ऑल इंग्लैंड क्लब में आगे खेलने का फैसला करने से पहले कुछ परीक्षणों से गुजरूंगा।" दो बार के विम्बलडन विजेता नडाल को चोट के कारण दूसरे सेट में मेडिकल टाइम-आउट भी लेना पड़ा था, लेकिन उन्होंने अंततः चार घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की।

## सेमीफाइनल में बार हुए सानिया, पाविक

लंदन, 7 जुलाई। भारतीय टेनिस दिग्गज सानिया मिर्जा और उनके क्रोएशियाई साथी मेट पाविक विंबलडन मिश्रित युगल सेमीफाइनल में नील स्कूपस्की और डेजीरे क्राविजक की ब्रिटिश-अमेरिकन जोड़ी से हारकर दुनिया के सबसे पुराने ग्रैंड स्लैम से बाहर हो गये।

स्कूपस्की- क्राविजक ने सानिया और पाविक को बुधवार को 6-4, 5-7, 4-6 से शिकस्त दी। सानिया पहली बार विम्बलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंची थीं। वह तीन बार (2011, 2013 और 2015) क्वार्टरफाइनल में बाहर हो चुकी हैं।

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सानिया ने 2009 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2012 फ्रेंच ओपन और 2014 यूएस ओपन सहित तीन मिश्रित युगल खिताब जीते हैं। उन्होंने महज 17 साल की उम्र में रूस की एलिसा क्लेबानोवा के साथ विम्बलडन का महिला युगल खिताब जीता था। वह ऐसा करके ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी थीं।

## सानिया ने पत्र लिखकर विम्बलडन को कहा अलविदा

लंदन, 7 जुलाई। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अपने करियर के आखिरी विम्बलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में हारकर बाहर होने के बाद गुरुवार को विश्व के सबसे पुराने ग्रैंड स्लैम आयोजन को अलविदा कहा। सानिया ने इंस्टाग्राम का रुख करते हुए कहा, "खेल आपसे बहुत कुछ ले लेता है... मानसिक तौर पर, शारीरिक तौर पर, भावनात्मक तौर पर.... जीतना और हारना... घंटों तक मेहनत करना और मुश्किल हारों के बाद रात भर जागना, लेकिन वह आपको बदले में इतना कुछ देता है जो काफी अन्य नौकरियां नहीं दे सकतीं।

# भारत ने श्रीलंका को किया क्लीन स्वीप

पल्लेकेल, 7 जुलाई। भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (75) और पूजा वस्त्रकर (56) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से श्रीलंका को तीसरे एकदिवसीय मैच में 39 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की।

भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका के सामने 50 ओवर में 256 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में श्रीलंका सिर्फ 216 रन पर ऑल आउट हो गयी। भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 49 रन, यस्तिका भाटिया ने 30 रन और पूजा वस्त्रकर ने 56 रन बनाये।कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सर्वाधिक 75 रन की पारी खेली। 88 गेंदों की अपनी पारी में उन्होंने सात चौके और दो छक्के लगाये।

श्रीलंका की ओर से कप्तान चमारी अटापट्टू, रश्मी डि सिल्वा और इनोका राणावीरा ने दो-दो विकेट लिये, जबकि कविशा दिलहारी, ओशदी राणासिंहे और अमा कंचना को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

भारत के 255/9 का जवाब देने उतरी श्रीलंका की ओर से कप्तान अटापट्टू ने पारी की शुरुआत करते हुए 41 गेंदों पर आठ चौकों सहित 44 रन की पारी खेली। इसके अलावा हसिनि परेरा 39 रन और निलाक्षी डि सिल्वा ने 48 रन बनाये। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सका और श्रीलंका 47.3 ओवर में 216 रन पर सिमट गयी।

## वेस्टइंडीज टी-20 श्रृंखला से बाहर रह सकते है कोहली

मुंबई, 7 जुलाई। भारतीय क्रिकेट टीम के शीर्ष बल्लेबाज विराट कोहली को वेस्ट इंडीज दौरे की एकदिवसीय श्रृंखला के बाद टी20 श्रृंखला के दौरान भी आराम दिया जा सकता है। क्रिकबज ने गुरुवार को कहा कि कोहली ने चयनकर्ताओं, टीम प्रबंधन और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अनुरोध किया है कि उन्हें वेस्ट इंडीज दौरे के लिये टीम में शामिल न किया जाए। क्रिकबज ने कहा कि कोहली के अलावा अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिये टीम में वापसी करेंगे। अश्विन टी20 विश्व कप 2021 में टीम का हिस्सा रहे थे लेकिन पिछले सात महीनों से उन्होंने एक भी अंतरराष्ट्रीय सीमित मुकाबला नहीं खेला है, हालांकि राहुल द्रविड़ के कोच बनने के बाद अश्विन को सूचित किया गया था कि टीम को उनके "अनुभव और कौशल" की जरूरत है।

# सिंधु, प्रणय मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में

कुआलालंपुर, 7 जुलाई। पूर्व विश्व चैंपियन और भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु ने गुरुवार को चीन की झांग यी मान को हराकर मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

सिंधु ने यी मान को 21-12, 21-10 से हराने के लिये सिर्फ 28 मिनट लिये। क्वार्टरफाइनल में सिंधु का मुकाबला चीनी ताइपे की दूसरी सीड खिलाड़ी ताइ ज़ू यिंग से होगा।आमने-सामने के मुकाबलों में सिंधु-यिंग का रिकॉर्ड 5-16 का है। सिंधु ने अपने चीनी प्रतिद्वंद्वी को 2019 के बाद से एक बार भी नहीं हराया है। पिछले हफ्ते हुए मलेशिया ओपन क्वार्टरफाइनल में भी यिंग ने सिंधु को मात दी थी। इसी बीच, थॉमस कप विजेता एचएस प्रणय ने चीनी ताइपे के वांग ज़ू वेई को 21-19, 21-16 से हराकर सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। वह अब जापान के कांता सुनेयामा का मुकाबला करेंगे। अन्य मैचों में परुपल्ली कश्यप और बी साई प्रणीत अपने-अपने मुकाबले हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये। कश्यप को इंडोनेशिया के एंथनी गिनटिंग से 10-21, 15-21 की हार मिली जबकि चीन के ली शी फेंग ने प्रणीत को 21-14, 21-17 से हराया।

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम फैरो आइलैंड से 2-4 से हारी

नयी दिल्ली, 7 जुलाई। भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम को गुरुवार को नार्वे के स्ट्रोमेन में फैरो आइलैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें निर्धारित समय में गोल नहीं कर सकीं जिससे मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। भारत ने शुरू में दो कॉर्नर हासिल किये लेकिन शैलजा का क्रास प्रतिद्वंद्वी टीम के डिफेंस ने रोक दिया।

भारतीय टीम का यूरोप का यह दौरा आगामी अंडर-17 विश्व कप की तैयारियों का हिस्सा है जिसकी मेजबानी भारत करेगा। तीस मिनट से ज्यादा का समय हो चुका था और भारत को एक फ्री किक मिली जिस पर डिफेंडर नाकेटा ने शॉट लगाया लेकिन प्रतिद्वंद्वी टीम की गोलकीपर ने आसानी से इसे लपक लिया।

कुछ मिनट बाद लिंडा कोम सर्टो ने जगह बनाने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहीं। नीतू लिंडा ने रिबाउंड पर शॉट लगाया लेकिन यह सीधा गोलकीपर के पास गया। कोच थॉमस डेनरबी ने हाफ टाइम के ब्रेक के बाद कुछ बदलाव किये। काजोल डिसूजा और रेजिया देवी ने नेहा और शैलजा की जगह ली।

## अदालत ने आईपीएल में नीलामी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

बेंगलुरु, 7 जुलाई। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों की नीलामी को चुनौती देने वाली एक याचिका खारिज कर दी है। जनहित याचिका में दावा किया गया था कि खिलाड़ियों की नीलामी अमानवीय है और मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है।

## वारविकशायर ने एजबस्टन टी-20 में नस्लवाद से निपटने के लिए कमर कसी

बर्मिंघम, 7 जुलाई। भारत और इंग्लैंड के बीच इस हफ्ते संपन्न पांचवें टेस्ट के दौरान दर्शकों पर नस्ली बर्ताव के आरोपों को देखते हुए वारविकशायर एजबस्टन में दोनों टीम के बीच होने वाले दूसरे टी20 के दौरान 'अंडरकवर स्पॉटर्स' (दर्शकों के बीच घुले मिले कर्मचारी) तैनात करेगा। काउंटी ने गुरुवार को यह घोषणा की।

भारत के कई समर्थकों ने पांचवें टेस्ट के दौरान अन्य प्रशंसकों पर नस्ली दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। इंग्लैंड ने यह टेस्ट सात विकेट से जीतकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। क्लब ने बयान में कहा, "दुर्व्यवहार पर नजर रखने और तुरंत कार्रवाई के लिए इसकी जानकारी देने के इरादे से फुटबॉल की तरह अंडरकवर स्पॉटर्स को पूरे स्टेडियम में तैनात किया जाएगा। "

नस्ली दुर्व्यवहार से निपटने के लिए वारविकशायर ने कई कदमों की घोषणा की। वारविकशायर का मुख्यालय एजबस्टन में है। अन्य कदमों में किसी भी तरह की घटना से निपटने के लिए अधिक संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी, एजबस्टन मोबाइल ऐप के जरिए नस्लवाद को लेकर जागरूकता पैदा करना, एरिक होलीस स्टैंड में प्रत्येक सीट पर 'क्यूआर' कोड स्टिकर लगाना जिससे लोगों को ऐप के साथ जोड़ा जा सके, कर्मचारियों की जैकेट पर शून्य सहिष्णुता के संदेश और प्रशंसकों को एरिक होलीस स्टैंड में कलाई पर शून्य सहिष्णुता के बैंड पहनकर आने के लिए प्रेरित करना शामिल है।

## राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने जा रही है ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम : लानिंग

सिडनी, 7 जुलाई। आस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लानिंग का कहना है कि पांच बार की टी20 विश्व कप विजेता टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार शामिल हुए महिला क्रिकेट में स्वर्ण पदक जीतने के पक्के इरादे से जा रही है। राष्ट्रमंडल खेलों में 24 साल के अंतराल के बाद क्रिकेट की वापसी होगी। पहली बार महिला क्रिकेट इन खेलों का हिस्सा होगा। लानिंग ने एएपी से कहा," हम वहां स्वर्ण जीतने जा रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं है।" आस्ट्रेलिया को पहले मैच में 29 जुलाई को भारत से खेलना है। आस्ट्रेलिया ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान और बारबाडोस के साथ है। हमने एक टीम के रूप में इस पर बात की है कि हम बेहतर प्रदर्शन कैसे कर सकते हैं। क्रिकेट 1998 कुआलालम्पुर राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा था जिसमें शॉन पोलाक की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका टीम ने स्टीव वॉ की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम को चार विकेट से हराया था।


कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4901853

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा **आवास संख्या- 8/L/248** इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 67.500 वर्ग मीटर का आवंटन श्री राधेश्याम गर्ग पुत्र श्री बद्री लाल गर्ग को किया गया था। जिसका आवंटन कम कब्जा पत्र क्रमांक 211 दिनांक 11.04.2011 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 10.08.2011 को प्राप्त कर लिया गया। श्री राधेश्याम गर्ग की मृत्यु दिनांक 28.03.2015 को हो जाने के पश्चात उनके दत्तक पुत्र श्री संदीप कुमार गर्ग पुत्र स्व. श्री राधेश्याम गर्ग के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, हकत्याग पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री संदीप कुमार गर्ग पुत्र स्व. राधेश्याम गर्ग** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर



**राजस्थान आवासन मण्डल वृत प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक: 4948 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 05.07.2022

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 163/183 (LIG) का आवंटन श्रीमती माला चटर्जी पत्नी श्री एस.सी. चटर्जी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3959 दिनांक 21.03.2001 को जारी किया गया था। श्रीमती माला चटर्जी द्वारा श्री रविन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह को दिं. 11.12.2006 को मुख्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री रविन्द्र सिंह द्वारा श्रीमती माला चटर्जी के पक्ष में पंजीयन निष्पादन दिं. 29.07.2009 को करवाया गया। श्री रविन्द्र सिंह द्वारा मुख्यारआम की हैसियत से पंजीयन पश्चात् उक्त आवास का विक्रय कर श्री उम्मेद सिंह सिसोदिया पुत्र श्री दलपत सिंह सिसोदिया को दिं. 27.10.2009 विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री उम्मेद सिंह सिसोदिया के द्वारा उक्त आवास को श्रीमती भावना कंवर पत्नी श्री धर्मवीर सिंह को दिनांक 07.02.2011 को विक्रय कर विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती भावना कंवर के द्वारा उक्त आवास को श्री प्रकाश चन्द जैन पुत्र श्री कपूर चन्द जैन को दिं. 12.12.2011 को विक्रय कर विक्रय पत्र उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री प्रकाश चन्द जैन की मृत्यु दिनांक 20.07.2015 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री भूपेन्द्र जैन पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द जैन द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अत: उक्तआवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री भूपेन्द्र जैन पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द जैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

**भवदीय**
**संपदा प्रबंधक, वृत प्रबंधक, राज. आवा. मंडल, जयपुर**



कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4901853

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा **आवास संख्या- 4-ज-32** जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 260.00 वर्ग गज का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 2298 दिनांक 21.010.1995 श्री विनय चन्द धांधिया के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 08.01.1996 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री विनय चन्द धांधिया की मृत्यु दिनांक 06.11.2019 को हो जाने के पश्चात उनके वारिस उत्तराधिकारियों श्रीमती कुसुम जैन, श्रीमती नीतू सेठिया, श्रीमती सरोज धांधिया के द्वारा श्री चिराग धांधिया पुत्र स्व. श्री विनय चन्द धांधिया के पक्ष में अपने-अपने हिस्से का हक त्याग कर दिया गया। श्री चिराग धांधिया पुत्र स्व. श्री विनय चन्द धांधिया के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र श्री सागर सभानी पुत्र श्री मुकेश सभानी व श्रीमती रितीका सभानी पत्नी श्री सागर सभानी को कर विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, प्रथम में दिनांक 02.05.2022 को करवाया गया। श्री सागर सभानी पुत्र श्री मुकेश सभानी व श्रीमती रितीका सभानी पत्नी श्री सागर सभानी के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री सागर सभानी पुत्र श्री मुकेश सभानी व श्रीमती रितीका सभानी पत्नी श्री सागर सभानी** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर



**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1701-02 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-07.07.2022

श्रीमती इंदिरा देवी पंसारी पत्नी श्री ओमप्रकाश पंसारी जाति महाजन निवासी वार्ड नं. 17 चौपड बाजार, श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.17 चौपड बाजार (खंदा) श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में जानकीनाथ जी मंदिर की दुकान, पश्चिम दिशा में मधुसूदन कयाल की दुकान, उत्तर दिशा में चौपड बाजार (खंदा) व दक्षिण दिशा में मंदिर श्री सत्य नारायण भगवान परिसर अवस्थित है। | दुकान व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम उत्तरी भुजा 10 फुट 7 इंच, दक्षिणी भुजा 10 फुट, उत्तर से दक्षिण 26 फुट कुल क्षेत्रफल 27.555 वर्गगज या 24.70 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 07.07.2022 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर**



**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1698-99 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-07.07.2022

(1) चन्द्रप्रकाश सोनी पुत्र श्री रामविलास (2) श्रीमती शोभादेवी पत्नी श्री चन्द्र प्रकाश सोनी (3) ललित सोनी पुत्र श्री रामविलास सोनी (4) श्रीमती चन्दा सोनी पत्नी श्री ललित सोनी जाति सोनी निवासी वार्ड नं. 17 सीकर बाजार श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.17 सीकर बाजार श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में रामावतार गोकूलका की दुकान, पश्चिम दिशा में ओम प्रकाश होदवाले की दुकान, उत्तर दिशा में मैन सीकर बाजार व दक्षिण दिशा में ओगजी होदवाले का नोहरा व मकान अवस्थित है। | दुकान व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 13 फुट 10 इंच, व उत्तर से दक्षिण 34 फुट 3 इंच कुल क्षेत्रफल 52.63 वर्गगज या 44.02 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 07.07.2022 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर**



**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1995-96 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-07.07.2022


(1) श्री रामविलास पुत्र श्री गुलकन्दराम सोनी (2) श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी श्री रामविलास जाति सोनी निवासी वार्ड नं. 17 सीकर बाजार श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.17 सीकर बाजार श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में हरिनारायण कूलवाल की दुकान, पश्चिम दिशा में रामावतार गोकूलका की दुकान, उत्तर दिशा में मैन सीकर बाजार व दक्षिण दिशा में दुर्गाप्रसाद गोकूलका का मकान अवस्थित है। | दुकान व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 10 फुट व उत्तर से दक्षिण 35 फुट कुल क्षेत्रफल 38.88 वर्गगज या 32.52 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 07.07.2022 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर**


# मनप्रीत ने कहा, राष्ट्रमंडल खेलों में हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार



नयी दिल्ली, 7 जुलाई। राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष हॉकी में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है लेकिन भारतीय टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह का मानना है कि हाल के दिनों में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम का मनोबल काफी बढ़ा है और इन खेलों में किसी भी वह चुनौती से निपटने के लिए तैयार है।

मनप्रीत ने राष्ट्रमंडल खेलों की किट (पोशाक) अनावरण और खिलाड़ियों के विदाई समारोह के इतर कहा कि टीम ने पिछले चार-पांच वर्षों में काफी कड़ी मेहनत की है और अब किसी भी परिस्थिति में खिलाड़ी खुद पर दबाव हावी नहीं होने देते। उन्होंने कहा, "कुछ साल पहले तक हमारी टीम आखिरी के कुछ मिनटों में गोल खा जाती थी लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। हम शीर्ष टीमों को आखिरी मिनटों तक टक्कर देते आ रहे हैं।"

राष्ट्रमंडल खेलों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के खराब रिकॉर्ड के बारे में पूछे जाने पर मनप्रीत ने कहा, "हमने काफी समय से उनके खिलाफ नहीं खेला है। उन्होंने भी लगभग एक साल से नहीं खेला है लेकिन हमारी तैयारी पूरी है। हमें ऑस्ट्रेलिया को 'डी' के आसपास आने से रोकना होगा। हम इस बार अपने रिकॉर्ड को सुधारने की कोशिश करेंगे।" राष्ट्रमंडल खेलों में 1998 में हॉकी को शामिल किये जाने के बाद हर बार ऑस्ट्रेलिया ही टीम चैंपियन रही है। ऑस्ट्रेलिया ने दिल्ली (2010) और ग्लासगो (2014) राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भारत को बड़े अंतर से पराजित किया। इन खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन यही दो रजत पदक है।

इस बार भारतीय टीम पूल बी में मेजबान इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना की टीमों के साथ है। उन्होंने कहा, " पूल चरण में हमें इंग्लैंड से कड़ी चुनौती मिलेगी लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान जैसी टीमों से मुकाबला हो सकता है और हम हर तरह की चुनौती से तैयार है। हम हर टीम की मजबूत और कमजोर पक्ष को देखकर रणनीति बनाने है।" तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद टीम से उम्मीदें काफी बढ़ गयी है और मनप्रीत ने कहा कि खिलाड़ी अब खुद का दबाव को हावी नहीं होने देते है।

उन्होंने हाल के प्रो लीग मैचों के विदेशी चरण का हवाला देते हुए कहा, "हमारी टीम की फिटनेस काफी अच्छी है और हमने विदेशी परिस्थितियों में बेल्जियम और नीदरलैंड को कड़ी टक्कर दी। इन मैचों में आखिरी मिनट ही नहीं आखिरी सेकंड तक टीम ने जी-जान लगाये रखा।"


**कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)**

Email ID: lalsot.jaipur@yahoo.com Ph. 01431-260714

प्ररूप-13 (नियम-13(2) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका लालसोट**

क्रमांक-न.पा.ला./क्र.भू.रू./2022/2024 दिनांक-07.07.2022

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में यह लाया गया है कि नगर पालिका क्षेत्र, लालसोट के निम्न खसरा नम्बर में स्थित भूमि या उसके भाग का 17 जून 1999 के बाद की कालावधि से गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम,1956 की धारा 90-क की उपधारा (8) के अधीन पर्यवसित किए जाने के दायी है।

| क्र.सं. | खसरा नम्बर व राजस्व ग्राम | रकबा (बीघा बिस्वा) | 90 क हेतु प्रस्तावित रकबा (बीघा बिस्वा) | सुओमोटो हेतु प्रस्तावित रकबा के खातेदार का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 4517/160 लालसोट | 0.17 | 0.17 | रज्जो देवी पत्नि राधामोहन, संतोष देवी पत्नि रमेश चंद भिवाल, हंसराज पुत्र मोतीलाल |

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना प्रकाशन की तारीख से 7 दिवस के भीतर कारण बताएं कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाए और इसलिये क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्ति निहित किया जा सके। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 07.07.22 को जारी की जाती है।

**नोट**- संबंधित खातेदार इस लोक सूचना को व्यक्तिगत तालीम भी समझे व कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका लालसोट में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

प्राधिकृत अधिकारी
(अधिशाषी अधिकारी)
नगर पालिका लालसोट

# भारत अगले वर्ष लद्दाख अथवा कश्मीर में जी-20 समिट आयोजित करेगा?

## चीन और पाकिस्तान लद्दाख में जी-20 मीटिंग कराए जाने पर कड़ा ऐतराज जता रहे हैं

नई दिल्ली, 7 जुलाई। अगले साल जी-20 की मीटिंग के एक हिस्सा का आयोजन लद्दाख में भी हो सकता है। भारत जी-20 की बैठकों के लिए न सिर्फ जम्मू-कश्मीर बल्कि लद्दाख को भी संभावित वेन्यू के तौर पर देख रहा है। इसे भारत की तरफ से चीन को सख्त और दो टूक संदेश के तौर पर देखा जा सकता है। चीन ने जम्मू-कश्मीर में जी-20 मीटिंग कराए जाने को लेकर ऐतराज किया है। खास बात यह है कि अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर के दो केंद्रशासित प्रदेशों- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के तौर पर बंटवारे के बाद यहां पहली बार कोई अन्तर्राष्टीय शिखर सम्मेलन होगा।

भारत 2023 में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले समूह की कई बैठकों की मेजबानी करेगा। इसके लिए कई वेन्यू पर विचार किया जा रहा है,

■ **भारत के इस कदम को, चीन को उसी की भाषा में जवाब देने का एक तरीका माना जा रहा है। दरअसल भारत का मानना है कि, चीन भी भारत के हितों की कभी परवाह नहीं करता इसलिए भारत को भी चीन की भावनाओं और हितों की परवाह करने की कोई जरूरत नहीं है।**

जिनमें जम्मू-कश्मीर भी शामिल है। चीन और पाकिस्तान ने लद्दाख में जी-20 समिट आयोजित करने के कदम का विरोध किया है। भारत ने अगले वर्ष जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन जम्मू कश्मीर अथवा लद्दाख में किये जाने संबंधी रिपोर्टों पर चीन एवं पाकिस्तान की आपत्तियों को आज दरकिनार कर दिया।

विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में सवालों के जवाब में कहा, भारत इस वर्ष 2022 में जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। अगले वर्ष शिखर सम्मेलन एवं मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अलावा जी-20 के कई सम्मेलन देश के विभिन्न भागों में आयोजित किये जाएंगे।

चीन ने लद्दाख और पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर में जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन की रिपोर्टों पर विरोध जताया है। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उन्होंने दलाई लामा को फोन किया और उनके जन्मदिन की बधाई दी।

इसे प्रधानमंत्री की तरफ से सामान्य शिष्टाचार का प्रदर्शन नहीं माना जाना चाहिए। पी.एम. ने पिछले वर्ष से ही दलाई लामा को बधाई देना शुरू किया है। एक तो तिब्बती आध्यात्मिक गुरु को फोन करने और ऊपर से इसकी सार्वजनिक घोषणा करने के पीछे मकसद चीन की दुखती रग को छेड़ना ही है। चीन दलाई लामा को अलगाववादी मानता है। इस कारण एल.ए.सी. पर तनाव के बाद से भारत सरकार दलाई लामा से सार्वजनिक संपर्क साधने से बचती रही है। लेकिन जब चीन ने पारस्परिक संवेदनाओं, एक-दूसरे के हितों और चिंताओं की परवाह नहीं की तो भारत उसे उसकी भाषा में जवाब देना लाजिमी समझ रहा है।

# ठाणे नगर निगम के 67 में से 66 पाषर्दों ने शिंदे गुट जॉइन किया

मुंबई, 7 जुलाई। उद्धव ठाकरे के हाथ से महाराष्ट्र की सत्ता गई, फिर सामने आई पार्टी बचाने की चुनौती। अब उनके लिए अपना गढ़ भी बचाना नामुमकिन हो गया है।

एकनाथ शिंदे के महाराष्ट्र की सत्ता संभालने के दो दिन के अंदर ही ठाणे भी उद्धव ठाकरे के हाथ से निकल गया है। महानगरपालिका के 66 पार्षद एकनाथ शिंदे के साथ खुलकर आ गए हैं। इन पार्षदों ने शिंदे से मुलाकात की और इसके बाद ऐलान किया कि वो शिवसेना के शिंदे खेमे का समर्थन कर रहे हैं। पार्षदों के साथ मुख्यमंत्री शिंदे की कई तस्वीरें भी सामने आई हैं।

ठाणे को एकनाथ शिंदे का गढ़ माना जाता है। यहीं से उन्होंने आनंद दिघे के संपर्क में रहकर सियासत सीखी और पहली बार 1997 में शिवसेना के पार्षद बने।

अब शिवसेना के उद्धव ठाकरे खेमे का ठाणे पर से भी कब्जा छूट गया है। महानगरपालिका में 67 पार्षद हैं। अब 66 के शिंदे कैंप में जाने के बाद सिर्फ एक पार्षद ही उद्धव खेमे में बचा है।

# करौली में दुकानदार व खरीददार के बीच मारपीट: बाजार में भगदड़ मची

## बाजार बंद हुए, स्कूलों में बच्चों की छुट्टी हुई

करौली, 7 जुलाई (निसं.)। एक समुदाय के युवकों और एक दुकानदार के बीच खरीदारी को लेकर हुई मारपीट से शहर के बाजारों में भगदड़ सी मच गई। मारपीट में दुकानदार पक्ष के दो जने घायल हो गए। जिनका सामान्य चिकित्सालय में उपचार चल रहा है लेकिन झगड़े और भगदड़ की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत मौके पर पहुंचकर दुकानें खुलवाई शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए और पुलिस ने दिनभर फ्लैग मार्च किया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को प्रात: 11:30 बजे के करीब शहर के भूडारा बाजार स्थित एक वर्ग की दुकान पर दूसरे समुदाय के तीन चार जने लोहे का फावड़ा आदि सामान खरीदने आए। उसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और बात मारपीट तक पहुंच गई। एक समुदाय के लोगों और दुकानदार के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें दुकानदार भसीम

■ **शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात।**

पुत्र रफीक और उसका पिता रफीक चोट लगने से लहूलुहान हो गए। उधर दोनों पक्षों के बीच हुए झगड़े से बाजार में एक साथ भगदड़ सी मच गई और पूरे शहर की दुकानें बंद हो गई। शहर के बाजार बंद की सूचना पर सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में भी बच्चों की छुट्टी कर दी। स्कूलों से बालकों को लाने के लिए अभिभावकों में हड़बड़ी मच गई।

इधर जिला कलैक्टर अंकित कुमार सिंह और जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस को घटना की सूचना मिलते ही दोनों ही अधिकारी तत्परता से पुलिस बल के साथ शहर के बाजारों में पहुंच गए और घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पूरे शहर में पैदल एवं वाहनों से घूम कर बाजारों को खोलने की दुकानदारों से अपील की गई। इसके अलावा अफवाओं पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं देने और शांति बनाए रखने के लिए कहा गया। कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश चंद्र मीणा व कई थाना अधिकारी भारी पुलिस जाब्ते के साथ शहर में पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गठित जिला स्पेशल टीम ने 3 लोगों को हिरासत में लिया बाकी लोगों की पुलिस तलाश में जुटी है। इसके उपरांत जिला कलैक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घायलों की कुशलक्षेम पूछते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूरणमल वर्मा से बात की। उधर झगड़े में घायल रफीक पुत्र बशीर अहमद ने कोतवाली पर तीन चार जनों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

ज्ञात रहे कि गत 2 अप्रैल को हुए सांप्रदायिक तनाव के बाद शहर में चहल-पहल शुरू हुई मगर गुरुवार को दुकानदार और खरीददारों के बीच हुए छोटे से झगड़े से शहर का माहौल एक साथ अफवाहों में बदल गया।

# प्रदेश के आधे से ज्यादा जिलों में फिर करोना संक्रमण फैला

## राज्य में गुरूवार को 20 जिलों में 154 नए संक्रमित मिले हैं

जयपुर, 7 जुलाई। प्रदेश में तीसरी लहर के बाद फिर करोना संक्रमण आधे से ज्यादा जिलों में फैल गया है। इसके चलते गुरूवार को राज्य के 20 जिलों में 154 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं राज्य में एक मरीज की मौत भी हुई है। इस बीच प्रदेश में रिकवरी कम होने से ऐक्टिव केस बढ़कर साढ़े नौ सौ के करीब पहुंच गए हैं।

प्रदेश में गुरूवार को 154 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले बुधवार को 164 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी में थोड़ी गिरावट के बाद 47 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 27, बीकानेर, 16, अजमेर 11, अलवर 9, भीलवाडा 7, सिरोही 6, उदयपुर व नागौर में 5-5, दौसा 4, हनुमानगढ व टोंक में 3-3, राजसमंद, चूरू व बाड़मेर में 2-2 तथा भरतपुर, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, गंगानगर और झालावाड़ में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 13 जिलों बांसवाड़ा, बारां, बूंदी, धौलपुर, जैसलमेर, जालोर,

■ **सबसे ज्यादा 47 नए मरीज जयपुर में मिले हैं।**

■ **प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से एक मरीज की मौत हो गई है, जबकि एक्टिव केस बढ़कर 945 हो गए हैं।**

झुंझुनूं, करौली, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, सवाई माधोपुर और सीकर में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में गुरूवार को भी रिकवरी में कमी आई है। इस दौरान राज्य में 120 मरीज ठीक हुए हैं।

इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 945 हो गए हैं। राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 363 रोगियों का इलाज चल रहा है। वहीं जोधपुर में 142 जबकि बीकानेर में 104 ऐक्टिव केस मौजूद है।

उधर प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में बीकानेर में करोना से एक मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ ही जिले में अब तक इस बीमारी से 590 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। राज्य में करोना से अब तक 9570 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में आज सबसे ज्यादा 6 नए संक्रमित मानसरोवर में मिले हैं। इसके अलावा सांगानेर में 5, विद्याधर नगर में 4, मालवीय नगर, जवाहर नगर व दुर्गापुरा में 3-3, आमागढ़, अजमेर रोड, बैनाड रोड, सिविल लाइंस, गांधीनगर, गुर्जर की थड़ी, हवा सड़क, जगतपुरा, जनता कॉलोनी, कानोता, खातीपुरा, लालवास, महेश नगर, निर्माण नगर, प्रताप नगर, राजापार्क, शास्त्री नगर और सीतापुरा में 1-1 नया मरीज मिला है। इसके अलावा 5 मरीजों का पता गलत निकला है। जिले में गुरूवार को 50 मरीज ठीक हुए हैं।

# वीवो के दो उच्च अधिकारी देश से फरार हुये

नई दिल्ली, 7 जुलाई (वार्ता)। भारत ने चीनी मोबाइल कंपनी वीवो के ठिकानों पर जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर चीनी दूतावास के बयान को खारिज करते हुए आज कहा कि देश में काम करने वाली किसी भी विदेशी कंपनी को भारत के कानून मानने होंगे। ई.डी. के छापों के बाद वीवो के दो उच्च अधिकारी देश से फरार हो गये हैं।

■ **जैसा कि विदित है कि, गत मंगलवार को ई.डी. ने वीवो के 40 ठिकानों पर एक साथ छापामारी की थी।**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में वीवो मोबाइल कंपनी के कामकाज एवं जांच एजेंसियों की कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर कहा, यहां काम करने वाली कंपनियों को देश का कानून मानना होगा। हमारी कानूनी एजेंसियां देश के कानून के हिसाब से कदम उठा रहीं हैं। वीवो कंपनी के दो निदेशकों के भारत से फरार होने के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि हमें सरकारी एजेंसियों से ऐसी कोई सूचना नहीं है।

# सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया

## जैसा कि विदित है कि, सांसद महुआ मोइत्रा ने स्वयं को मां काली का भक्त बताते हुये कहा था कि, काली माता मांसाहारी हैं व मद्यपान भी करती हैं

नई दिल्ली, 7 जुलाई (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध देवी काली मां के बारे में टेलीविजन पर चर्चा के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर दिल्ली पुलिस में गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई।

दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष राजन तिवारी और प्रवक्ता हरीश खुराना ने नई दिल्ली जिला के पुलिस उपायुक्त के समक्ष तीन पृष्ठों के शिकायती पत्र के साथ फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई के खिलाफ लोगों की धार्मिक भावनाएं भड़काने के इरादे से बयान देने, शब्दों और चित्रों के माध्यम से किसी धर्म, जाति, भाषाई या क्षेत्रीय समूह के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण बात करने और लोगों की धार्मिक आस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 295, 505 (2), 509, 153 (ख) और 120 ख के तहत संसद मार्ग थाने में मामला दर्ज कर, दोनों के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह किया है।

■ **इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने ''काली'' फिल्म की निर्माता लीना मणिमेकलाई के खिलाफ भी धार्मिक भावनायें भड़काने का मामला दर्ज किया है।**

शिकायत में भाजपा के नेताओं ने दोनों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम धारा 66 और 67 के तहत ही लोगों की भावनाएं भड़काने के आरोप में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उन्होंने शिकायती पत्र के साथ देवी काली पर लीना मणिमेकलाई द्वारा निर्मित वृत्त चित्र के प्रचार सामग्री (पोस्टर) का उस पृष्ठ की छायाचित्र भी पुलिस को दी है जिसमें काली मां का आपत्तिजनक चित्र भी शामिल है।

भाजपा नेताओं ने कहा है कि लीना नामक महिला की काली मां के इस तरह के चित्रण पर व्यापक निंदा हो रही है। शिकायती पत्र में यह भी कहा गया है कि आजकल बहुत से उग्रपंथी संगठनों को भारत में साम्प्रायिक सौहार्द में खलल डालने के लिए विदेशों से धन मिल रहा है। दिल्ली भाजपा के लेटर हेड पर लिखी शिकायत में पुलिस से मांग की गयी है कि वह अपनी साइबर टीम के माध्यम से सोशल मीडिया पर इस पोस्टर के प्रसार में लगे लोगों की पहचान उजागर करें और सोशल मीडिया पर काली मां के उस पोस्टर के प्रसार को तत्काल रोका जाए। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा कि 'एक पोस्टर' को लेकर दिल्ली पुलिस को शिकायत मिली थी....इसमें प्रथम दृष्ट्या धारा 153ए/295ए का मामला देखते हुए पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने एक मामला दर्ज किया है।

## अमेरिका का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हैरिस का समर्थन करेंगे। और अगर चुनाव रोन डीसैन्टिस, जो रिपब्लिकन हैं तथा कमला हैरिस के बीच हो तो उस स्थिति में 39 प्रतिशत लोग हैरिस के तथा 37 प्रतिशत लोग डीसैन्टिस को वोट देंगे।

## संयुक्त ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के दस महीने बाद भी अजय मिश्रा टेनी को निर्लज्जतापूर्वक केन्द्रीय मन्त्रियमंडल में रखे जाने का भी विरोध कर रहा हैं।

एस.के.एम. द्वारा घोषित विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं-अग्निपथ भर्ती योजना के खिलाफ 7 से 14 अगस्त तक पूरे देश में ''जय जवान, जय किसान'' सम्मेलन, एम.एस.पी. की गारंटी के विश्वासघात के खिलाफ 500 जिलों में ''चक्का जाम'' तथा किसान हत्याकांड को लेकर गृह राज्य मन्त्री अजय मिश्रा टेनी के बर्खास्त किये जाने से सकार के इनकार के खिलाफ लखीमपुर खीरी में 18 से 20 अगस्त तक 75 घंटे का विशाल धरना।

## राजनाथ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उपस्थित रहने की सम्भावना हैं।

एक अन्य प्रैस-विज्ञप्ति में, रक्षा मन्त्रालय ने का है कि सेना भर्ती कार्यालय मुम्बई 20 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक थाणे जिले के मुम्ब्रा नामक स्थान पर सेन्य भर्ती करेगा। यह भर्ती कौसा वैली के अब्दुल कलाम अज़ाद स्टेयिम में होगी।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीन सप्ताह तक चलने वाली इस भर्ती प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य महाराष्ट्र के युवाओं के लिये रोजगार सृजित करना, उन्हे भारतीय सेना के हिस्से के रूप में, मातृभूमि की सेवा करने का सुअवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हे एक गरिमापूर्ण जीवन बिताने का अवसर देना हैं।

## हाई कोर्ट ने रीट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कोऑर्डिनेटर'' घोषित किया गया था और प्रदीप पाराशर ने 2011, 12, 15 और 19 में परीक्षा आयोजित करने का अनुभव हासिल कर लिया था।

इस पर ए.बी.वी.पी. के वकील ने कहा कि, पिछले वर्षों में प्राइवेट पार्टी को जयपुर में को आर्डिनेटर घोषित किये जाने से गलत को सही कैसे साबित नहीं किया जा सकता है। जयपुर के अलावा सभी जिलों में ए.डी.एम. ही कोऑर्डिनेटर थे।

अदालत ने एस.ओ.जी. की जांच में संतुष्ट होते हुए कहा कि वह केवल आरोपी की तर्ज पर जांच को दिशा नहीं दे सकती है। उन्होंने कहा कि एस.ओ.जी. ने इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है और आगे भी करेगी। अदालत ने पेपर लीक मामले में एस.ओ.जी. को स्वत: जांच जारी करने के आदेश दिये और कहा कि वह इस मामले में सारी जांच को दिशा देने के लिए आदेश नहीं देगी। अदालत ने कहा कि अगर इस मामले में कोई नया तथ्य सामने आता है, तो वह उसे जरूर सुनेगी। एस.ओ.जी. द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को अदालत ने बंद लिफाफे में रिकॉर्ड पर लिया है और साथ ही डी.पी. जारोली से पूछताछ के दौरान दिये गये बयान को भी रिकॉर्ड पर ले लिया है। भर्ती-2011 लैवल-1 को भी खारिज करने से संबंधित कई अन्य मामलों को अदालत ने 25 तारीख को सुनने का फैसला किया है। ए.बी.वी.पी. के वकील आयुष मल ने कहा कि उनके द्वारा दायर याचिका से अदालत से प्रार्थना की गई थी की वह मामला सी.बी.आई. जांच के लिए दिया जाए और साथ ही रीट भर्ती 2021 लेवल-1 परीक्षा को भी रद्द कर दिया जाये, जिसमें सरकार कई नियुक्तियां कर चुकी है। उन्होंने कहा कि 25 तारीख के बाद वे अदालत के सी.बी.आई. को जांच नहीं सौंपने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका पेश करेंगे।

# नैशनल हाई स्पीड रेल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आदेश माना जा रहा है, जिसमें सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टिगेशन (सी.बी. आई.) को निर्देश दिए गए थे कि वह अग्निहोत्रि के रेल विकास निगम लिमिटेड (आर.वी.एन.एल.) के चेयरमैन कम मैनेजिंग डॉयरैक्टर के नौ वर्ष के कार्यकाल के दौरान एक प्राइवेट कंपनी से सांठगांठ के आरोपों की जांच करे। आर.वी.एन.एल. रेल मंत्रालय का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। लोकपाल कोर्ट की जस्टिस अभिलाषा कुमारी ने सी.बी.आई. को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे कि क्या अग्निहोत्रि के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम 1988 के तहत कोई मामला बनता है तथा इस संबंध में भारतीय लोकपाल के दफ्तर में छह माह के भीतर या 12 दिसम्बर 2022 के पूर्व जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

गत वर्ष सितम्बर माह में दर्ज एक शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आर.बी.एन.एल. के दो पूर्व अधिकारी अग्निहोत्रि और आर.बी.एन.एल. के पूर्व निदेशक (वित्त) ने अपने पद का दुरूपयोग कर नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (एन.ई.सी.एल.) की एक सहायक कंपनी मैसर्स कृष्णापटनम रेल कंपनी लिमिटेड (के.आर.सी.एल.) नामक एक निजी कंपनी को अनाधिकृत रूप से 11 सौ करोड़ (16 सौ करोड़ रूपए ब्याज सहित) डायवर्ट किए। शिकायत में कहा गया था कि इससे राजकोष को भारी हानि हुई। यह आरोप लगाया गया था कि अग्निहोत्रि ने डिपार्टमैंट ऑफ पब्लिक एन्टरप्राइज़ेज (डी.पी.ई.) और द सैन्ट्रल विजीलैंस कमीशन (सी.वी. सी.) की गाइडलाइन्स का उल्लंघन कर एन.ई. सी.एल. को आर.वी.एन.एल. के बड़े कॉन्ट्रैक्ट्स दिलवाए। यह भी आरोप लगाया गया था कि सेवानिवृत्ति बाद की नौकरियों में अनिवार्य कूलिंग ऑफ पीरियड़ के सरकारी नियमों का उल्लंघन कर अग्निहोत्रि व अन्य अधिकारियों को लेन-देन कर एन.ई.सी.एल. में हद से अधिक वेतन और सुविधाएं दी गईं। शिकायत में आरोप लगाया गया कि जब उनके पुत्र एक अलग प्राइवेट फर्म में नौकरी में थे तब अग्निहोत्रि न रिश्वत के रूप में ''वाइट'' में भारी धन राशि ली, जबकि उक्त दोनें ही कंपनियां आर.वी. एन.एल. की कन्सलटैंट के रूप में कार्यरत थीं।

अन्य आरोपों में कहा गया कि अग्निहोत्रि ने अपनी पुत्री की एन.ई.सी.एल. में नौकरी लगवा दी और स्वयं के एन.ई.सी.एल. छोड़कर प्रबंध निदेशक के रूप में एन.एच.एस.आर. सी. एल. जॉइन करने के बावजूद निजी कंपनी से आवास सुविधा व अन्य लाभ जारी रखे।

शिकायतकर्ता ने दोनों अधिकारियों पर परफोर्मैंस रिलेटेड पे (पी.आर.पी.) में जोड़-तोड़ के आरोप भी लगाए। पी.आर.पी. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में प्रपेज्य है। इसके परिणामस्वरूप उन्होंने एक करोड़ रूपए से अधिक की राशि ली। लोकपाल बैंच ने अपने आदेश में डी.पी.ई. से अनुरोध किया कि वह निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए अपनी पी.आर.पी. नीति पर पुनर्विचार करे। आदेश की एक कॉपी रिव्यू के लिए रेल मंत्रालय और डी.पी.ई. को फॉरवर्ड की गई। आर.वी.एन.एल. के पूर्व निदेशक (वित्त) के संदर्भ में, जिन्हें प्रतिवादी सरकारी सेवक-2 कहा गया है, बैंच ने टिप्पणी की कि कोई अग्रिम कार्रवाई अपेक्षित नहीं है क्योंकि सांठगांठ के आरोपों की पर्याप्त साक्ष्य ऑन रिकॉर्ड मौजूद नहीं है।

# बोरिस जॉनसन ने इस्तीफा देने का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के आम चुनाव में अपनी पार्टी को जबरदस्त बहुमत दिलाया था तथा जिसने अभी पिछले महीने ही कहा था कि उनका इरादा 2030 के दशक में भी इस पद पर अपनी सेवाएं देने का है, वह अन्त बड़ी बदनामी वाला अंत है।

अभी पिछले सप्ताह ही, जॉनसन मैड्रिड के नाटो सम्मेलन के समापन भाषण की तैयारी कर रहे थे। वे इस आठ दिन तक चले सम्मेलन के बाद, बड़े उत्साहपूर्ण एवं प्रसन्न नजर आ रहे थे। उन्होंने उनके साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों द्वारा उनकी घरेलू अनबन के बारे में पूछे गये प्रश्नों की अनदेखी कर दी थी तथा कहा था कि इस समय उनका पूरा ध्यान रूस-यूक्रेन युद्ध में, यूक्रेन को सहयोग उपलब्ध करने की कोशिशों पर है।

वे स्वयं की छवि को एक ऐसे ताकतवर वैश्विक नेता के रूप में प्रस्तुत करना चाहते थे, जो दबंग लोगों का सामना करना तथा जरूरतमंद लोगों की मदद करना चाहता है।

कन्जर्वेटिव पार्टी का क्रोध पिछले सप्ताह उस समय बहुत बढ़ गया, जब प्रधानमंत्री ने एक सांसद, क्रिस पिंचर को फरवरी में सरकार में एक वरिष्ठ पद दे दिया, जबकि 2019 में उसके अनुचित व्यवहार के लेकर एक विधि शिकायत दर्ज की जा चुकी थी। पिंचर के बारे में तथा उसके व्यवहार के बारे में सब जानते हुये, उनका पद बदले जाने से प्रधानमंत्री की ईमानदारी तथा न्यायप्रियत के बारे में नये-नये सवाल उठने लगे। फरवरी 2020 में, जॉनसन ने सुनक को चांसलर ऑफ द एक्सचैकर नियुक्त कर दिया था, जो कैबिनेट में उनका प्रथम पूर्ण पद था।

सुनक पूर्ण डिफेंस सैक्रेटरी पेनी मॉर्डोंट तथा फॉरेन सैक्रेटर सैक्रेटरी लिज़ ट्रस-दोनों की संयुक्त पसंद हैं। जहाँ पेनी मॉर्डोंट महामारी-काल में बहुत लोकप्रिय हो गये थे क्योंकि व्यवसायों तथा श्रमिकों की मदद के लिये 10 अरब पॉउन्ड जैसी बहुत बड़ी रकम की व्यवस्था की थी, वहीं लिज़ ट्रस्ट सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के ज़मीनी नेताओं के पसंदीदो व्यक्ति हैं तथा वैबसाइट ''कन्जर्वेटिव होम'' द्वारा किये गये पार्टी सदस्यों के सर्वे में लगातार शीर्ष पर रहे हैं।

सुनक, जिनका निक-नेम ''डिशी'' ऋषि है, अपनी पत्नी के नॉम-डॉम-टैक्स स्टेट्स उनके स्वयं के अमेरिकन ग्रीन कार्ड को लेकर स्वयं को थोड़ा पीछे महसूस कर रहे थे। इसके अलावा, उनके बारे में यह आमधारणा भी की थी कि वे ब्रिटेन के कॉस्ट ऑफ लिविंग संकट पर प्रतिक्रिया देने में बहुत समय लगाते हैं।

मदिरा-सेवन नहीं करने वाले सुनक पर कोविड लॉकडाउन का विरोध करने तथा डाउनिंग स्ट्रीट सभा में भाग लेने के कारण जुर्माना भी हुआ था।

ऋषि सुनक के दादा-दारी पंजाब से इंग्लैंड गये थे। उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति इन्फोसिस के संस्थापक एन.आर. नारायणमूर्ति की पुत्री हैं तथा ऋषि एवं अक्षता दो पुत्रियों के माता-पिता हैं। ऋषि और अक्षता की मुलाकात विद्यार्थी जीवन कैलिफोर्निया में हुई थी।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल अन्य दावेदार हैं- पूर्व विदेश सचिव जैरेमी हंट, रक्षा मंत्री बेन वालेस, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद तथा वित्त मंत्री नदीम ज़हावी।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908